Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित


**सबसे तेज 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बने फुटबॉलर मेसी ने रच दिया इतिहास**

देश

**सड़क हादसे में बाल-बाल बचीं सुप्रिया सुले, हाइवे पर कार ने मारी टक्कर, बताई...**

Page 09




मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, शतभिषाण, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 11 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 158 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,39,650 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1998 : भारत ने 24 साल पहले स्माइलिंग बुद्धा टेस्ट के बाद से पोखरण -2 परमाणु हथियार परीक्षण शुरू किया था।**

**2000 : जनसंख्या घड़ी के मुताबिक भारत की जनसंख्या एक अरब पहुंची। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में जन्मी 'आस्था' भारत का एक अरबवाँ बच्चा बना।**

## न्यूज बाइट्स

### परिवहन विभाग बनेगा रोजगार का बड़ा जरिया बनेंगे चार्जिंग स्टेशन

**शेखपुरा (नि.सं.)** । शेखपुरा। राज्य के नए परिवहन मंत्री दामोदर राऊत ने कहा है विभाग को रोजगार का बड़ा साधन बनाया जाएगा। इसके लिए दीर्घकालीन रूपरेखा बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होने राज्य में सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को भविष्य का विकल्प बताते हुए कहा सभी प्रमुख मार्गों पर सरकार चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। चार दिन पूर्व परिवहन मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने घर जमुई के गिद्दौर जा रहे दामोदर राऊत रविवार को शेखपुरा में पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कही। तिरमुहानी दुर्गा मंदिर में मंत्री ने मत्था भी टेका। शेखपुरा के सर्किट हाउस सहित कई स्थानों पर जदयू तथा एनडीए के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसमें शेखपुरा के विधायक तथा जदयू के जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सोनी, विजय कुमार सिंह, जयदेव कुमार, रेणु सिंह सहित कई महिला नेत्री भी शामिल हुईं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद में बीजेपी की रैली के दौरान कहा

# पेट्रोल-डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा, मेट्रो और वर्क फ्रॉम होम अपनाएं

**एजेंसी** | हैदराबाद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल बेहद संयम के साथ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी क्षेत्रों में चल रहे युद्ध और अंतरराष्ट्रीय संकटों के कारण दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। हैदराबाद में भारतीय जनता पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े भंडार नहीं हैं और देश को अपनी जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करना पड़ता है। ऐसे में ऊर्जा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना समय की मांग है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन शहरों में मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध है, वहां नागरिकों को निजी वाहनों के बजाय मेट्रो का अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की बचत होगी और यातायात दबाव भी कम होगा। उन्होंने कोरोना काल के दौरान अपनाई गई व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वर्क फ्रॉम होम जैसी प्रणालियां आज भी देशहित में उपयोगी साबित हो सकती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि संभव हो तो कार्यालयों और संस्थानों को दोबारा ऐसी व्यवस्थाओं को अपनाने पर विचार करना चाहिए, ताकि ईंधन की खपत कम हो सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की हालिया चुनावी सफलताओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि असम में भाजपा सरकार ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर इतिहास रचा है। इसके साथ ही पुडुचेरी में भी भाजपा-एनडीए गठबंधन की सरकार दोबारा बनी है। उन्होंने कहा कि इन जीतों के बाद तेलंगाना के लोगों में भी बदलाव की भावना दिखाई दे रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा था कि पार्टी ने डीएमके के साथ विश्वासघात किया है। हैदराबाद की रैली में उन्होंने ऊर्जा संरक्षण, आर्थिक चुनौतियों और राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा।


### पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर क्या कहा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पाद विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल करेंगे तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय बड़े ऊर्जा संकट से गुजर रही है और पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने चिंता और बढ़ा दी है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग बहुत सोच-समझकर करें। उन्होंने कहा कि इससे न केवल विदेशी मुद्रा बचेगी बल्कि युद्ध और वैश्विक संकट का असर भी कम होगा।

# सम्राट सरकार का प्रशासनिक फेरबदल, 16 आईपीएस और 12 आईएएस अधिकारियों का तबादला

- **लंबे समय बाद उन्हें दोबारा फील्ड पोस्टिंग मिलने को अहम माना जा रहा है।**

**निज संवाददाता** | पटना




बिहार में सम्राट सरकार ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईपीएस और 12 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार ने कानून-व्यवस्था, आर्थिक अपराध, साइबर अपराध और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण विभागों में बदलाव किए हैं। इस फेरबदल में चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को दोबारा फील्ड पोस्टिंग दी गई है, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय में लंबे समय से तैनात कुछ अधिकारियों को भी हटाया गया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को मगध रेंज का पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। इससे पहले वह बिहार राज्य योजना परिषद में सलाहकार के पद पर कार्यरत थे। लंबे समय बाद उन्हें फिर से फील्ड की जिम्मेदारी दिए जाने को प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। विकास वैभव वर्ष 2023 में तत्कालीन डीजी शोभा अहोटकर के साथ विवाद को लेकर भी काफी चर्चा में रहे थे। उस विवाद के बाद उन्हें लंबे समय तक प्रतीक्षा सूची में रखा गया था और बाद में दूसरे विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं, नैयर हसनैन को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) से हटाकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। आर्थिक अपराध इकाई की जिम्मेदारी अब अमित जैन को सौंपी गई है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। सरकार ने विशेष शाखा, तकनीकी सेवाएं, आर्थिक अपराध और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भी बदलाव किए हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले 2005 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार रवि और चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री कार्यालय से हटा दिया गया है। कुमार रवि को अब स्वास्थ्य विभाग का सचिव बनाया गया है। पिछले वर्ष जब नीतीश कुमार विधायक फ्लैटों का निरीक्षण करने पहुंचे थे, तब कुमार रवि ही उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रहे थे। इसके अलावा 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद किशोर को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से हटा दिया गया है। हालांकि वह बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। सरकार के इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल को आगामी चुनौतियों और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि कानून-व्यवस्था, वित्तीय निगरानी और प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करने के लिए यह बदलाव किए गए हैं।

### अमित कुमार जैन को मिली आर्थिक अपराध इकाई की जिम्मेदारी

अमित कुमार जैन को आर्थिक अपराध इकाई में नई जिम्मेदारी मिली है। 1994 बैच के आईपीएस डॉ. परेश सक्सेना को महानिदेशक-सह-आयुक्त, असैनिक सुरक्षा बनाया गया है। निर्मल कुमार आजाद को पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) की जिम्मेदारी दी गई है। 1996 बैच के प्रमांशु कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, विधि-व्यवस्था बनाया गया है।

### पुलिस महानिदेशक बने नैयर हसनैन

नैयर हसनैन खान को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। कमल किशोर सिंह को रेल विभाग का एडीजी बनाया गया है। 1997 बैच के अजीताभ कुमार को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एवं आधुनिकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, संजय सिंह को बजट, अपील एवं कल्याण विभाग का एडीजी बनाया गया है और उन्हें सुरक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# 8463 पैक्स बनेंगे ग्रामीण विकास के नए मॉडल



**पटना(नि.सं.)**। बिहार सरकार अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। राज्य के 8463 पैक्सों को केवल ऋण वितरण तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और बहुउद्देशीय संस्थानों के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार डेयरी गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ अब मत्स्य पालन को भी व्यवसाय के तौर पर प्रोत्साहित करने की तैयारी में है। नई सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर विशेष फोकस कर रही है। इसके लिए व्यापक एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द लागू किए जाने की संभावना है। योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान, गेहूं समेत अन्य अनाजों की खरीद, कृषि ऋण वितरण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी जाएगी। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने अधिकारियों के साथ अपनी पहली समीक्षा बैठक में पैक्सों को मजबूत बनाने और उन्हें आय सृजन करने वाली इकाइयों में बदलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पैक्सों को उद्यमी संस्थाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

# बिहार में विजिलेंस विभाग खत्म, निगरानी संवर्ग के सभी अधिकारी बिहार पुलिस में होंगे शामिल

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए बिहार निगरानी अन्वेषण संवर्ग को समाप्त करने का फैसला लिया है। सरकार के इस निर्णय के बाद निगरानी विभाग में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी), पुलिस निरीक्षक और पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को गृह विभाग के अधीन बिहार पुलिस के संबंधित संवर्ग में समायोजित किया जाएगा। राज्य सरकार ने यह फैसला बिहार पुलिस एक्ट 2007 के प्रावधानों के अनुरूप लिया है। सरकार का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में एकरूपता लाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना बताया जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार, निगरानी अन्वेषण संवर्ग के डीएसपी स्तर के अधिकारियों को बिहार पुलिस सेवा में उनके प्रथम योगदान की तिथि से समायोजित किया जाएगा।

वहीं पुलिस निरीक्षक और पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के अधिकारियों, विशेष रूप से वर्ष 2014 और 2023 बैच से जुड़े कर्मियों को बिहार पुलिस के समकक्ष पदों पर शामिल किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस फैसले का अधिकारियों की सेवा अवधि, अनुभव और नियुक्ति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनकी सेवा को निरंतर माना जाएगा। हालांकि वरीयता निर्धारण के मामले में उन्हें संबंधित बैच के बिहार पुलिस अधिकारियों की अंतिम रैंक के बाद स्थान दिया जाएगा। यानी बिहार लोक सेवा आयोग और बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की अनुशंसा सूची में उन्हें अंतिम क्रम के बाद जोड़ा जाएगा। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से निगरानी और पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। अलग संवर्ग की व्यवस्था समाप्त होने से प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बन सकेंगी। गृह विभाग ने इसे पुलिस प्रशासन में संरचनात्मक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।





**BAYC Institute** स्थापित 1972

**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

**डॉक्टर बनें** एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com


### पटना मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन अगस्त में होगा शुरू

**पटना (नि.सं.)** । पटना मेट्रो जल्द ही शहर के पांच स्टेशनों पर दौड़ती नजर आएगी। सीएमआरएस (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी) के निरीक्षण के बाद अब सिर्फ अंतिम हरी झंडी का इंतजार है। इसी बीच खेमनीचक और मलाही पकड़ी के बीच बनने वाला पटना मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन तेजी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि, शुरुआती संचालन के दौरान यहां मेट्रो का ठहराव नहीं होगा। अधिकारियों के मुताबिक, अगस्त तक स्टेशन का निर्माण पूरा होने की संभावना है। इसके बाद यह स्टेशन पटना मेट्रो के दोनों प्रमुख कॉरिडोर को आपस में जोड़ने का काम करेगा।

### विजय बने तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री



**चेन्नई (तमिलनाडु) (नि.सं.)**। तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) प्रमुख और अभिनेता से राजनेता बने सी. जोसेफ विजयने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विजय ने सुबह करीब 10:15 बजे तमिल भाषा में शपथ ग्रहण किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### फुलवरिया डैम के समीप से दो बाइकों पर लदे 210 लीटर चलाई शराब जब्त,अभियुक्त फरार,जांच जुटी उत्पाद पुलिस

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के समीप से उत्पाद बलों ने दो बाइकों पर लदे 210 चुलाई महुआ शराब को बरामद किया है,जबकि शराब धंधेबाज पकड़ से बाहर रहे। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आलोक में रविवार की रात्रि को की गई है। एक तरफ बिहार-झारखंड के सीमावर्ती जंगली क्षेत्रों में शराब निर्माण और भंडारण का कार्य धड़ल्ले से जारी है। वहीं दूसरी ओर उत्पाद पुलिस कार्रवाई करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच चौकी पर तैनात उत्पाद बलों के द्वारा आसपास के क्षेत्र में भी गश्त कर कार्रवाई की जाती है,जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। गुप्त सूचना के आलोक में फुलवरिया डैम रोड में सिंगर मोड़ के समीप उत्पाद बलों ने दो बाइक पर लदे बोरे में रहे प्लास्टिक की थैलियों से कुल 210 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया है। जब्त बाइकों में होंडा शाइन बाइक संख्या बीआर27सी0740 एवं एक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के हीरो बाइक शामिल है। उन्होंने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे फरार अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उत्पाद बल अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह के साथ गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।

### छतनी गांव के युवक पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के जंगली क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला करने और एससी-एसटी एक्ट के तहत फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान छतनी गांव निवासी रूपलाल यादव के पुत्र विकास यादव के रूप में हुई है। छतनी निवासी राजेंद्र रजक के पुत्र पवन कुमार ने थाना में लिखित आवेदन दिया था। पवन कुमार ने बताया था कि बीते 3 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे वह अपने बड़े भाई पंकज कुमार के साथ घर में खाना बनाने के लिए जंगल से सूखी लकड़ी लेकर लौट रहा था। इसी दौरान भलुआही गांव के पास विकास यादव, उसका भांजा रोहित कुमार और अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडे और लात-घूंसों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पंकज कुमार लहूलुहान हो गया,जबकि डरकर पवन कुमार झाड़ी में छिप गया। आरोपियों ने पंकज कुमार को मारपीट करते हुए जातिसूचक गालियां दीं और घसीटते हुए जंगल की ओर ले गए। पवन ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर रूप से घायल पंकज को जंगल किनारे नाले के पास से बरामद किया। उसे इलाज के लिए रजौली अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि प्राथमिकी अभियुक्त विकास यादव गांव में है। पुलिस बलों के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार विकास यादव को मेडिकल जांच के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है एवं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### डीआरएम ने राघोपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**सुपौल**। समस्तीपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ज्योति प्रकाश मिश्रा ने रविवार को राघोपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। करीब 26 मिनट तक स्टेशन परिसर में मौजूद रहकर उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, स्टेशन संचालन और विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। डीआरएम के राघोपुर पहुंचते ही स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन परिसर, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, पेयजल व्यवस्था, बैठने की सुविधा, साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां भी कमियां नजर आईं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। स्टेशन परिसर में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन शिलापट्ट के आसपास गंदगी देखकर डीआरएम ने नाराजगी जताई और स्टेशन अधीक्षक को सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने स्टेशन और रेल सेवा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को डीआरएम के समक्ष प्रमुखता से रखा तथा मांग पत्र सौंपा। समाजसेवी उमेश गुप्ता और वार्ड पार्षद स्मृति कुमारी ने राघोपुर स्टेशन के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-106 पर बने रेलवे ओवरब्रिज के बाद ढाला बंद होने से आम लोगों को हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ढाला बंद होने के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, व्यवसायियों और ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। साथ ही नगर पंचायत सिमराही दो हिस्सों में विभाजित हो गया है और ओवरब्रिज पर पैदल आवाजाही की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए वहां लाइट ओवरब्रिज निर्माण की मांग रखी गई। मौके पर उमेश गुप्ता, मयंक गुप्ता, संत अमरजीत, सागर यादव, स्मृति कुमारी, प्रशांत वर्मा, गुड्डू गुप्ता, अमित यादव सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस सभागार में एसपी ने की क्राइम मीटिंग

**किशनगंज**। पुलिस सभागार में रविवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने जिले के थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग आयोजित की। बैठक दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई, जो देर शाम तक चली। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन एवं कानून व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एसपी संतोष कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता अपेक्षित है तथा सीमा से सटे चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान नियमित रूप से चलाया जाए। एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुस्त कार्यशैली अपनाने वाले थानाध्यक्ष अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि खराब प्रदर्शन करने वालों पर विभागीय कार्रवाई तय है। बैठक में थाना परिसरों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, थाना पहुंचने वाले पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से लेने तथा आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि थाना में आवेदन देने आने वाले किसी भी व्यक्ति को शिकायत का अवसर नहीं मिलना चाहिए। क्राइम मीटिंग में वारंटियों की गिरफ्तारी, लंबित कांडों का निष्पादन, कुर्की-जप्ती की कार्रवाई, वाहन चेकिंग अभियान एवं अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में एसडीपीओ टू मंगलेश कुमार सिंह, डीएसपी ट्रैफिक राजेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर राजा, कोचाधामन थानाध्यक्ष रंजय कुमार, ठाकुरगंज सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार पंत, ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुनील कुमार, गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### सौभाग्यवती स्त्रियों के लिए होता है वटसावित्री व्रत

**सुपौल**। गोसपुर निवासी पंडित आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि इस वर्ष वट सावित्री व्रत 16 मई, शनिवार को मनाया जाएगा। इस बार यह पर्व शनैश्चरी अमावस्या के दुर्लभ संयोग में पड़ रहा है, जिसे अत्यंत शुभ और फलदायी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिन विधि-विधान से पूजन करने पर सौभाग्यवती स्त्रियों एवं नव दंपतियों को समस्त मनोरथों की प्राप्ति होती है। आचार्य मिश्र ने बताया कि व्रत, पर्व और त्योहारों की परंपरा हमारे प्राचीन ऋषि-महर्षियों एवं विद्वानों द्वारा स्थापित की गई है। ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या को मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। देशभर में महिलाएं पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ यह व्रत करती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक करने से पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और संतान सुख की प्राप्ति होती है।उन्होंने वट सावित्री व्रत की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि भद्र देश के निःसंतान राजा अश्वपति ने अपनी पत्नी के साथ सावित्री देवी का व्रत और पूजन किया, जिसके फलस्वरूप उन्हें एक तेजस्वी कन्या की प्राप्ति हुई।कन्या आगे चलकर सावित्री कहलायी। युवावस्था में सावित्री ने महाराज द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान को अपने पति के रूप में चुना।

# टोटो में चढ़ते वक्त महिला का सोने का चेन उड़ा, दो शातिर महिला चोर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। बाजार क्षेत्र में टोटो पर चढ़ने के दौरान महिला से सोने की चेन चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में दो महिला अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में नकदी और जेवरात बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीलम देवी ने वारिसलीगंज थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि बाजार से टोटो में बैठने के क्रम में अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई। इस संबंध में थाना कांड संख्या 291/26 दर्ज कर मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को दी गई।



वारिसलीगंज थाना में गिरफ्तार महिला चोरों के साथ बरामद नकदी व जेवरात प्रदर्शित करते पुलिस पदाधिकारी।

पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकरीबरावां के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने मानवीय इनपुट एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए महिला चैन चोर गिरोह की दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान अंजली देवी (पति- गोरे केवट उर्फ गोरख केवट, मोहसीमपुर, थाना चंडी) एवं कविता देवी (पति- स्व. गरीबन केवट, ताजूबिगहा मिल्की, थाना नालंदा) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने अन्य घटनाओं में भी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस ने इनके पास से चोरी की चेन बेचकर रखे गए रुपये समेत कुल *2 लाख 88 हजार 500 रुपये नकद*, 3 सोने के लॉकेट, 1 मांग टीका, 1 नथुनी तथा 1 जोड़ी सोने की कनवाली बरामद की है। साथ ही वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 110/26 से संबंधित जेवर बिक्री की रकम भी जब्त की गई है। बताया जाता है कि अंजली देवी के विरुद्ध पूर्व में भी चंडी थाना कांड संख्या 690/25 दर्ज है।

छापेमारी दल में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, पु.स.अ.नि. पप्पू कुमार, परि. पु.अ.नि. मनोज कुमार राय, गृहरक्षक मुस्कान कुमारी एवं पूजा कुमारी शामिल थीं। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है तथा गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# वारिसलीगंज में दवा बिक्रेता संघ का गठन, अजय कुमार सिन्हा बने अध्यक्ष



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। प्रखंड दवा बिक्रेता संघ के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान अजय कुमार सिन्हा को अध्यक्ष और सुरेश कुमार को सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिला दवा बिक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन और सचिव योगेंद्र कुमार की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। नवगठित कार्यकारिणी में डॉ. हरे राम को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार को उप सचिव, उपेंद्र कुमार को संगठन सचिव तथा अप्पू मेडिकल हॉल के संचालक सुरेंद्र कुमार को संरक्षक बनाया गया। चुनाव के उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और संगठन के प्रति ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के हितों की रक्षा के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर प्रदेश कमिटी के निर्देशों का पालन करना होगा। उन्होंने 20 मई को प्रस्तावित दवा दुकानों की बंदी को सफल बनाने और ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सेवानंद सिंह, कोषाध्यक्ष पवन कुमार चौरसिया, प्रवेज अख्तर, संतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में दवा विक्रेता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी का पंचायत स्तरीय सांगठनिक चुनाव सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी का नारदीगंज पंचायत स्तर का चुनाव कहुआरा मार्केट में रविवार को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला के निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार प्रजापति व जिले के निर्वाचन पदाधिकारी मुसाफिर प्रसाद कुशवाहा व प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सुजीत कुमार कुशवाहा के देख रेख में हुआ । इसके अलावा 10 पंचायत के पार्टी आरएलएम के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए । चुनाव के दौरान सभी बारी बारी से अपना नामिनेशन किए ।



एवं उनका पंचायत के प्रस्तावक एवं समर्थक भी उपस्थित रहे। लेकिन किसी भी पंचायत में एक ही व्यक्ति फार्म भरे । उनका विरोध में कोई नामिनेशन नहीं किया । ऐसे में 10 पंचायत अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव हुआ। इस दौरान जिले के वरिष्ठ नेता विनय कुमार मेहता के अलावा महेंद्र प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, बाल्मीकि कुमार ,ओम प्रकाश मेहता व आरएलएम के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें । बताया गया ननौरा पंचायत के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा को,हंडिया पंचायत अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार को ,पंचायत परमा के अध्यक्ष चमन कुमार को ओड़ो के पंचायत अध्यक्ष रामरतन प्रसाद सिंह को ,कहुआरा पंचायत के अध्यक्ष प्रेमचंद प्रसाद चक्रवर्ती को, मसौढ़ा पंचायत के अध्यक्ष सरयुग चौहान को डोहरा पंचायत के अध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद को,पेस पंचायत के अध्यक्ष राजेश कुमार को कोसला पंचायत के अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद को चयन किया गया।

सभी को निर्विरोध पंचायत अध्यक्ष को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सर्टिफिकेट देकर एवं पार्टी का सिंबल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया । उसके बाद सभी पार्टी के अध्यक्ष को जिम्मेवारी दिया गया कि 10 दिन के अंदर अपने पंचायत स्तर के सभी बूथ कमिटी अध्यक्ष का चुनाव कर पंचायत के प्रखंड कार्यालय में जमा करने के लिए कहा गया है।

# बस से शराब की तस्करी में जुटी महिला को उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार, शराब और बियर जब्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितर कोली स्थित समेकित जांच चौकी पर एक बस की जांच के दौरान उत्पाद बलों ने शराब की तस्करी में जुटी एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार के अहले सुबह की गई है। जांच चौकी पर शराब की तस्करी में जुटे कई पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है,किंतु इस बार महिला तस्कर के गिरफ्तार होने से क्षेत्र में हलचल मचा हुआ है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन की जाती है। जांच के क्रम में रांची से बिहार जानेवाली एक यात्री बस की जांच की गई। बस में सवार एक महिला के पास संदिग्ध रूप से रखा एक बैग था। जांच के दौरान बैग से 750 एमएल वाले रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट व्हिस्की के 10 बोतल एवं 500 एमएल वाले किंगफिशर नामक बियर के 5 केन बरामद हुआ है। जब्त शराब व बियर को लेकर महिला शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।



जब्त शराब व बियर के साथ गिरफ्तार महिला एवं उत्पाद बल

गिरफ्तार तस्कर की पहचान रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव निवासी स्व. डोमन मुंडा की पत्नी विनीता मुंडा के रूप में हुई है। गिरफ्तार महिला ने पूछताछ के क्रम में बताई कि वह उक्त शराब को एक व्यक्ति को देने वाली थी। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व बियर के अलावे गिरफ्तार महिला एवं फरार अभियुक्त को लेकर उत्पाद बल अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार महिला को रविवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। इस मौके पर उत्पाद एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह के साथ गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।

# माँ के नाम एक दिन नहीं, पूरा एहसास... संत जॉन्स पब्लिक स्कूल में मदर्स डे बना यादगार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**: नगर स्थित कल्लन सिँह मार्केट में संत जॉन्स पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव बन गया। 'मदर्स डे' के मौके पर स्कूल परिसर में ऐसा माहौल बना, जहाँ हर शब्द में प्यार था और हर प्रस्तुति में माँ के प्रति सम्मान झलक रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत जैसे ही माँ को समर्पित गीतों से हुई, माहौल खुद-ब-खुद संवेदनाओं से भर उठा। नन्हें बच्चों ने जब मंच पर आकर अपनी माँ के लिए कविताएँ पढ़ीं और मासूम अंदाज़ में "आई लव यू माँ" कहा, तो कई माताओं की आँखें नम हो गईं।



इस खास मौके पर बच्चों ने सिर्फ प्रस्तुति ही नहीं दी, बल्कि अपने हाथों से बनाए ग्रीटिंग कार्ड और छोटे-छोटे उपहार देकर यह जताया कि उनके लिए माँ सबसे अनमोल है। किसी ने माँ के त्याग को शब्दों में पिरोया, तो किसी ने अपनी मुस्कान से ही उनका दिल जीत लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार और निदेशक बिपिन कुमार व सुनील कुमार ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि "माँ केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि जीवन की पहली शिक्षक होती हैं। बच्चों के संस्कार और सोच की नींव माँ ही रखती हैं।"

स्कूल प्रबंधन ने साफ किया कि इस तरह के आयोजन सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों को जीवन के मूल्यों से जोड़ने का माध्यम हैं। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में सम्मान, संवेदनशीलता और कृतज्ञता जैसे गुण विकसित करना भी उतना ही जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने की घोषणा की गई, लेकिन असली जीत तो उस रिश्ते की थी, जो आज और भी गहरा हो गया—माँ और बच्चों के बीच। इस पूरे आयोजन ने यह संदेश दे दिया कि माँ के लिए एक दिन जरूर खास होता है, लेकिन उनका महत्व हर दिन, हर पल बना रहता है। मौके पर विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद थे।

# मातृ शक्ति दिवस पर छठ पूजा समिति के सदस्यों ने किया रक्तदान, महिला की बचाई जान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। मातृ शक्ति दिवस के पावन अवसर पर छठ पूजा समिति के सदस्यों ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए रक्तदान किया। माहुरी टोला रजौली नीचे बाजार निवासी मिठू प्रसाद की पत्नी माधुरी कुमारी का हीमोग्लोबिन अचानक काफी कम हो गया था। जानकारी मिलते ही समिति के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए रक्त की व्यवस्था कर महिला की जान बचाई। मिठू प्रसाद ने बताया कि छठ पूजा समिति कई सालों से जरूरतमंदों को खून की कमी होने पर मदद करती आ रही है। पत्नी की हालत बिगड़ने पर उन्होंने उम्मीद के साथ समिति के उपाध्यक्ष संदीप वर्मा को फोन किया। कुछ घंटों के भीतर ही रक्तदान की व्यवस्था कर दी गई। उपाध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि कॉल आते ही उन्होंने तुरंत समिति के सदस्य पिंटू चौधरी को फोन किया। पुरानी बस स्टैंड निवासी पिंटू चौधरी बिना कोई सवाल किए तीसरी बार रक्तदान के लिए तैयार हो गए और मातृ दिवस पर एक मां की जान बचाई। श्री सूर्य नारायण देव मंदिर के उप सचिव मनीष सिंह ने लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इससे कई जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजा सिंह ने मातृ शक्ति को सम्मान देते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य लगातार किए जाएंगे। समिति के सदस्य निशांत रायल, छोटू वर्मा, जय राम सिंह, बिट्टू कुमार, गौतम ताती, राजेश कुमार, धोनी यादव और अनुज एयरटेल लगातार सेवा कार्य में लगे रहते हैं। श्री सूर्य नारायण देव मंदिर के सचिव अरविंद विश्वकर्मा ने लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की। संदीप वर्मा ने कहा कि अगर हमारे प्रयास से किसी का भला हो सके तो हमें जरूर करना चाहिए। दरिया बनकर किसी को डुबाने से बेहतर है जरिया बनकर किसी को बचाया जाए। किसी की जान बचाने के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक विमल राजवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी और अन्य समाजसेवियों व पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि रजौली के 75 बेड वाले अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक खुलवाया जाए। रजौली में अक्सर लोगों को खून की जरूरत पड़ती है। ऐसे में दिन रात देखे बिना पावापुरी, पटना, नवादा, गया, कोडरमा और अन्य जगहों पर जाकर रक्त दिलवाना पड़ता है।



अस्पताल परिसर में डोनर के साथ समिति के लोग

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, दो लोग गंभीर रूप से जख्मी, रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- गांव में की गई रोड़ेबाजी, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला हुआ शांत
- पीड़ित ने सीओ की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में रविवार दोपहर जमीनी विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ही पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायलों की पहचान बहादुरपुर निवासी स्व. गनौरी यादव के 45 वर्षीय पुत्र छोटेलाल यादव और स्व. सीताराम प्रसाद के 54 वर्षीय पुत्र चंद्रशेखर आजाद के रूप में हुई है। छोटेलाल यादव के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पावापुरी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं चंद्रशेखर आजाद के सिर और हाथ में गंभीर चोट लगी है। उनका प्राथमिक उपचार कर जरूरी दवाइयां दी गईं और सीटी स्कैन के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।डायल 112 टीम के एएसआई सुरेंद्र यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस को देखकर भीड़ भाग गई। जमीनी विवाद में तीन से चार लोग घायल हुए थे, जिनमें से दो गंभीर घायलों को अस्पताल लाया गया।

**खेत जोतने के दौरान हमला का आरोप** :- घायल छोटेलाल यादव के पुत्र सचिन कुमार ने बताया कि उनके पिता खेत जोतने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ दबंग लोगों ने जमीनी विवाद में उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि जमीन माफियाओं ने रोड़ेबाजी भी की, जो पुलिस के हस्तक्षेप के बाद रुकी। अस्पताल में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

**39 एकड़ जमीन का विवाद** :- घायल चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि बहादुरपुर में 39 एकड़ विवादित जमीन है। इसमें से 13 एकड़ पर जमीन मालिकों का कब्जा है। शेष 26 एकड़ जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए दर्जनों लोग अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने सीओ मो. गुफरान मजहरी की कार्यशैली पर सवाल उठाया। कहा कि सीओ ने ही जमीन का म्यूटेशन किया है। म्यूटेशन के बाद जमीन पर माफियाओं का अवैध कब्जा जारी है। शिकायत करने पर सीओ सिविल कोर्ट जाने की बात कहते हैं।

**पुलिस का बयान** :- थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बहादुरपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए झगड़े को पुलिस बलों ने शांत करा दिया है। पीड़ित पक्ष की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सीओ का बयान** :- इस संबंध सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि रैयती जमीन में दो पक्षों के बीच विवाद है। जमीन में कब्जा दिलवाने का अधिकार हमारे पास नहीं है। साथ ही कहा कि उक्त जमीन में 144 की कार्रवाई भी हुई थी,जिसमें एसडीएम रजौली के द्वारा निर्देश दिया गया था कि वे सिविल कोर्ट में जाकर समस्या का समाधान करवाएं। साथ ही बताया कि जमीन में दखल करने के दौरान दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए हैं।सीओ ने कहा कि पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वे दोनों पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में करंट लगने से प्रेग्नेंट महिला की मौत, दलान से गोइठा लाने गई थीं, झटका लगते ही जमीन पर गिरी

**नालंदा।** नालंदा के पचौड़ी गांव में करंट लगने से प्रेग्नेंट महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कांग्रेस रविदास की पत्नी टुनी देवी(30) के तौर पर हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के लखरावां गांव की है। शनिवार की रात हुई तेज आंधी और बारिश की वजह से घर में बिजली का करंट फैल गया था। रविवार सुबह टुनी देवी अपने दलान से 'गोइठा' (उपले) लाने जा रही थी। इसी दौरान घर के लोहे के दरवाजे और अन्य हिस्सों में आ रहे करंट की चपेट में वह आ गईं। टुनी देवी सात महीने की गर्भवती थी। दो मासूम बेटियां हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के भैंसुर(जेठ) मिथिलेश रविदास ने बताया कि घर में बिजली का तार पहले से कटा हुआ था। गोइठा लाने के दौरान हाथ तार के संपर्क में आ गया और वह वहीं गिर पड़ी। आनन-फानन में इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति कांग्रेस रविदास चेन्नई में मजदूरी करता है। शनिवार को ही ट्रेन से काम के लिए चेन्नई पहुंचा था, लेकिन पत्नी की मौत की खबर मिलते ही वह वापस गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

### नालंदा में मक्का और सब्जियों को भारी नुकसान, आंधी और ओलावृष्टि से किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

**नालंदा।** नालंदा जिले में शनिवार की शाम मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के साथ भीषण ओलावृष्टि ने खेतों में लहलहाती फसलों को मलबे में तब्दील कर दिया है। इस प्राकृतिक आपदा की सबसे भीषण मार मक्का और लत्तरवाली सब्जियों पर पड़ी है, जिससे किसानों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अपनी आंखों के सामने मेहनत की कमाई को बर्बाद होते देख किसान बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं। शनिवार की शाम आसमान में उमड़े काले बादलों के बाद शुरू हुए तांडव ने सबसे ज्यादा नुकसान कद्दू, नेनुआ, झिंगनी, खीरा और परोर जैसी सब्जी फसलों को पहुंचाया है। ओले की सीधी चोट से सब्जियों के कोमल फूल और पत्तियां पूरी तरह नष्ट हो गई हैं, जिसका सीधा असर आने वाले समय में उत्पादन पर पड़ेगा। खेतों में तैयार हो रही मक्के की फसल भी मौसम की मार से नहीं बच सकी। तेज हवा के झोंकों ने मक्के के पौधों को जड़ से उखाड़कर खेतों में बिछा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि दाने लगने के समय पौधों के गिरने से पैदावार में भारी गिरावट आएगी, जिससे किसानों को तगड़ा आर्थिक झटका लगा है। बागवानों की स्थिति तो और भी दयनीय हो गई है, जिनकी रही-सही उम्मीदें शनिवार की आंधी में उड़ गईं। इस साल पहले से ही खराब मौसम के कारण पेड़ों पर टिकोले कम बचे थे, लेकिन ताजा आंधी और ओलों ने बची-खुची 20 से 30 फीसदी फसल को भी जमीन पर गिरा दिया। अब आम के बागों में फलों की जगह सिर्फ पत्तियां ही नजर आ रही हैं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस तबाही का असर पूरे जिले में एक समान नहीं दिखा। ओलावृष्टि और बारिश का मुख्य प्रकोप जिला मुख्यालय बिहारशरीफ और उसके आसपास के क्षेत्रों तक ही सीमित रहा, जबकि नूरसराय और परवलपुर जैसे ग्रामीण इलाकों में केवल तेज हवाएं चलकर शांत हो गईं, जिससे वहां के किसानों ने राहत की सांस ली है।

### नालंदा में ट्रैक्टर ने फास्ट फूड ठेले में मारी टक्कर, ग्राहकों ने भागकर बचाई जान, दुकानदार गंभीर रूप से घायल



**नालंदा।** नालंदा में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने फास्ट फूड के ठेले में टक्कर मार दी। हादसे में दुकानदार घायल हो गया। ग्राहकों ने भागकर अपनी जान बचाई। डायल-112 की टीम ने घायल को सदर अस्पताल में एडमिट कराया। इस बीच ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के रानाबीघा की है। घायल बंटी के पिता सुजीत कुमार ने बताया कि मेरा बेटा सड़क से थोड़ा नीचे गली के रास्ते में अपना ठेला लगाकर अंडा-चाऊमीन बेच रहा था। इस बीच बिहारशरीफ की तरफ जा रहा एक खाली ट्रैक्टर अचानक बेकाबू हो गया। सीधे सड़क से नीचे उतरा और ठेले पर चढ़ गया। ठेले के पास फास्ट फूड खा रहे ग्राहक तो इधर-उधर भाग निकले, लेकिन बंटी बुरी तरह से इसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ठेला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही दीपनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। ठेला ट्रैक्टर में इतनी बुरी तरह फंसा हुआ है था कि गाड़ी अपनी जगह से हिल भी नहीं पा रहा था। हालांकि काफी प्रयास के बाद पुलिस ने ठेले को काटकर बाहर निकाला और ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले गई। वहीं, इस संबंध में दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सीवान दौरे पर कल आएंगे पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद

**सीवान।** पूर्व रेल मंत्री एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद 11 मई को सीवान दौरे पर आएंगे। उनके प्रस्तावित दौरे को लेकर जारी आधिकारिक टूर प्रोग्राम के अनुसार वे सड़क मार्ग से पटना से सीवान पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार लालू प्रसाद 11 मई को दोपहर 2 बजे पटना स्थित 10, सर्कुलर रोड आवास से प्रस्थान करेंगे. वे जेपी सेतु, दरियापुर चक्का फैक्ट्री होते हुए शाम 5 बजे सीवान सर्किट हाउस पहुंचेंगे. यहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 12 मई की सुबह 7 बजे सीवान सर्किट हाउस से निकलकर 7:20 बजे सीवान सिविल कोर्ट पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोर्ट में कार्य पूरा करने के बाद वे सुबह 10 बजे पुनः सर्किट हाउस लौटेंगे। इसके बाद 11:30 बजे सड़क मार्ग से पटना के लिए रवाना होंगे और दोपहर 2:30 बजे पटना पहुंचने का कार्यक्रम है। टूर प्रोग्राम में प्रशासन को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री को 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। प्रशासन से फुलप्रूफ सुरक्षा, एस्कॉर्ट तथा आवश्यक वाहनों एवं कमरों की व्यवस्था करने को कहा गया है।

### फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह पर साइबर थाना सीवान की बड़ी कार्रवाई

**सीवान।** साइबर थाना सीवान की टीम ने फर्जी सरकारी दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बसंतपुर थाना क्षेत्र स्थित एक डिजिटल केंद्र पर छापेमारी कर भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।एसपी पुरन कुमार झा ने बताया 07 मई 2026 को शाम करीब 7:30 बजे साइबर क्राइम सिक्योरिटी यूनिट पटना से सूचना प्राप्त हुई थी कि आधार कार्ड एवं अन्य सरकारी दस्तावेजों को फर्जी तरीके से तैयार किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मामले की जांच एवं कार्रवाई के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम आशुतोष कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने 08 मई 2026 को बसंतपुर थाना क्षेत्र के जानकी नगर बाजार स्थित "बसंत डिजिटल केन्द्र" में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान संचालक बसंत कुमार द्वारा फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाने में कई गैर-सरकारी वेबसाइटों एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किए जाने का खुलासा हुआ।पुलिस ने मौके से 01 मॉनिटर, 06 लैपटॉप, 02 माउस, 02 फिंगर स्लैब डिवाइस, 02 आइरिस स्कैनर डिवाइस, 02 हार्ड डिस्क, 03 पेन ड्राइव, 01 आईक्यू मोबाइल फोन एवं 06 डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बसंतपुर थाना क्षेत्र के जानकी नगर निवासी बसंत कुमार, पिता सतेंद्र महतो के रूप में हुई है। इस मामले में साइबर थाना सीवान कांड संख्या-30/26 दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।छापेमारी दल में अपर थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी, पुलिस निरीक्षक देवानंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव, सिपाही शहादत अली एवं बसंतपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# पिकअप की टक्कर से एक की मौत, पत्नी के लिए जूस लाने गए थे

## हादसे में 2 लोग घायल, पुलिस ने ड्राइवर को पकड़ा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया।** गयाजी में रविवार को सड़क हादसे मं एक वयक्ति की मौत हो गई है। दो घायल भी हुए हैं। तेज रफ्तार पिकअपने टक्कर मार दी। मृतक रौशनगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी कामेश्वर दास हैं। घायलों में मोरैनिया गांव निवासी बच्चन ठाकुर के बेटे रोहित ठाकुर (26) और अमरजीत ठाकुर का बेटा अभय कुमार (2) शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई अर्जुन दास ने बताया कि कामेश्वर दास पिछले एक सप्ताह से अपनी पत्नी का इलाज चंडीस्थान स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के यहां करा रहे थे। उनकी पत्नी अस्पताल में भर्ती थीं। रविवार को कामेश्वर दास अपनी पत्नी के लिए जूस लेने चंडीस्थान बाजार गए थे, तभी हादसा हो गया। घटना आमस थाना क्षेत्र स्थित चंडीस्थान बाजार के पास की है।

**लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचायाः** लोगों ने घायल व्यक्तियों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। आमस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

**पिकअप और चालक को थाने लाया गयाः** आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि घायलों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया भेजा गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल पिकअप वाहन और उसके चालक को थाना लाया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चंडीस्थान बाजार के पास तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण लगाया जाए।

# गयाजी में ऑर्केस्ट्रा डांसर से रेप पुलिस हिरासत में आरोपी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी में ऑर्केस्ट्रा डांसर से रेप का मामला सामने आया है। साथ काम करने वाले युवक पर आरोप है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रहा है।

**काम दिलाने के बहाने लेकर गया थाः** गुरुआ थाने में दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया कि ऑर्केस्ट्रा में डांसर का काम करती हूं। इस दौरान साथ करने वाले एक युवक से जान-पहचान हुई। दोस्ती होने पर उसने मेरे भरोसे का फायदा उठाया। शनिवार की शाम काम दिलाने का झांसा देकर अपने साथ अजयपुर स्थित काज टोला ले गया। वहां पहुंचने के बाद उसे एक कमरे में रोक लिया। जहां रात में उसने जबरदस्ती की। विरोध करने के बाद भी नहीं छोड़ा। हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह मौका निकाला और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां से सुरक्षित



बाहर निकाला। पूछताछ के लिए पहले दोनों को आमन थाना लाया गया। इसका बाद गुरूआ थाना भेज दिया गया।

वहीं, गुरुआ थाना के अपर सहायक पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मेडिकल जांच, बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर सख्त कदम उठाया जाएगा। हिरासत में लिया गया युवक और पीड़िता 3-4 साल से शेरघाटी थाना के रतनपुरा गांव में किराए के मकान में रह रहे थे। इनके साथ और भी लोग रह रहे थे।

# 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल-फर्जी सिम बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा पुलिस ने रविवार को 4 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। चारों चारधाम यात्रा के नाम पर श्रद्धालुओं को ठगते थे। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में कतरीसराय पुलिस ने सुंदरपुर गांव में छापेमारी की। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुंदरपुर गांव में एक संगठित गिरोह सक्रिय है जो 'हिमालयन हेली सर्विस' के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहा है। ये अपराधी धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर, बस और ट्रेन बुकिंग का झांसा देकर लोगों को अपना निशाना बनाते थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने जब सुंदरपुर में दबिश दी। वहां से अंकित कुमार, बॉबी कुमार, सुरज कुमार और अमन कुमार को पकड़ा गया। सभी स्थानीय निवासी हैं। ठगी के खेल में अपराधी बेहद शातिर तरीके से काम करते थे। वे



विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को यात्रा का प्रलोभन देते थे और बुकिंग के नाम पर कुल राशि का 30 प्रतिशत एडवांस में भुगतान अपने खातों में करवा लेते थे। शेष राशि का भुगतान टिकट मिलने के बाद करने का झांसा दिया जाता था, लेकिन पैसा मिलते ही ये अपराधी गायब हो जाते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 6 स्मार्टफोन, एक कीपैड फोन, फर्जी सिम कार्ड और साइबर ठगी से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है और अब पुलिस उनके पुराने आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी है।

# निजी अस्पताल में अबॉर्शन के दौरान नाबालिग की तबीयत बिगड़ी, पुलिस ने बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया जिले के इमामगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में अबॉर्शन और डीएनसी के दौरान नाबालिग लड़की की हालत बिगड़ने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच तेज कर दी है। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग लड़की के कथित बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया है।

**बॉयफ्रेंड 26 का, लड़की नाबालिगः** गिरफ्तार युवक की पहचान बांकेबाजार प्रखंड के डोंगगिला गांव निवासी बासुदेव प्रसाद के पुत्र भूषण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, युवक की उम्र करीब 26 वर्ष है, जबकि लड़की नाबालिग बताई जा रही है और वह बांकेबाजार क्षेत्र की रहने वाली है।

**कहां का है मामलाः** जानकारी के अनुसार, इमामगंज-रानीगंज



रोड स्थित कब्रिस्तान के सामने "सेंट्रल हॉस्पिटल एवं न्यूरो सेंटर" नामक निजी अस्पताल में यह घटना हुई। मामले के सामने आने के बाद अस्पताल के संचालन और क्षेत्र में कथित अवैध क्लीनिकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में अस्पताल संचालक पिंटू कुमार दांगी, जिन्हें जनता दल यूनाइटेड का जिला महासचिव बताया जा रहा है, तथा भवन मालिक बीके साव के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।

**थाना के नंबर पर कॉल करने पर कहा - खबर नहीं छापनी हैः** इधर, घटना की जानकारी लेने के लिए दैनिक भास्कर द्वारा बांकेबाजार थाना के सरकारी नंबर पर संपर्क किए जाने पर फोन उठाने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि "खबर नहीं छापनी है।" दोबारा पूछने पर उसने खुद को थाने से बोलने वाला बताया।

**प्रखंड चिकित्सा प्रभारी बोले - जानकारी देर से मिलीः** इमामगंज के प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें देर से मिली। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल को सील करने सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई की मांगः** स्थानीय लोगों का आरोप है कि इमामगंज क्षेत्र में कई निजी अस्पताल बिना मानकों और अनुमति के संचालित हो रहे हैं। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे अवैध अस्पतालों को संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# गया सदर प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी बनी, आंगनबाड़ी यूनियन का चुनाव संपन्न, संगठन को मजबूत करने की बनी रणनीति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया सदर प्रखंड में बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी यूनियन संघ का चौथा संविधान सम्मेलन और त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के बाद नए पदाधिकारियों का गठन हुआ। सम्मेलन में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, महिलाओं के हक की लड़ाई तेज करने और सेविका-सहायिकाओं के अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन कराया गया। इसके बाद पूर्व पदाधिकारियों को हटाकर सर्वसम्मति से नए संगठन का गठन किया गया। गया सदर प्रखंड अध्यक्ष पद पर मंजू कुमारी को चुना गया। वहीं मधु कुमारी को प्रखंड मंत्री और सुमन कुमारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नए पदाधिकारियों के चयन के साथ संगठन को और मजबूत करने की रणनीति तय की




गई।

**महिलाओं की असली ताकत संगठन की मजबूती में हैः** सम्मेलन में मौजूद राज्य अध्यक्ष अनीता झा ने साफ कहा कि महिलाओं की असली ताकत संगठन की मजबूती में है। उन्होंने कहा कि जब तक गांव स्तर तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक महिलाओं का शोषण और उत्पीड़न पूरी तरह खत्म नहीं होगा। इसी सोच के साथ संगठन विस्तार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा सेविका-सहायिकाओं को जोड़ा जा सके।

**सेविका-सहायिकाओं के हितों से समझौता नहीं होगाः** जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद कुमार ने बताया कि बिहार आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ में हर 3 साल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया जाता है। पहले प्रखंड स्तर पर, फिर जिला और उसके बाद राज्य स्तर पर चुनाव होते हैं। गया सदर शाखा का यह पहला चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण, सफल और संगठनात्मक मजबूती वाला रहा। सम्मेलन के दौरान केंद्र सरकार की ओर से किए गए कुछ संशोधनों के विरोध में भी प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन नेताओं ने कहा कि सेविका-सहायिकाओं के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उनके मानदेय, अधिकार और सम्मान की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। नए पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि संगठन को और धारदार बनाया जाएगा और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

# नालंदा में जीवित बुजुर्ग को कागजों में मार डाला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में प्रशासनिक व्यवस्था की संवेदनहीनता और लापरवाही का मामला सामने आया है। अस्थावां के लखनु बीघा निवासी नगीना राम सरकारी फाइलों की भेंट चढ़ गए। जिस बुजुर्ग को अपनी ढलती उम्र में सरकार से सहारे की उम्मीद थी, उसे व्यवस्था ने कागजों में 'मृत' घोषित कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। अब स्थिति यह है कि नगीना राम खुद के जीवित होने का प्रमाण लेकर दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब नगीना राम अपनी रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराने के लिए ई-केवाईसी कराने प्रखंड कार्यालय पहुंचे। वहां मौजूद ऑपरेटर ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत दर्ज किया गया है। इसी वजह से उनकी पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी गई है। यह सुनते ही बुजुर्ग के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित नगीना राम के मुताबिक, 11 सितंबर 2025 के बाद से उनके खाते में एक रुपए भी नहीं आया है। शुरुआत में उन्होंने इसे तकनीकी समस्या समझा, लेकिन सच सामने आने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि वे जीते-जी 'भूत' बना दिए गए हैं।

**पत्नी ने जताई नाराजगीः** नगीना राम की पत्नी कैलाश देवी ने बताया कि उनके पति करीब नौ महीने पहले एक सड़क हादसे का शिकार हो गए थे, जिसमें उनके दोनों पैर टूट गए। आज भी उनका इलाज चल रहा है। घर में दाने-दाने की किल्लत है। ऐसे में वृद्धावस्था पेंशन ही उनके गुजारे का एकमात्र जरिया थी। आखिर बिना किसी स्थलीय जांच या भौतिक सत्यापन के किसी व्यक्ति को मृत कैसे मान लिया गया। क्या प्रखंड के अधिकारियों ने अपनी कुर्सी पर बैठकर ही मौत का प्रमाणपत्र जारी कर दिया? उन्होंने इस साजिश या घोर लापरवाही के पीछे जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाईः** वहीं, इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भी रोष है। कुटूस देवी ने बताया कि नगीना राम सबके सामने जीवित खड़े हैं, फिर भी प्रशासन ने उन्हें मृत दिखा दिया। ग्रामीण इसे एक बड़ा फर्जीवाड़ा मान रहे हैं और सामूहिक रूप से मांग कर रहे हैं कि उनकी पेंशन तत्काल बहाल की जाए।

दूसरी तरफ, अस्थावां के प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी का तर्क है कि ई-केवाईसी न कराने के कारण अक्सर पेंशन रुक जाती है। हालांकि, अधिकारी का यह बयान पोर्टल पर दर्ज 'मृत' स्टेटस के आगे फीका पड़ रहा है, क्योंकि केवाईसी न होना एक तकनीकी त्रुटि है, लेकिन किसी को मृत घोषित कर देना सीधे तौर पर एक मानवीय और प्रशासनिक अपराध की श्रेणी में आता है।

# निखिल बना आईएफएस ऑफिसर, देशभर में 66वां रैंक पिता रिटायर्ड टीचर, बहन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी के सरेबा निवासी निखिल कुमार ने जिले का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की भारतीय वन सेवा (IFS) परीक्षा में निखिल ने देशभर में 66वां स्थान हासिल किया है। दूसरे अटेम्प्ट में सफलता मिली है। निखिल को यह कामयाबी अचानक नहीं मिली। इसके पीछे वर्षों की मेहनत, संघर्ष और खुद पर अटूट भरोसे की कहानी छिपी है। पहले प्रयास में वे इंटरव्यू तक पहुंचे थे, लेकिन चयन नहीं हो सका। इसके बाद भी हार नहीं मानी। अपनी कमजोरियों पर काम किया, तैयारी को और धार दी। इसके बाद दूसरे प्रयास में शानदार सफलता हासिल कर ली।

**21 लाख का पैकेज मिला थाः** 12वीं तक की पढ़ाई डीएवी गयाजी से पूरी की। इसके बाद उनका चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान IIT दिल्ली में हुआ, जहां से




उन्होंने बीटेक किया। IIT जैसी बड़ी उपलब्धि के बाद कॉरपोरेट दुनिया में आसान और आकर्षक करियर चुनना उनके लिए मुश्किल नहीं था। 21 लाख रुपए का सालाना जॉब पैकेज मिला था, लेकिन निखिल ने ठुकरा दिया। उन्होंने प्रशासनिक सेवा का सपना देखा और उसी दिशा में खुद को झोंक दिया।

**IAS अधिकारी बनने का सपना हैः** भारतीय वन सेवा में चयन के बाद भी निखिल का कहना है कि उनका अंतिम सपना IAS अधिकारी बनना है। इसके लिए उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा। यही सोच उन्हें बाकी युवाओं से अलग बनाती है।

**बहन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारीः** निखिल के परिवार में शिक्षा और अनुशासन की मजबूत नींव रही है। पिता चंद्रभूषण सिंह गुरारु के सर्वोदय विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय से रिटायर्ड शिक्षक हैं। बड़ी बहन जमुई में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हैं, जबकि भाई भी IIT से पढ़ाई कर चुके हैं। वह भी दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी में जुटा है। यानी घर का माहौल शुरू से ही पढ़ाई और लक्ष्य केंद्रित रहा।

**सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहरः** पिता चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि वह पहले भेल में शिक्षक थे। उस समय निखिल रांची के डीएवी स्कूल में पढ़ता था। जब वह पहली क्लास में था तो उसे गीता चैटिंग कंपटीशन में ले जाया गया था। इसके पीछे की वजह गीता के 52 श्लोक उसे कंठस्थ थे। वह शुरू से ही सीरियस स्टूडेंट्स रहा है। हर काम ईमानदारी और सीरियसनेस के साथ करता था। घर में सभी को भरोसे में लेकर कोई भी काम करता था। भाई-बहन के साथ खेला करता था। थोड़ा शांत स्वभाव का वह शुरू से रहा है। इसलिए उसके प्रति ज्यादा सीरियस होने की जरूरत कभी नहीं पड़ी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### काराकाट पुलिस ने दो मामलों में फरार दो आरोपियों को दबोचा

**काराकाट/ रोहतास** : काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि इटवां गांव में हुई मारपीट और हत्या के प्रयास के एक मामले में अप्रैल माह में कांड संख्या 166/26 दर्ज की गई थी । इसी मामले के आरोपी इटवां गांव निवासी स्वर्गीय संतोष सिंह के पुत्र करण सिंह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया । वहीं काराकाट थाना क्षेत्र के लेवाबाद गांव में ट्रैक्टर से मारकर हत्या किए जाने के आरोप में वर्ष 2025 के दिसंबर माह में दर्ज कांड संख्या 533/25 के एक अन्य आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ा है । थानाध्यक्ष के अनुसार लेवाबाद निवासी अजय सिंह के पुत्र संतोष सिंह को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है । थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है । पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में फरार आरोपियों के खिलाफ चल रहे अभियान को बल मिला है ।

### कर्ण विद्या विहार मे फ्रेशर पार्टी के साथ चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

**बिक्रमगंज / रोहतास**। वरना रोड स्थित कर्ण विद्या विहार, के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बच्चों को फ्रेशर पार्टी भी दिया गया। इसमें नए छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए और बच्चों ने खाने का खूब आनंद उठाया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मां की ममता को लेकर चित्रकला प्रदर्शनी रही। वरिष्ठ चित्रकार कौशलेश पांडेय ने 'मां की ममता' थीम पर रेखा चित्रों से मां-बच्चे के अटूट रिश्ते, त्याग और स्नेह को जीवंत किया। कई अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। कौशलेश पांडेय फिलहाल विद्यालय में कला शिक्षक हैं। इससे पहले वे वाराणसी, दिल्ली, उड़ीसा, चंडीगढ़ में अपने चित्रों की प्रदर्शनी भी लगा चुके हैं। कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किये जा चुके है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह ने दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, खासकर महिलाएं ज्यादा मौजूद रहीं। अपने इस चित्र प्रदर्शनी को लेकर वरिष्ठ चित्रकार कौशलेश पांडेय ने कहा कि छोटे बच्चों के साथ काम करके सुकून मिलता है। बच्चों में रंगों की समझ बहुत अच्छी होती है।" कर्ण विद्या विहार के निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि कला से बच्चों में चारित्रिक निर्माण होता है और उन्हीं से उनका लक्ष्य निर्धारण होता है" स्कूल प्रबंधक पप्पू सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि"ऐसे आयोजन से रचनात्मकता और संस्कार दोनों का विकास होता है।" वही उप - प्रधानाचार्य समीर चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह आयोजन मातृत्व के सम्मान के साथ-साथ बच्चों में कला और संस्कार जगाने का सफल प्रयास रहा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए रोल मॉडल हैं हेमंत विश्वशर्मा : सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा**। असम विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत तथा पुनः मुख्यमंत्री पद के लिए विधायक दल का नेता चुने जाने पर सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक गोपाल जी ठाकुर ने हेमंत विश्व शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि हेमंत विश्व शर्मा भाजपा के जमीनी, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि असम में उग्रवाद जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए श्री शर्मा ने जिस प्रकार संघर्ष और नेतृत्व किया, वह पूर्वोत्तर सहित उग्रवाद प्रभावित राज्यों के नेतृत्वकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हेमंत विश्व शर्मा का राजनीतिक अनुभव, प्रशासनिक क्षमता एवं विकासोन्मुख सोच उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक रोल मॉडल बनाती है। सांसद ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में असम विकास, शांति और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा तथा राज्य का सर्वांगीण विकास और अधिक गति पकड़ेगा।

### 459 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सुपौल**। जिले के ललितग्राम थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मिरचैया नदी के पास एनएच 27 से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन डीएल 4 सीएनबी 2534 को भी जब्त किया है, जिसका उपयोग शराब की तस्करी में किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान किशनपुर थाना क्षेत्र के टेगरहा वार्ड संख्या तीन निवासी मिथलेश कुमार यादव के रूप में की गई है। इस बाबत थाना अध्यक्ष अंजलि कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मिर्चेया नदी के पास एनएच 27 से एक स्कार्पियो वाहन से 17 बोरी में कुल 459 लीटर नेपाली दिलवाले शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जब्त वाहन मालिक व तस्कर के विरुद्ध शराब उत्पाद संसोधन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है । गिरफ्तार तस्कर को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। साथ ही मामले में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

### बाइक चोरी मामले में बदमाशों की तस्वीर जारी

**किशनगंज**। सदर थाना क्षेत्र के पश्चिमपाली चौक के पास एक शोरूम के समीप हुई बाइक चोरी की घटना में शामिल बदमाशों की तस्वीर किशनगंज पुलिस ने रविवार को जारी की है। पुलिस ने शहरवासियों से बदमाशों की पहचान कर सूचना देने की अपील की है। साथ ही कहा गया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। जारी तस्वीर में दो युवक पल्सर बाइक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में बुधवार को सदर थाना में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पीड़ित मो. मारूफ आलम अपनी बाइक लेकर पश्चिमपाली चौक स्थित एक शोरूम गए थे। उन्होंने बाइक शोरूम के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर देखा कि बाइक वहां से गायब थी। घटना के दौरान बदमाशों की तस्वीर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को तस्वीर में दिख रहे युवकों की पहचान हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव और वैदिक रीति से यज्ञ मंडप की किया परिक्रमा

## परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण की किया कामना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** । प्रखंड क्षेत्र रविवार को पूरी तरह सनातन भक्ति, वैदिक मंत्रों और धार्मिक उल्लास में डूबा नजर आया । मोथा के बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव तथा गोरख परासी व धर्मागत परासी (सातों परसियां) स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव और वैदिक रीति से यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर परिवार,समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की । मोथा बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर परिसर में श्री सूर्यनारायण प्राण- प्रतिष्ठा का अनुष्ठान श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया । यज्ञशाला में गूंज रहे शंखनाद, घंटियों की ध्वनि और "जय श्रीराम" के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा । दूर-दराज गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर धर्म लाभ प्राप्त किया ।श्रद्धालुओं से श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की आत्मा है । जहां यज्ञ की अग्नि प्रज्वलित होती है,वहां से पाप,भय,अशांति और नकारात्मकता स्वतः समाप्त हो जाती है । यज्ञ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि मानवता,सद्भाव और संस्कारों को जीवित रखने का दिव्य अभियान है । आने वाली पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ना हम सभी का कर्तव्य है । उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का मूल उद्देश्य केवल व्यक्तिगत कल्याण नहीं,बल्कि समस्त सृष्टि के कल्याण की भावना है । यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ-साथ लोगों के भीतर सेवा,संस्कार और सदाचार की भावना को मजबूत करते हैं । उधर गोरख परासी व धर्मागत परासी (सातों परसियां) स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव में भी आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला । महिलाओं,युवाओं एवं बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और पूजा-अर्चना में भाग लिया । पूरा क्षेत्र भक्ति गीतों, वैदिक मंत्रों और हरिनाम संकीर्तन से गूंजता रहा । महायज्ञ को लेकर दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी । आयोजन समिति,ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण,अनुशासित और भव्य वातावरण में संपन्न हुआ ।

## भारतीय जनता पार्टी जिला मंडल की बैठक सासाराम जिला कार्यालय में हुई संपन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतास** । भारतीय जनता पार्टी जिला मंडल की बैठक सासाराम जिला कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने की। बैठक में उपस्थित सभी अपेक्षित कार्यकर्ता गणों में प्रदेश समिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष ,मंडल महामंत्री मंच ,मोर्चा के अध्यक्षों ने पश्चिम बंगाल असम पांडिचेरी में दल को मिली सफलता के लिए जनता जनार्दन, कार्यकर्ता एवं केंद्रीय नेतृत्व को तालियों की गड़ा गड़ाहट के साथ धन्यवाद दिया। बिहार से गए रोहतास जिला के कार्यकर्ता विजय सिंह ,पंकज सिंह, नवीन चंद्र शाह ने बंगाल के हावड़ा सदर जिले के बाली विधानसभा में चुनाव प्रचार प्रसार के रूप में कार्य किया। इसके लिए पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी ने इस कार्य हेतु विशेष शुभकामना देते हुए वहां से जीते विधायक संजय सिंह को भी शुभकामना संदेश दिया। जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने नवीन चंद्र साह को अंग वस्त्र में फूल माला से सम्मानित किया। यह काराकाट विधानसभा के बिक्रमगंज प्रखंड के घुसिया खुर्द गांव के निवासी हैं। पार्टी में जिला के प्रवक्ता एवं काराकाट लोकसभा के संयोजक के दायित्व का भी निर्वहन कर चुके हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 23 एवं 24 में को डेहरी ऑन सोन में जिला प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलेगा। इसी के साथ वंदे मातरम भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## मां काली मंदिर पहुंच पथ के लिए महंत ने दी निजी जमीन, ग्रामीणों में खुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**संझौली (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के चैता बहोरी वैकुंठ धाम आश्रम के संस्थापक श्री उमाशंकर दास जी महाराज द्वारा मां काली मंदिर के पास जाने वाले रास्ते के लिए अपनी निजी भूमि दिए जाने पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। वर्षों से मंदिर तक पहुंचने में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर शादी-विवाह, धार्मिक अनुष्ठान एवं बैंड-बाजा के साथ आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। बताया जाता है कि मां काली मंदिर प्रांगण तक जाने वाला रास्ता काफी संकरा था, जिससे बड़े वाहनों और बारातियों को आने-जाने में दिक्कत होती थी। इस समस्या को देखते हुए श्री उमाशंकर दास जी महाराज ने समाज हित में अपनी निजी जमीन देकर रास्ते को चौड़ा करने की पहल की। उनके इस फैसले से अब मंदिर तक आवागमन सुगम हो गया है तथा ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। महाराज जी के शिष्य सोनू कुमार ने कहा कि गुरुदेव हमेशा समाज और धर्म के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने बताया कि मां काली मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और रास्ते की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। गुरुदेव ने लोगों की सुविधा को देखते हुए अपनी निजी भूमि देकर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि यह केवल रास्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा और धार्मिक आस्था के प्रति समर्पण का प्रतीक है। ग्रामीणों ने भी महाराज जी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह योगदान आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा।

ग्रामीणों एवं मंदिर श्रद्धालुओं ने श्री उमाशंकर दास जी महाराज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की है।

# सनातन धर्म की जड़ें ऋषियों की तपस्या,त्याग और ज्ञान में समाहित : जीयर स्वामी जी महाराज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**काराकाट / रोहतास** । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोथा के बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं गोरख परासी व धर्मागत परासी (सातों परसियां) गांव के मां काली मंदिर परिसर में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा,भक्ति और वैदिक ज्ञान की अद्भुत छटा देखने को मिली । महायज्ञ में श्रद्धालुओं को श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में ऋषि परंपरा की महिमा का विस्तार से वर्णन किया । उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की जड़ें ऋषियों की तपस्या,त्याग और ज्ञान में समाहित हैं ।

जब-जब समाज भटका है,तब-तब ऋषियों ने ही मानवता को धर्म और सत्य का मार्ग दिखाया है । स्वामी जी महाराज ने प्रवचन के दौरान ऋषि, महर्षि,राजर्षि,देवर्षि और ब्रह्मर्षि की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक ऋषि की साधना और कर्तव्य अलग-अलग होते हैं, लेकिन सभी का उद्देश्य मानव कल्याण और धर्म की स्थापना होता है । उन्होंने बताया कि ऋषि ज्ञान के साधक होते हैं,महर्षि महान तप और विद्या से युक्त होते हैं,राजर्षि राजधर्म का पालन करते हुए आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं,देवर्षि देवताओं और मानवों के बीच धर्म संदेश पहुंचाते हैं तथा ब्रह्मर्षि ब्रह्मज्ञान के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान होते हैं । प्रवचन के दौरान उन्होंने सत्य और धर्म की चर्चा करते हुए राजा हरिश्चंद्र के पिता राजा सत्यव्रत का भी उल्लेख किया । स्वामी जी ने कहा कि सत्यव्रत की परंपरा ने ही आगे चलकर सत्यवादी हरिश्चंद्र जैसे महान राजा को जन्म दिया,जिनकी सत्यनिष्ठा आज भी पूरे विश्व के लिए प्रेरणा है । मानव के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि मनुष्य का वास्तविक व्यक्तित्व उसके आचरण,संस्कार और विचारों से पहचाना जाता है,न कि धन और वैभव से । जिस व्यक्ति के भीतर सत्य,दया,संयम और सेवा का भाव होता है,वही वास्तविक अर्थों में महान व्यक्तित्व का धनी कहलाता है । महाराज जी के दिव्य एवं ज्ञानवर्धक प्रवचन को सुनने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही । पूरा यज्ञ परिसर वैदिक मंत्रोच्चार,भक्ति संगीत और जयघोष से भक्तिमय बना रहा । श्रद्धालु पूरे मनोयोग से कथा और प्रवचन का रसपान करते नजर आए । दोनों स्थानों के महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्षों ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान,पूजा-अर्चना,प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं ।

# मां की ममता को दर्शाती चित्र प्रदर्शनी का आयोजन, नए बच्चों को फ्रेशर पार्टी भी दी गई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास**। बरुना रोड स्थित कर्ण विद्या विहार के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही नए बच्चों को फ्रेशर पार्टी भी दी गई। नए छात्र-छात्राएंअपनी मां के साथ विद्यालय आए हुए थे। फ्रेशर पार्टी में बच्चों ने जमकर खाने का लुत्फ उठाया।वहीं विद्यालय के सभागार में मदर्स डे को लेकर एक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चित्रकार कौशलेश पांडेय की कला प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

प्रदर्शनी में कौशलेश पांडेय ने मां और बच्चे के अटूट रिश्ते को अपने रेखा चित्रों के माध्यम से जीवंत किया। उनके चित्रों में मातृत्व की भावना, त्याग और स्नेह को बड़ी बारीकी से दर्शाया गया था। अभिभावकों और बच्चों ने प्रदर्शनी को खूब सराहा। कई अभिभावकों ने कहा कि चित्र देखकर आंखें नम हो गईं। फिलहाल कर्ण विद्या विहार में बतौर कला शिक्षक के रूप में कार्यरत कौशलेश पांडेय की पहचान एक स्थापित चित्रकार के रूप में है। उनके चित्रों की प्रदर्शनी वाराणसी, दिल्ली ,उड़ीसा, चंडीगढ़ जैसे महानगरों में लग चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से सम्मानित कौशलेश कई बड़े प्रकाशनों के लिए बड़े साहित्यकारों की साहित्यिक किताबों के आवरण चित्र भी बनाते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक गण जिनमें खासकर महिलाएं मौजूद रहीं। कौशलेश पांडेय ने बताया कि छोटे बच्चों के साथ काम करके उन्हें सुकून मिलता है। बच्चों में रंगों की समझ भी बहुत अच्छी होती है। विद्यालय के निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने इस इस कला प्रदर्शनी को लेकर विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि कला से बच्चों में चारित्रिक निर्माण होता है। वही विद्यालय के प्रबंधक पप्पू सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में रचनात्मकता और संस्कार दोनों का विकास होता है।

## मनुष्य संसार में अनेक सहारों की तलाश करता है,लेकिन जब हर मार्ग बंद हो जाता है,तब भगवान की शरण ही जीवन का अंतिम और सच्चा सहारा बनती है : मुक्तिनाथ जी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**काराकाट / रोहतास** । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरख परासी व धर्मागत परासी (सातों परसियां) स्थित निज धाम मां काली मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव में रविवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला । महायज्ञ परिसर में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम के दौरान श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य मुक्तिनाथ महाराज जी ने शरणागत धर्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को समर्पण, विश्वास और भक्ति का संदेश दिया ।अपने प्रभावशाली प्रवचन में मुक्तिनाथ महाराज जी ने कहा कि मनुष्य संसार में अनेक सहारों की तलाश करता है,लेकिन जब हर मार्ग बंद हो जाता है,तब भगवान की शरण ही जीवन का अंतिम और सच्चा सहारा बनती है । जो व्यक्ति अपने अहंकार,क्रोध और मोह को त्यागकर प्रभु के चरणों में स्वयं को समर्पित कर देता है,उसके जीवन में कभी अंधकार नहीं रहता ।

भगवान अपने शरणागत भक्त को कभी निराश नहीं करते । उन्होंने कहा कि शरणागत होना कमजोरी नहीं,बल्कि आत्मा की सबसे बड़ी शक्ति है । भगवान श्रीराम ने भी विभीषण को शरण देकर यह संदेश दिया था कि जो सच्चे मन से प्रभु के द्वार पर आता है,उसे अपनाना ही धर्म है । महाराज जी ने कहा कि आज का मनुष्य धन और भौतिक सुखों के पीछे भागते-भागते मानसिक अशांति का शिकार हो रहा है,जबकि सच्ची शांति केवल भगवान की भक्ति और शरणागति में ही संभव है । उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में धर्म,दया,सेवा और संस्कार को अपनाएं तथा अपने बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ें। यज्ञ,कथा और सत्संग समाज को टूटने से बचाने वाले आध्यात्मिक आधार हैं, जो मानवता को नई दिशा देते हैं ।मुक्तिनाथ महाराज जी के प्रवचन के दौरान पूरा यज्ञ मंडप "जय श्रीराम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा । श्रद्धालु भावविभोर होकर प्रवचन सुनते रहे । महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना, हवन और सत्संग का लाभ उठा रहे हैं ।

# संघ शताब्दी वर्ष पर संस्कार भारती की चिंतन बैठक संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सीवान**। कला एवं साहित्य के लिए समर्पित संस्कार भारती की जिला इकाई सीवान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्ययोजना एवं चिंतन बैठक का आयोजन स्थानीय कलावती मैरिज हॉल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष राम प्रेम शंकर सिंह ने की। बैठक में समिति के मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, मीडिया प्रमुख डॉ. राकेश कुमार तिवारी, कला प्रमुख नीरज कुमार शर्मा, लोक कला प्रमुख डॉ. रूपेश कुमार तथा संरक्षक बृजमोहन प्रसाद सहित नगर के कला प्रेमियों एवं समिति सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ अशोक प्रियंवद ने कहा कि भारतीय कला, संगीत और संस्कृति समाज को संस्कारित एवं संवेदनशील बनाने की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती ने चार दशक पूर्व भारतीय जीवन मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जो अभियान शुरू किया था, उसका सकारात्मक प्रभाव अब समाज में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज जागरण और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त साधन है। चिंतन बैठक में संरक्षक जादूगर विजय ने आगामी योजनाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संघ संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार एवं गुरुजी के जीवन पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी, प्रतियोगिता और गीतमाला का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता तथा 'स्व' जैसे विषयों पर आधारित कला प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के विद्यालयों, मंदिरों, मठों एवं सामाजिक संस्थानों से प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को जोड़कर सांस्कृतिक चेतना को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विक्रम संवत 2083 के अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को डायरी भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सीवान की आध्यात्मिक पहचान को समर्पित एक विशेष गीत के विमोचन का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलदीप प्रज्वलन के साथ हुई तथा चंद्रमा चन्द्राराही जे. के नेतृत्व में गीत-संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संचालन अंजनी पांडे ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुमित कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, शशि कुमारी, सरोज कुमारी, प्रशांत कुमार, रंजन कुमार, विकास कुमार, ऋषभ कुमार, राजू कुमार, विजय शंकर एवं अन्य कलाकारों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इस अवसर पर अवधेश शर्मा, विनोद पांडेय, धीरज श्रीवास्तव, रणवीर श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मातृ दिवस पर महात्मा गाँधी शिक्षण संस्थान में भावनात्मक कार्यक्रम, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियाँ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**दरभंगा**। मातृ दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान की बंगाली टोला, लहेरियासराय तथा वाजितपुर (बीएमपी-13 के निकट) शाखाओं में भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और मातृत्व के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे, वहीं विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बंगाली टोला शाखा में आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी हरि प्रिया तथा विशिष्ट अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रमोद कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रावणी शिखा, चेयरमैन हीरा कुमार झा, प्रबंधक राजीव कुमार एवं अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत मिथिला परंपरा के अनुरूप किया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्या श्रावणी शिखा ने कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं और उनके संस्कार ही समाज की दिशा तय करते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार ने कहा कि "मां है तो संसार है" तथा बच्चों की सुरक्षा और वैधानिक अधिकारों को लेकर भी अभिभावकों को सजग रहने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि हरि प्रिया ने अपने संबोधन में मां के प्रेम, त्याग और समर्पण को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता का सम्मान करने और उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। साथ ही वर्तमान समय में माताओं की जिम्मेदारियों और अधिकारों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

अध्यक्षीय संबोधन में चेयरमैन हीरा कुमार झा ने कहा कि माताएं समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिवार और विद्यालय दोनों की समान भूमिका होती है। उन्होंने विद्यालय के प्रति अभिभावकों के विश्वास और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अजय झा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में नैतिक मूल्यों और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना विद्यालय की प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईटेंशन तार के चपेट में आने से एक युवती गंभीर रूप से घायल



**भागलपुर**। जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के मसदी पंचायत वार्ड नम्बर आठ के शिवनंदनपुर विंद टोला के बहियार में रविवार को हाईटेंशन तार (33 हजार पावर) के चपेट में आने से एक युवती हुए गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे ईलाज के लिए रेफर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिय। घटना को लेकर मसदी मुखिया प्रतिनिधि सुभाष यादव ने बताया कि घायल युवती का नाम वीणा कुमारी, उम्र 14 वर्ष पिता चमन बिंद साकिन शिवनंदनपुर की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि यह हाईटेंशन तार 33 हजार का लगभग डेढ़ साल से लावारिस अवस्था में एक खेत के बहियार में गिरा हुआ है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को लिखित आवेदन दिया गया। लेकिन विभाग के द्वारा हाईटेंशन तार को नहीं हटाया गया। हाईटेंशन तार ठीक नहीं होने के कारण आज यह युवती वीणा कुमारी गंभीर रूप से घायल होने पर मायागंज में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है।

### मंत्री बनने के बाद बधाईयों का सिलसिला जारी

**भागलपुर**। बिहपुर विस के भाजपा विधायक ई.शैलेंद्र और गोपालपुर विस के जदयू विधायक शैलेश कुमार उर्फ बूलो मंडल को क्रमशः बिहार राज्य के पथ निर्माण मंत्री और उर्जा मंत्री बनने के बाद बधाई मिलने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को बिहपुर प्रखंड के औलियाबाद निवासी सह जदयू के प्रदेश सचिव सह टीएमबीयू के सीनेट सदस्य सह बिहार राज्य नागरिक परिषद के सदस्य पप्पू सिंह निषाद पटना में ईं.शैलेंद्र से मिले। श्री निषाद ने ईं.शैलेंद्र के साथ-साथ गोपालपुर विधायक बूलो मंडल का राज्य के उर्जा मंत्री के रूप में बिहार केबिनट में स्थान मिलना क्षेत्र के लिए हर्ष और गौरव का क्षण बताते हुए ईं.शैलेंद्र को बुके और अंगवस्त्र भेंटकर बधाई दिया। नवगछिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि मंत्री ईं.शैलेंद्र सोमवार को पटना में मंत्रालय के कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण करेगें। जबकि रविवार को मंत्री ईं.शैलेंद्र बेगूसराय के नावकोठी प्रखंड अंतर्गत द्वारिका कोठी ओर चक मुजफ्फर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम शामिल हुए। इधर प्रभुनंदन चौधरी, उत्तम कुमार, ईं.कुमार गौरव, रूपेश रूप, अजय उर्फ माटो, लालमोहन, सिंटू, सदानंद, दिलीप महतो, ब्रजेश चौधरी, बाल्मिकी मंडल, रंजीत गुप्ता, ब्रजेश शर्मा नागर और सौरव आदि ने कहा कि राज्य में विकास की गाड़ी पूरी रफ्तार से दौड़ेगी।

### नई ट्रेनों के परिचालन के साथ यात्री सुविधा में विस्तार को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स की मांग,डीआरएम को लिखा पत्र

**अररिया**। अररिया जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स ने समस्तीपुर डीआरएम को पत्र लिखकर नई ट्रेनों के परिचालन के साथ यात्री सुविधाओं में विस्तार को पत्र लिखा है।अध्यक्ष मूलचंद गोलछा और सचिव राकेश रोशन ने पत्र के माध्यम से 15501/02 रक्सौल जोगबनी एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार द्विसाप्ताहिक से त्रिसाप्ताहिक सिलीगुड़ी तक करने,05737/38 नरकटियागंज-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन को स्थायी परिचालन करते हुए गुवाहाटी तक विस्तार करने,दरभंगा से गुवाहाटी के लिए त्रिसाप्ताहिक वाया झंझारपुर,नरपतगंज,फारबिसगंज,अररिया,सिलीगुड़ी तक ट्रेन का परिचालन शुरू करने,फारबिसगंज से वाया नरपतगंज,सुपौल,सहरसा,खगड़िया,मुंगेर, सुल्तानगंज,भागलपुर,बांका होते हुए देवघर तक बाबाधाम एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू करने,फारबिसगंज सहरसा के बीच परिचालित एक जोड़ी ट्रेन को चार जोड़ी ट्रेन करने,गुवाहाटी से सिलीगुड़ी,ठाकुरगंज,अररिया,फारबिसगंज,दरभंगा होते हुए नई दिल्ली तक नई राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू करने की मांग की है। प्रेषित पत्र में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने फारबिसगंज प्लेटफार्म संख्या तीन और चार पर ट्रेन में पानी के भरने का प्रावधान,ट्रेनों में जीआरपी और आरपीएफ की प्रतिनियुक्ति,फारबिसगंज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन रनिंग रुम का काम शीघ्र पूरा करने,सुभाष चौक स्थित केजे 65 पर रेल लाइन जोड़ने का काम शीघ्र करने,प्लेटफार्म संख्या चार का उपयोग यात्री ट्रेनों के परिचालन में उपयोग करने के साथ ही चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डीआरयूसीसी और स्टेशन सलाहकार समिति में चैंबर के प्रतिनिधि का मनोनयन करने की मांग की गई है। प्रेषित पत्र की प्रतिलिपि जारी करते हुए जानकारी चैंबर के सचिव राकेश रोशन ने दी।

### जन शिक्षा नीति 2026 पर मंथन, एआईएसईसी ने एनईपी 2020 को बताया शिक्षा-विरोधी

**भागलपुर**। गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र भागलपुर में रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विकल्प के रूप में प्रस्तावित जन शिक्षा नीति 2026 को लेकर एक महत्वपूर्ण कन्वेंशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य, एनईपी 2020 और जन शिक्षा नीति 2026 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षकों, छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी यानी के जिला संयोजक रवि कुमार सिंह ने कहा कि संगठन शुरू से ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विरोध करता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नीति जन-विरोधी और शिक्षा-विरोधी है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 के खिलाफ देशभर में विचार-गोष्ठियां, सेमिनार, हस्ताक्षर अभियान और संसद मार्च जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। साथ ही जन शिक्षा नीति 2026 को देश के छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के हित में बेहतर विकल्प बताया गया। कन्वेंशन में मौजूद वक्ताओं ने शिक्षा को निजीकरण से बचाने और सभी वर्गों के लिए समान एवं सुलभ शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में जन शिक्षा नीति 2026 को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया।



### कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**भागलपुर**। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रवीण सिंह कुशवाहा के आकस्मिक निधन पर रविवार को जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम का नेतृत्व जिला के प्रभारी राहुल सिंह चौहान ने किया एवं संचालन राजेश रंजन राजू ने किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय प्रवीण सिंह कुशवाहा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में संगठन के प्रति अद्भुत ईमानदारी, निष्ठा, समर्पण एवं संघर्षशीलता का परिचय दिया। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने तथा जनसरोकार के मुद्दों को मजबूती से उठाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। उनका निधन कांग्रेस परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय प्रवीण सिंह कुशवाहा का सरल स्वभाव, कर्मठता और संगठन के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उनके नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमिटी ने कई महत्वपूर्ण जनआंदोलनों और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान की। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय प्रवीण सिंह कुशवाहा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया तथा उनके तैलचित्र पर बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# विक्रमशिला सेतु ध्वस्त, सब्जी और केला कारोबार प्रभावित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर**। पूर्वी बिहार और सीमांचल का लाइफलाइन माने जाने वाले विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद से भागलपुर की व्यापारिक व्यवस्था पूरी तरह बदल गई है। विशेषकर सब्जी और केला कारोबार पर इसका बड़ा असर पड़ा है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर हरी सब्जियों और केले का एक बड़ा बाजार है, जहां गंगा पार के इलाकों से रोजाना भारी मात्रा में सामान आता था। पहले प्रतिदिन हजारों क्विंटल सब्जियां गंगा पार से भागलपुर पहुंचती थीं, लेकिन पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद स्थिति काफी खराब हो गई है। अब सब्जी और केला कारोबारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई व्यापारी कम दाम में ही गंगा पार के इलाकों में अपनी उपज बेचने को मजबूर हो गए हैं। गंगा पार से आने वाली अलग-अलग किस्म की सब्जियों की आवक लगभग ठप हो गई है। इतना ही नहीं, भागलपुर बाजार में केले के सबसे बड़े सप्लायर नवगछिया के किसान थे। पहले सुबह 6 बजे से ही केला व्यापारी पुल के रास्ते साइकिल और अन्य वाहनों से बाजार पहुंचने लगते थे, लेकिन अब यह व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि भागलपुर उनके लिए सबसे बड़ा बाजार था। यहां की मंडियों में सुबह 4 बजे तक सब्जियां पहुंच जाती थीं, जहां से छोटे व्यापारी खरीदकर अलग-अलग जगहों पर बेचते थे। इससे सामान आसानी से बिक जाता था और अच्छे दाम भी मिलते थे। लेकिन अब सब्जी लाने में काफी परेशानी हो रही है। बहुत कम मात्रा में सब्जियां गंगा पार से आ पा रही हैं, जिसके कारण बाजार में कीमत काफी बढ़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार के भागलपुर में विक्रमशिला सेतु का एक हिस्सा (पिलर संख्या 133 के पास) 4 मई 2026 की रात टूटकर गंगा नदी में समा गया था। जिससे भागलपुर और नवगछिया के बीच सीधा संपर्क टूट गया है। इस मुख्य मार्ग के ठप होने से हरी सब्जी, दूध और केलों की भारी किल्लत हो गई है और दाम भी बढ़ गए हैं। नवगछिया से आने वाले हज़ारों क्विंटल सब्जी और केले का शहर आना बंद हो गया है। सब्जी और फल व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है, माल समय पर न पहुंचने से कालाबाजारी की आशंका है। पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। उधर जिलाधिकारी ने माल के आवागमन के लिए बड़े मालवाहक जहाज (स्टीमर) की व्यवस्था करने की योजना बनाई है, ताकि सब्जी और अन्य सामान की किल्लत कम की जा सके। पुल को चालू होने में 3-4 महीने तक का समय लग सकता है। प्रशासन ने लोगों से मुंगेर के रास्ते या नाव से यात्रा करने की सलाह दी है।

#### 6 घंटे में अपहृत किशोर सकुशल बरामद

## खगड़िया स्टेशन से पुलिस ने किया रेस्क्यू, चचेरा जीजा गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर में शनिवार को हुए 10 साल के लड़के आर्यन के अपहरण मामले का पुलिस ने महज छह घंटे के अंदर सफल उद्भेदन कर अपनी तत्परता का परिचय दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल लोकेशन के आधार पर अपहृत बच्चे को खगड़िया स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी गौरव कुमार को गिरफ्तार किया है, जो रिश्ते में बच्चे का चचेरा जीजा बताया जा रहा है।

**स्कूल से लौटने के दौरान बहला-फुसलाकर ले गया आरोपीः** जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा निवासी रुपेश साह का 10 वर्षीय पुत्र आर्यन शुक्रवार की सुबह रोज की तरह छोटी केलावाड़ी स्थित कन्या मध्य विद्यालय पढ़ने गया था। विद्यालय की छुट्टी के बाद जब वह घर लौट रहा था, तभी आरोपी गौरव कुमार उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने बच्चे को दो हजार रुपये देने का लालच दिया था। इसके बाद वह उसे लेकर फरार हो गया।

**घर नहीं पहुंचने पर बढ़ी परिजनों की चिंताः** दोपहर तक आर्यन के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवार के लोगों ने आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। काफी तलाश के बाद परिजन कोतवाली थाना पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल हरकत में आ गई और तकनीकी जांच शुरू कर दी।

**मोबाइल ट्रैकिंग से मिला अहम सुरागः** इसी दौरान आर्यन की मां भारती देवी के मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें बच्चे को वापस करने की बात कही गई। हालांकि जब दोबारा उस नंबर पर संपर्क किया गया तो वह यात्री सेवा का नंबर निकला।

## विक्रमशिला पुल क्षतिग्रस्त, पहुंच पथ बना बच्चों का खेल मैदान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। शहर में विक्रमशिला पुल का क्षतिग्रस्त पहुंच पथ इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कभी भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लगातार आवाजाही के लिए पहचानी जाने वाली यह सड़क अब बच्चों के खेल मैदान में तब्दील होती नजर आ रही है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण जहां एक ओर यातायात पूरी तरह प्रभावित है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय बच्चे इस सुनसान पड़े रास्ते को अपने खेल और मनोरंजन का केंद्र बना चुके हैं। शाम होते ही यहां का दृश्य बिल्कुल अलग दिखाई देता है। सड़क पर बच्चे क्रिकेट खेलते नजर आते हैं, तो कुछ बच्चे साइकिल चलाना सीख रहे हैं। कई लोग यहां शाम की सैर करने भी पहुंच रहे हैं। दुर्घटना के खतरे से मुक्त इस खाली पड़े रास्ते पर लोगों को कुछ समय के लिए राहत और खुलापन महसूस हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण बच्चों को बाहर निकलने में भी डर लगता था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। हालांकि, इस बदले हुए दृश्य के पीछे एक गंभीर समस्या भी छिपी हुई है। पुल का क्षतिग्रस्त पहुंच पथ प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। यातायात बाधित होने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार, आवागमन और दैनिक जीवन पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द पुल मरम्मत का कार्य शुरू कर स्थिति सामान्य करनी चाहिए। फिर भी इस सुनसान सड़क पर खेलते बच्चों की मुस्कान एक अलग संदेश देती है।

## शहर को कचड़ा मुक्त बनाने को लेकर समाजसेवी का सत्याग्रह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर स्मार्ट सिटी की पहचान इन दिनों सड़कों पर बिखरे कचरे और गंदगी के अंबारों से होने लगी है। प्रशासन की इसी बेरुखी के खिलाफ अब एक युवा ने गांधीवादी संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता आलोक यादव शहर को कचरा मुक्त बनाने और नगर निगम की सुस्त कार्यप्रणाली को पटरी पर लाने के लिए 21 दिनों की भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। उनकी यह तपस्या अब धीरे-धीरे एक जन-आंदोलन का रूप ले रही है, जिसने नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन तक की नींद उड़ा दी है। धरना स्थल पर डटे आलोक यादव ने रविवार को बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था केवल कागजों और टेंडरों तक सीमित होकर रह गई है, जबकि धरातल पर आम जनता बदबू और बीमारियों के बीच जीने को मजबूर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक डंपिंग यार्ड का वैज्ञानिक निस्तारण और हर वार्ड में कचरा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक उनका यह अन्न त्याग जारी रहेगा। जैसे-जैसे अनशन के दिन बढ़ रहे हैं, आलोक की शारीरिक स्थिति तो कमजोर हो रही है, लेकिन उनकी आंखों में अपने शहर को सुंदर बनाने की चमक और भी बढ़ती जा रही है। इस आंदोलन की गूंज अब गली-मोहल्लों तक पहुंच चुकी है और भारी संख्या में शहरवासी उनके समर्थन में धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि जो काम वर्षों से नगर निगम के करोड़ों के बजट नहीं कर पाए, उसे आलोक ने अपनी भूख की शक्ति से कर दिखाया है। यानी सोए हुए सिस्टम को झकझोरना। डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है, फिर भी आलोक अपनी जिद पर अडिग हैं। अब भागलपुर की जनता की निगाहें प्रशासनिक गलियारे पर टिकी हैं कि क्या सत्ता के शिखर पर बैठे अधिकारी इस 'सत्याग्रही' की आवाज सुनेंगे या शहर फिर से उसी गंदगी के साये में जीने को अभिशप्त रहेगा।

## युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ भागलपुर में मुख्यमंत्री का जलाया पुतला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। पटना में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे बेरोजगार युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के खिलाफ रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भागलपुर में एस एस आई के छात्र संगठनों ने पुतला दहन किया। पटना के सड़कों पर टीआरई-4 के विज्ञापन की मांग को लेकर बेरोजगार युवा प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं प्रदर्शनकारियों पर पटना की पुलिस द्वारा बेरहमी से पिटाई कर अत्याचार करने जैसे गंभीर आरोप अभ्यर्थी ने सरकार पर लगाया है। पटना में किए गए अभ्यर्थी के पिटाई एवं अत्याचार को लेकर भागलपुर में छात्र आक्रोशित हो गए हैं। जहां तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के मुख्य प्रवेश द्वार पर सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान एस एस ए आई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष लालू यादव ने कहा कि बिहार की सरकार निरंकुश हो गई है। जब बेरोजगार छात्र रोजगार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर उतरते हैं तो उसके जबाब में सरकार रोजगार की जगह लाठीयां बरसाती है।

## नप चेयरमैन के अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद के चेयरमैन राजकुमार गुड्डू की 12 दिनों तक चले इलाज के बाद शनिवार को पटना में मौत हो गई। रविवार सुबह हिंदू रीति-रिवाज के साथ उनकी अंतिम यात्रा सुल्तानगंज बाजार स्थित पैतृक आवास से निकल कर चौक बाजार होते हुए सुल्तानगंज के नमामि गंगा घाट स्थित मुक्तिधाम पहुंचा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुबह से ही उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी थी। जैसे ही पार्थिव शरीर को अंतिम यात्रा के लिए बाहर निकाल गया, माहौल गमगीन हो उठा। लोगों की आंखें नम थीं और हर कोई अपने लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को अंतिम विदाई देने पहुंचा था। अंतिम यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और आम लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। सबसे पहले उनका पार्थिव शरीर उनके आवास के पास संतसंग मंदिर, चौक बाजार स्थित मिठाई दुकान, सब्जी मंडी बाज़ार दुकान पर ले जाया गया, जहां लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने कंधा देकर अंतिम यात्रा को आगे बढ़ाया। यात्रा के दौरान 'राजकुमार गुड्डू अमर रहे' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा शहर और इलाका गूंज उठा अंतिम यात्रा सुल्तानगंज बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए गंगा घाट की ओर बढ़ी। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कई लोग अपने घरों और दुकानों के बाहर खड़े होकर नम आंखों से अंतिम दर्शन करते नजर आए। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। सुल्तानगंज इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार, प्रशिक्षु एएसपी सायम रजा समेत कई पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ती रही। सुल्तानगंज के नमामि गंगा घाट स्थित मुक्तिधाम में चैयरमेन राज कुमार गुड्डू के बड़े पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि देखकर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर अजगैविनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष टुनटुन साह, आत्मा दास ठाकुरवाड़ी के महंत अनुज मुनि, बीडीओ संजीव कुमार, प्रशिक्षु एसएसपी सायम रजा, इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार, सैनिक संगठन सहित कई आला अधिकारी, सभी दल के नेता, वार्ड पार्षद, मुखिया एवं शहर के हजारों लोग मौजूद थे।

## विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने को लेकर पूर्वी रेलवे ने देवघर और सरायगढ़ के बीच शुरू की अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। गंगा नदी पर बने विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के कारण भागलपुर और उत्तर-पूर्वी बिहार एवं सीमांचल क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। इसे देखते हुए, पूर्वी रेलवे ने जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवघर और सरायगढ़ के बीच 31 मई, 2026 तक अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को मालदा डिवीजन के पीआरओ ने दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण पुल के बाधित होने से भागलपुर और कटिहार, सहरसा, मधेपुरा, नवगछिया, किशनगंज एवं आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बीच यात्रा करने वाले निवासियों, छात्रों, व्यापारियों, कार्यालय जाने वालों और दैनिक यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। आम जनता को होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, पूर्वी रेलवे ने परिवहन का एक वैकल्पिक और विश्वसनीय माध्यम प्रदान करने के लिए त्वरित कार्रवाई की है। देवघर और सरायगढ़ के बीच इस अनारक्षित मेमू विशेष ट्रेन सेवा का उद्देश्य निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करना और यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाना है। गाड़ी संख्या 05573 सरायगढ़-देवघर अनारक्षित विशेष ट्रेन 31.05.2026 तक प्रतिदिन 03:05 बजे सरायगढ़ से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 11:20 बजे देवघर पहुँचेगी तथा गाड़ी संख्या 05574 देवघर-सरायगढ़ अनारक्षित विशेष ट्रेन 31.05.2026 तक प्रतिदिन 11:35 बजे देवघर से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22:15 बजे सरायगढ़ पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में यात्रा के दौरान पूर्वी रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले बांका, बाराहाट, भागलपुर, सुल्तानगंज, रतनपुर और मुंगेर स्टेशनों पर रुकेगी।

#### बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

## सड़क किनारे साइकिल लेकर खड़ा था युवक, आरोपी बाइक चालक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 21 वर्षीय छात्र पुटूस कुमार की मौत हो गई। पुटूस रतनपुर निवासी जयराम मंडल के पुत्र थे और स्नातक की पढ़ाई के साथ-साथ आईटीआई की तैयारी कर रहे थे। यह घटना रविवार सुबह करीब आठ बजे हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पुटूस कुमार अपने घर के पास सड़क किनारे साइकिल लेकर खड़े थे। सड़क के एक हिस्से में बालू गिरा होने के कारण रास्ता संकरा हो गया था। इसी दौरान पाटम की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया।

**आरोपी मार्शल कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गयाः** टक्कर इतनी भीषण थी कि पुटूस गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने काफी प्रयास किया। हालांकि, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाला बाइक सवार गांव का ही मार्शल कुमार है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बाइक को जब्त कर लिया है। आरोपी मार्शल कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बरियारपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**मुआवजे सहित अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहेः** परिजन शव को लेकर गांव लौट गए और आरोपी के घर के सामने शव रखकर मुआवजे सहित अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, और मौके पर पुलिस बल तैनात है। वह इस घटना को लेकर बरियारपुर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि घटना को लेकर ग्रामीण उग्र हो गए थे जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना ले आया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तिलक समारोह में तमंचे पर डांस, भोजपुरी गानों पर महिला डांसर के साथ युवक ने लहराई पिस्टल

**आरा।** आरा में तिलक समारोह के दौरान हथियार लहराते हुए डांस करने का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में महिला डांसर के साथ दो युवक भोजपुरी गानों पर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। एक युवक मंच पर खुलेआम पिस्टल लहराते दिख रहा है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव की है। जानकारी के मुताबिक गांव में 3 मई को तिलक समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक मंच के पास पहुंचकर डांस करने लगे। इसी बीच एक युवक हाथ में पिस्टल लेकर लहराते हुए दिखाई दिया। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पवना थाना पुलिस ने तिलक समारोह के आयोजक समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की तकनीकी जांच कराई जा रही है। हथियार का प्रदर्शन करना और सार्वजनिक कार्यक्रम में कानून व्यवस्था भंग करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस गांव और आसपास के इलाकों में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शादी-विवाह और तिलक समारोह में हथियारों का प्रदर्शन लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, टक्कर के बाद 15 फीट गहरी खाई में गिरी



**आरा।** भोजपुर में बारातियों से भरी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद 15 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में छह बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव स्थित बलवा इनार के पास की है। घायलों में कोइलवर के हरंगी टोला निवासी धर्मवीर कुमार, शत्रुघन यादव, नीरज यादव, विकास यादव, बड़हरा के शिवनचक गांव निवासी सुनील यादव और चांदी के भदवर गांव के रहने वाले चंदन कुमार शामिल है। सभी लोग पचरुखिया गांव से स्कॉर्पियो पर सवार होकर बारात में शामिल होने के लिए खवासपुर जा रहे थे। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद सुनील यादव, शत्रुघ्न यादव, नीरज यादव और विकास यादव को डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। चारों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जबकि 2 लोगों का इलाज आरा में चल रहा है।

### ग्राम रक्षा दल लोकतंत्र के सम्मानित प्रहरी-प्रदेश महामंत्री

**बक्सर।** बक्सर के किला मैदान में बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल के तत्वावधान में पंजीकृत ग्राम रक्षा दल के सिपाहियों के लिए 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक आनंद मिश्रा, पूर्व मंत्री एवं विधायक संतोष कुमार निराला तथा ग्राम रक्षा दल बिहार के प्रदेश महामंत्री कमलेश राय ने संयुक्त रूप से किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्राम रक्षा दल के सदस्य, पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्द लाल राज ने की। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था में ग्राम रक्षा दल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से जवानों को अनुशासन, सुरक्षा प्रबंधन, सामाजिक जिम्मेदारियों और आपदा के समय कार्य करने की बेहतर जानकारी मिलेगी, जिससे गांवों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। सदर विधायक आनंद मिश्रा और पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला ने आश्वासन दिया कि विधानसभा में ग्राम रक्षा दल की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने मानदेय भत्ता की मांग को सरकार के समक्ष रखने की बात कही और भरोसा दिलाया कि जवानों के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रयास जारी रहेगा। प्रदेश महामंत्री कमलेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम रक्षा दल केवल पंचायतों की सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि लोकतंत्र के सम्मानित प्रहरी भी हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम रक्षा दल की स्थापना आजादी के बाद गांवों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने विभिन्न राज्यों में ग्राम रक्षा दल को मिलने वाले मानदेय का उल्लेख करते हुए बिहार सरकार से भी उचित मानदेय देने की मांग की। उन्होंने जानकारी दी कि 30 दिनों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सरकार द्वारा विस्तृत शेड्यूल जारी किया गया है। प्रशिक्षण प्रतिदिन आठ घंटे चलेगा। पहली घंटी राष्ट्रगीत से शुरू होगी, जबकि अंतिम सत्र बिहार गीत के साथ समाप्त किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला महासचिव अरविंद कुमार, प्रवक्ता शांति दास पाठक, प्रभारी संजीत विजय, उपाध्यक्ष वरुण कुमार, मीडिया प्रभारी सुरेश सागर, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रेमा राज, अरुण कुमार, अनुग्रह कुमार, राजा बाबू, चंदन कुमार, शैलेश कुमार, डिम्पल कुमारी, साकेत कुमार सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीआरई-4 लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

## भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने फूंका सम्राट चौधरी का पुतला, शिक्षक बहाली जारी करने की मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के डुमरांव में रविवार दोपहर भाकपा-माले, आइसा और आरवाईए के कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन पटना में TRE-4 शिक्षक बहाली की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में डुमरांव थाना के सामने किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस कार्रवाई की निंदा की।




**आवाज दबाने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल कियाः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के जिला सचिव नवीन कुमार, डुमरांव प्रखंड सचिव धर्मेन्द्र यादव, जिला कमिटी सदस्य ललन राम और नगर कमिटी नेता सर्वेश पाण्डेय ने कहा कि 8 मई को पटना में TRE-4 अभ्यर्थी शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने उनकी आवाज दबाने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया, जिसमें कई अभ्यर्थी घायल हुए और महिला अभ्यर्थियों के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया गया।

**नई बहाली निकालने के बजाय युवाओं का दमन कर रहीः** नेताओं ने यह भी कहा कि बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं, लेकिन सरकार नई बहाली निकालने के बजाय युवाओं का दमन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू सरकार रोजगार देने में विफल रही है और जब भी युवा रोजगार व शिक्षा के लिए आंदोलन करते हैं, सरकार पुलिस के बल पर उसे कुचलने का प्रयास करती है।

वक्ताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका "असल चरित्र" सामने आ गया है। संगठनों ने मांग की कि TRE-4 की रिक्तियां तत्काल जारी की जाएं, अभ्यर्थियों की सभी जायज मांगें पूरी हों और लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, घायल अभ्यर्थियों के इलाज और मुआवजे की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। इस कार्यक्रम में खेग्रामस जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर सचिव कृष्णा राम, गोरी शंकर गुप्ता, एपवा नेत्री पूजा कुमारी, ऊषा देवी, गोरी गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, मो. नासिर हसन, जाबिर कुरैशी, मैनुद्दीन, कन्हैया ठाकुर और महबूब आलम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी से मिलने ससुराल जा रहा था



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में ससुराल जा रहे युवक की मौत हो गई है। खून से लथपथ हालत में सड़क पर मिला। मृतक शेखर बिंद(24) बक्सर जिला के पहाड़पुर गांव के रहने वाले थे। पेशे से बोरिंग मिस्त्री थे। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मल्थर गांव के पास की है। पिता प्रेमचंद बिंद ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसकी पत्नी अपने बच्चों को लेकर जयनगर गांव अपने मायके गई थी। उसी से मिलने के लिए वह बाइक जा रहा था, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। टक्कर लगने के बाद डायल-112 की टीम ने सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अपने तीन बहन और दो भाई में तीसरे स्थान पर था। परिवार में मां बसंती देवी, पत्नी प्रिया देवी, एक पुत्र रवि और पुत्री पंती है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मां, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शंकर हत्याकांड में एफआईआर दर्ज, पिता-पुत्र गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने शंकर हत्याकांड में कार्रवाई तेज कर दी है। मृतक के पिता रामनरेश शर्मा के बयान पर अशोक शर्मा और उनके पुत्र अनिल शर्मा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। घर से बुलाकर ले जाने, इसके बाद हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जिले के चौरी थाना क्षेत्र के दुल्लमचक गांव की है। रामनरेश शर्मा ने बताया कि पूर्व से जमीन विवाद चल रहा था। आरोपी अशोक शर्मा का भतीजा एक साल पहले भतीजी को लेकर फरार चल रहा था। जिसको लेकर भी दोनों पक्षों में विवाद था। शंकर शर्मा ने विरोध किया था। इसी रंजिश में पिता-पुत्र ने मिलकर धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। भाई चांद देव शर्मा ने बताया कि शंकर ने गांव के ही एक व्यक्ति से 200 रुपए उधार लिए थे। गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे उसी पैसे की मांग को लेकर दोनों



के बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। हालांकि गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिया था। खाना खाने के बाद शंकर घर में सो रहे थे। देर रात किसी ने फोन किया था। इसके बाद वो कब से निकले मुझे नहीं पता। रात करीब दो बजे जब घर के लोग बाहर चापाकल गए तो देखा कि वह जमीन पर खून से लतपथ मृत अवस्था में पड़े थे। शोर मचाने पर परिवार के सदस्य जागे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वही, इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था। छानबीन की जा रही है।

## छापेमारी के लिए सिविल ड्रेस में पहुंची पुलिस, लोगों का हंगामा, दरोगा पर शराब पीकर कार्रवाई करने का लगाया आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के सलेमपुर बाजार स्थित एक मिठाई दुकान में सिविल ड्रेस में की गई पुलिस छापेमारी अब विवादों में घिर गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई तीखी नोकझोंक का वीडियो सामने आया है। छापेमारी करने पहुंचे दरोगा अभिषेक कुमार पर कुछ स्थानीय लोग शराब पीकर कार्रवाई करने का आरोप लगा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना धोबहा थाना क्षेत्र की है।

**6 लोगों की केस दर्जः** इस मामले में दरोगा अभिषेक कुमार के बयान पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, हंगामा करने, मोबाइल छीनने, गलत एवं भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आइटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। दूसरी ओर वायरल वीडियो के बाद पुलिस



की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं, खासकर सिविल ड्रेस में छापेमारी को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

**एसडीपीओ-वन जांच कर रहे हैंः** भोजपुर एसपी राज ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित दरोगा की मेडिकल जांच कराई गई थी। ब्लड और यूरिन जांच में अल्कोहल की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। सिविल ड्रेस में रेकी और छापेमारी किए जाने के पहलू की भी अलग से जांच होगी। इसकी जिम्मेदारी सदर एसडीपीओ-वन को सौंपी गई है। पुलिस यह जानने में जुटी है कि दरोगा किस सूचना के आधार पर वहां पहुंचे थे और घटनास्थल पर वास्तव में क्या हुआ था।

**शराब की सूचना पर पहुंची थी पुलिसः** धोबहा थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि उक्त मिठाई दुकान में शराब छिपाकर रखने और बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। इसी शिकायत के आधार पर दरोगा अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम वहां पहुंची थी। छापेमारी के दौरान कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। फिलहाल वरीय पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटे हुए हैं।

## गंगा में डूबने से 9 साल के बच्चे की मौत, बक्सर में त्रिमुहानी घाट पर दोस्तों संग खेलते समय हादसा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर के त्रिमुहानी घाट पर शनिवार शाम गंगा नदी में डूबने से नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कोईरपुरवा मोहल्ला स्थित ईसाई कब्रिस्तान के पास छोटेलाल का बेटे बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। बिट्टू शनिवार दोपहर घर के आसपास के बच्चों के साथ घूमने गया था। खेलते-खेलते सभी बच्चे त्रिमुहानी घाट पहुंच गए। इसी दौरान गंगा नदी के किनारे नहाने अथवा खेलने के क्रम में बिट्टू अचानक गहरे पानी में चला गया और नदी में डूब गया। घटना के समय वहां मौजूद अन्य बच्चे घबरा गए और शोर मचाने लगे। आसपास के लोगों ने बच्चे को खोजने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। शाम करीब चार बजे



बच्चों और स्थानीय लोगों के माध्यम से परिजनों को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही परिवार के लोग बदहवास हालत में घाट पर पहुंचे।

**स्थानीय लोगों ने बच्चे को निकाला बाहरः** स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को नदी से बाहर निकाला गया और तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद बिट्टू कुमार को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि बिट्टू कुमार पुराना बस स्टैंड स्थित एक सरकारी विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। शनिवार को सेकेंड सैटरडे होने के कारण स्कूल बंद था, जिसकी वजह से वह दोस्तों के साथ घूमने निकल गया था।

**वार्ड पार्षद ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वनाः** घटना की सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनोद माली मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने संबंधित थाना पुलिस को भी मामले की जानकारी दी। नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## युवक ने जीजा के भाई को मारी गोली



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में गर्लफ्रेंड से बात करने से मना करने पर एक युवक ने जीजा के भाई को गोली मार दी। गोली बाएं हाथ की बांह में लगी और पार होते हुए सीने में जा धंसी। गंभीर रूप से जख्मी युवक ने खून से लथपथ हालत में अपने भाई को फोन कर जानकारी दी। जिसके बाद परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नौरंगा गांव निवासी सोनू कुमार ठाकुर(25) के तौर पर हुई है। जो पेशे से डेयरी संचालक है। घटना कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया मोड़ के पास की है।

**लड़की से बात करने के लिए मना किया थाः** घायल ने बताया कि बड़े भाई का साला साधु राय मेरे घर पर आया था। रविवार की सुबह दोनों दरवाजे पर बैठे थे। इस दौरान वो एक युवती से मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। पूछताछ करने पर बताया कि वह ओझवलिया गांव की एक लड़की से बात कर रहा है। इस पर मैंने विरोध जताया, कहा कि जिस लड़की से वह बात कर रहा है, उसके परिवार के लोग उसकी डेयरी में दूध देते हैं। गांव में लोग उसके बारे में गलत बातें करेंगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। साधु राय गाली-गलौज करने लगा। बीच-बचाव करने पहुंची सोनू की पत्नी के साथ भी उसने अभद्र व्यवहार किया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया।

**गंभीर परिणाम भुगतने की धमकीः** सोनू ने आगे बताया कि मामला शांत होने के बाद दूध लेकर बक्सर जिले के पररी गांव स्थित अमूल डेयरी जा रहा था। तभी ओझवलिया मोड़ के पास आरोपी बाइक से पीछा करते हुए पहुंचा और ओवरटेक कर गाड़ी रोक दी। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए कमर से कट्टा निकालकर गोली मार दी।

दोबारा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित के बयान के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 736 मामलों का निपटारा, 2.24 करोड़ रुपए के विवादों का हुआ समाधान, दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल की गई वितरित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में शनिवार को वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 736 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया। इन मामलों में करीब 2 करोड़ 24 लाख 60 हजार 572 रुपए की समझौता राशि शामिल थी। विभिन्न मामलों के निपटारे के लिए कुल 14 बेंचों का गठन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय की माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती सोनी श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वे न्यायमंडल बक्सर की निरीक्षी न्यायाधीश भी हैं। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर सुश्री





काजल झाम्ब, जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला, पुलिस अधीक्षक श्री शुभम आर्य, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बबन ओझा और प्रथम प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री मनोज कुमार सहित कई न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल-स्कूल बैग की गई वितरितः** इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव एवं अवर न्यायाधीश श्रीमती नेहा दयाल, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह श्रीनेत, मुख्य अधिवक्ता विधिक सहायता प्रतिरक्षा प्रणाली विनय कुमार सिन्हा, न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव द्वारा दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, स्कूल बैग एवं अन्य उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। लोक अदालत को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव ने कहा कि यह सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय का एक प्रभावी माध्यम है। बताया कि लोक अदालत में किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान होता है। उन्होंने लोगों से आपसी सुलह और समझौते के जरिए अपने मामलों का निष्पादन कराने की अपील की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों के बोझ को कम करना और आम लोगों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने इसे जनता की अदालत बताया, जहां दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमों का निपटारा कर अवार्ड तैयार किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली के 294 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 1 करोड़ 99 लाख 30 हजार 791 रुपए की समझौता राशि पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा यातायात से जुड़े 160 मामले, 120 आपराधिक मामले, विद्युत विभाग के 143 मामले तथा 19 वैवाहिक मामलों का निष्पादन कराया गया। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश उदय प्रताप सिंह, सुदेश कुमार श्रीवास्तव, संजीत कुमार सिंह, अमित कुमार शर्मा, सोनेलाल रजक, अनुपमा सिंह सहित कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं न्यायालय कर्मियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ की हेरोइन के साथ 4 तस्कर अरेस्ट, हाजीपुर बनता जा रहा ड्रग्स सप्लाई का बड़ा केंद्र

**हाजीपुर।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद सूखे नशे के कारोबार में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। नशे के आदी लोगों और मादक पदार्थ बेचने वाले गिरोहों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में अब हाजीपुर ड्रग्स सप्लाई का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने कई बार मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है, लेकिन इसके बावजूद हेरोइन और अन्य ड्रग्स की सप्लाई का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। वैशाली पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में हेरोइन के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन लोग असम के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जबकि एक महिला भी इस गिरोह में शामिल पाई गई है। पुलिस ने महिला को शहर में मादक पदार्थ की डिलीवरी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 526 ग्राम हेरोइन, 80 हजार रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और कई एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।



पुलिस के अनुसार बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई है। माना जा रहा है कि यह गिरोह लंबे समय से जिले में सक्रिय था और संगठित तरीके से ड्रग्स सप्लाई का नेटवर्क चला रहा था। मामले का खुलासा करते हुए सदर एसडीपीओ ने बताया कि मादक पदार्थ की यह खेप असम के दीमापुर से हाजीपुर लाई गई थी। स्थानीय तस्कर अश्विनी कुमार के जरिए इसे जिले के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई किया जाना था। हालांकि, इससे पहले ही पुलिस को गुप्त सूचना मिल गई और कार्रवाई करते हुए पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब इस ड्रग्स सिंडिकेट के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस नेटवर्क के तार बिहार के किन-किन जिलों और अन्य राज्यों से जुड़े हुए हैं। बरामद मोबाइल और एटीएम कार्ड के जरिए आर्थिक लेनदेन और संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

### वैशाली में महिला का शव रखकर क्लीनिक पर तोड़फोड़, डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**हाजीपुर।** वैशाली के कटहरा थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर सेहान पंचायत स्थित एक निजी क्लीनिक 'ग्रामीण चिकित्सक परामर्श केंद्र' में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने 50 वर्षीय महिला मुस्कान देवी का शव क्लीनिक में रखकर तोड़फोड़ की और घंटों प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्लीनिक की घेराबंदी कर शव को अपने कब्जे में लिया। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लग गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि निजी क्लीनिक के डॉक्टर भूषण ने इलाज में लापरवाही बरती, जिसके कारण मुस्कान देवी की मृत्यु हो गई। उनका कहना है कि मुस्कान देवी का इलाज इसी निजी अस्पताल में चल रहा था।



कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मुस्कान देवी की मौत घर पर ही हुई थी, जिसके बाद शव को क्लीनिक पर लाकर तोड़फोड़ की गई। मृतका के पति देवेंद्र कुमार उर्फ टुन्नु ने जानकारी दी कि उनकी पत्नी को आज सुबह पेट दर्द हुआ था। मुस्कान देवी की शादी लगभग 11 वर्ष पहले देवेंद्र कुमार उर्फ टुन्नु से हुई थी। उनकी अपनी कोई संतान नहीं थी, जिसके बाद उन्होंने 2021 में अपने साढ़ू के बेटे, 11 वर्षीय रोहित कुमार को गोद लिया था। मुस्कान देवी तीन दिन पहले ही अपनी ननद की शादी में गांव आई थीं। कटहरा थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। FSL टीम भी जांच में जुटी है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चलती ऑटो में महिला से सोने का हार छीना, बिदुपुर में तीसरी बार हुई वारदात

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम करीब चार बजे एक चलती ऑटो में सवार महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने का हार छीन लिया। मधूरापुर स्थित वैशाली सेंट्रल पब्लिक स्कूल के पास हुई यह घटना इस इलाके में गहने छीनने की तीसरी वारदात है। पीड़िता रूबी देवी महनार के अलीपुर गांव की निवासी हैं। वह बिदुपुर में एक शादी समारोह से अपने घर लौट रही थीं और उन्होंने घर जाने के लिए एक सीएनजी ऑटो बुक किया था। रूबी देवी के अनुसार, रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने का ढोलना (हार) झपट लिया।



बदमाश वैशाली सेंट्रल पब्लिक स्कूल चौराहे से दक्षिणी दिशा में फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि बदमाशों ने मास्क पहन रखे थे। गहना छीनने के बाद एक बदमाश कुछ दूर तक पैदल भागा और फिर एक बाइक पर सवार होकर अपने साथी के साथ फरार हो गया। घटना के बाद महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और बिदुपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डिजिटल स्टूडियो-सीएससी सेंटर का संचालक गिरफ्तार, अवैध वेबसाइटों से बनाते थे आधार-पैन

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक डिजिटल स्टूडियो और सीएससी सेंटर के संचालक को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह अवैध वेबसाइटों का उपयोग कर आधार कार्ड, वोटर आईडी और पैन कार्ड सहित कई सरकारी दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार कर रहा था। सीसीएसयू पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना वैशाली ने कार्रवाई की। पुलिस ने भगवानपुर रत्ती चौक स्थित एक डिजिटल स्टूडियो और सीएससी सेंटर पर छापेमारी कर संचालक राजीव रंजन कुमार को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी अगस्त 2024 से अवैध वेबसाइटों का उपयोग कर फर्जी दस्तावेज बना रहा था और प्रत्येक दस्तावेज के लिए 200 से 2500 रुपये वसूलता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के लैपटॉप और मोबाइल की ब्राउजिंग हिस्ट्री से अवैध वेबसाइटों के इस्तेमाल के पुख्ता सबूत मिले हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी ने पुलिस टीम के सामने कुछ ही मिनटों में फर्जी आधार कार्ड और वोटर आईडी तैयार कर उसका प्रिंट भी निकाला। ये दस्तावेज हूबहू असली दस्तावेजों जैसे दिख रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 4 लैपटॉप, 2 मोबाइल, एक डेस्कटॉप, फिंगर प्रिंट स्कैनर और आई स्कैनर बरामद किए। इसके अलावा, भारी मात्रा में विभिन्न व्यक्तियों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने 17,400 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। साइबर डीएसपी चांदनी सुमन ने बताया कि इन फर्जी दस्तावेजों का उपयोग बैंक खाते खोलने, साइबर धोखाधड़ी और अन्य अवैध गतिविधियों में किया जा रहा था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और आधार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# टीआरई-4 अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

## 5 जिलों में सीएम का पुतला फूंका, पटना में सम्राट सरकार के खिलाफ नारेबाजी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** TRE-4 अभ्यर्थियों पर पुलिस की लाठीचार्ज को लेकर पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया जा रहा है। पटना के GPO गोलंबर के पास शाम करीब 4:30 बजे सभी छात्र संगठन जुटे और TRE-4 कैंडिडेट्स के लिए आवाज बुलंद किया। इस दौरान सम्राट सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया। इससे पहले समस्तीपुर, बक्सर, सहरसा, भागलपुर और रोहतास में भाकपा (माले) और छात्र संगठनों ने CM सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन कर रहे माले नेताओं ने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद पुलिस ने कार्रवाई की, जो अलोकतांत्रिक है।




छात्रों पर हुए इस हमले के खिलाफ भाकपा–माले, आइसा और आरवाईए ने संयुक्त आह्वान किया है। तीनों संगठनों ने लाठीचार्च का निंदा करते हुए कहा है कि यह युवाओं की लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने की साजिश है। तीनों संगठनों ने मांग किया है कि तत्काल TRE-4 की वैकेंसी निकाली जाए। अभ्यर्थियों की सभी जायज मांगों को पूरा किया जाए और लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। घायल अभ्यर्थियों के इलाज और मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**लाठीचार्ज भाजपा-जदयू सरकार की दमनकारी मानसिकता- भाकपा-माले:** इस प्रदर्शन को लेकर इन तीनों संगठन का कहना है कि अपने भविष्य, रोजगार और शिक्षक बहाली की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे TRE-4 अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यह भाजपा-जदयू सरकार की दमनकारी मानसिकता का खुला प्रदर्शन है। जिन युवाओं के हाथों में कल देश और समाज की शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी, वही युवा पीढ़ी को अपराधियों की तरह सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा जा रहा है।

**लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो: भाकपा-माले:** बिहार में लाखों पद खाली पड़े हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, लेकिन सरकार बहाली निकालने के बजाय युवाओं पर लाठियां बरसा रही है। भाजपा-जदयू सरकार रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जब-जब नौजवान अपने हक, रोजगार और शिक्षा के सवाल पर सड़कों पर उतरते हैं, तब-तब सरकार पुलिस बल के जरिए आंदोलन को कुचलने का प्रयास करती है।

# पिता नीतीश कुमार की तरह एमएलसी बनेंगे निशांत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री बने निशांत कुमार अपने पिता नीतीश कुमार की तरह विधान परिषद जा सकते हैं। निशांत ने 8 मार्च को जदयू जॉइन की थी। 7 मई को उन्हें सम्राट सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा RLM नेता और उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश का भी विधान परिषद जाना तय माना जा रहा है। उन्हें NDA की ओर से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वे बिहार सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। फिलहाल वे किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। चुनाव आयोग जल्द ही 10 सीटों पर चुनाव की घोषणा कर सकता है। इसे लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों खेमों में रणनीति बनाने का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, NDA इस बार संगठन से जुड़े कई नेताओं को विधान परिषद भेजने की तैयारी में है। इनमें निशांत कुमार और दीपक प्रकाश का नाम सबसे आगे है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 मई को गुवाहाटी जाएंगे और 12 मई को असम सरकार की शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। नीतीश कुमार से जदयू के सीनियर नेताओं ने मुलाकात की और नए मंत्रिमंडल के कामकाज को लेकर चर्चा की।



- ♦ मंत्री बने दीपक प्रकाश भी जाएंगे विधान परिषद, खाली हो रहीं 10 सीटें, चुनाव जल्द

निशांत कुमार ने 8 मार्च 2026 को JDU जॉइन की थी। 2 महीने के अंदर ही वे मंत्री बन गए हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से दूर रहे, लेकिन हाल के दिनों में जदयू की सदस्यता लेने के बाद वे राजनीतिक तौर पर सक्रिय हुए हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके निशांत अब धीरे-धीरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आने लगे हैं। निशांत कुमार वर्तमान में बिहार में सद्भावना यात्रा निकाल रहे हैं और राज्य के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं।

## जेपी गंगा पथ पर नहीं लगेगी फैब्रिकेटेड दुकानें, स्ट्रीट वेंडर्स 'दीघा वेंडिंग जोन' में होंगे शिफ्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के जेपी गंगा पथ पर पर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने की योजना में बड़ा बदलाव किया गया है। अब गंगा किनारे फैब्रिकेटेड दुकानों को बसाने की बजाय सभी स्ट्रीट वेंडर्स को 'दीघा वेंडिंग जोन' में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं, गंगा पथ को 'मुख्यमंत्री समग्र उद्यान योजना' के तहत एक बड़ा ग्रीन कॉरिडोर और पार्क के रूप में ही विकसित किया जाएगा। इसके लिए दीघा वेंडिंग जोन का निर्माण किया जा रहा है। 15 मई तक यहां दुकानदारों को शिफ्ट कर दिया जाएगा। वहीं, पटना स्मार्ट सिटी की परियोजना के तहत 50 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। करीब 1.93 एकड़ में विकसित हो रहे इस वेंडिंग जोन में इंटरटेनमेंट जोन, ऐम्फीथिएटर, किड्स जोन, पार्किंग, शौचालय, पेयजल, हाई-मास्ट लाइट और सेल्फी पॉइंट जैसी सुविधाएं होंगी।



पहले चरण में पीसीसी सड़क और पेवर ब्लॉक बनाकर दुकानदारों को जगह आवंटित की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में पूरे क्षेत्र को आधुनिक फूड और एंटरटेनमेंट हब के रूप में विकसित किया जाएगा। दरअसल, गंगा पथ पर 50 में दुकानों को 2 महीने के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। बीते दिनों मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे। उनके द्वारा कहा गया कि इन सभी दुकानों को गंगा पथ से हटाया जाए। गंगा किनारे एक भी दुकान नहीं लगेगी, बल्कि उस पूरे एरिया को गार्डन के तौर पर विकसित किया जाएगा। वॉकिंग पाथवे बनाए जाएंगे, ताकि लोग आनंद ले सकें।

# तेजस्वी यादव बिहार यात्रा से संगठन को देंगे धार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी हार के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अब संगठन को नई ऊर्जा देने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए वे जल्द ही पूरे बिहार की यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस यात्रा को आगामी चुनावों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। इस प्रस्तावित यात्रा की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल को दी गई है। यात्रा का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम करना नहीं बल्कि पार्टी की वास्तविक स्थिति को समझना और हर जिले में संगठन को सक्रिय करना है। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा के दौरान तेजस्वी हर जिले में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे, स्थानीय मुद्दों को सुनेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति तय करेंगे।

**यात्रा से पहले पटना में बड़ी बैठक:** बिहार यात्रा पर निकलने से पहले पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पार्टी के संगठन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी और जमीनी कार्यकर्ता शामिल होंगे। खास तौर पर उन नेताओं को बुलाया जाएगा जो चुनाव लड़े, लेकिन जीत नहीं पाए। साथ ही वे कार्यकर्ता भी शामिल होंगे जो लगातार संगठन के विस्तार में सक्रिय रहे हैं।



**हर जिले का फीडबैक लेकर बनेगी रणनीति:** इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हर जिले से फीडबैक लेना है। तेजस्वी यादव यह जानना चाहते हैं कि किन जिलों में पार्टी कमजोर है और किन क्षेत्रों में संगठन मजबूत है। बैठक के दौरान यह भी चर्चा होगी कि जिन जिलों में पार्टी की स्थिति कमजोर है, वहां संगठन को कैसे मजबूत किया जाए और किन नई रणनीतियों को अपनाया जाए।

**एक सप्ताह तक चलेगा मंथन:** माना जा रहा है कि यह बैठक चरणबद्ध तरीके से होगी और करीब एक सप्ताह तक अलग-अलग जिलों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया जाएगा। इस मंथन के जरिए पार्टी जमीनी हकीकत को समझने के साथ-साथ भविष्य की राजनीतिक रणनीति भी तय करेगी।

- पटना से निकलकर सभी जिले में पहुंचेगा 'मिशन 2026', हर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक

**अगस्त में शुरू हो सकती है बिहार यात्रा:** फीडबैक प्रक्रिया पूरी होने के बाद संभावना है कि अगस्त के दूसरे सप्ताह से तेजस्वी यादव अपनी बिहार यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा सिर्फ संगठनात्मक नहीं बल्कि राजनीतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण होगी। इसके जरिए पार्टी जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश करेगी।

**चुनावी हार के बाद संगठन को पुनर्जीवित करने की कोशिश:** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल अब संगठन को फिर से खड़ा करने में जुट गई है। तेजस्वी यादव की यह पहल पार्टी के लिए नई शुरुआत मानी जा रही है, जहां पुराने अनुभव और नई रणनीति के साथ आगे बढ़ने की तैयारी है।

# मंत्री आवास के बाहर मिली लाश की पहचान हुई, फुलवारीशरीफ की रहने वाली थी मृतका

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पुनाईचक लिंक रोड में बीते 3 मई को मंत्री जमा खान के सरकारी आवास की चारदीवारी के पास नाबालिग लड़की की लाश मिली। इस मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान सानिया के रूप में हुई है, जो फुलवारीशरीफ की रहने वाली थी। लड़की की बॉडी को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है। लड़की के माता पिता दोनों ने पुलिस के सामने अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड कराया है।

**मंत्री के सरकारी आवास के पास मिली थी लाश:** बीते 3 मई की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सड़क किनारे लड़की का शव देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया था कि, लड़की के चेहरे और गर्दन पर चोट के निशान थे। उन्होंने आशंका जताई थी कि हत्या के बाद शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है।



**पुलिस को मिला क्लू, CCTV फुटेज खंगाल रही:** सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया कि, मामले में पुलिस को कुछ अहम क्लू मिले हैं, जिन पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। जांच के दौरान डायल-100 की मदद से लिंक रोड और आसपास के मुख्य मार्गों पर लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली गई है। पुलिस ने दो से चार संदिग्ध वाहनों की पहचान भी की है, जिनकी जांच जारी है।

- पुलिस को मिला क्लू, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

**कपड़ों से मिला मोबाइल नंबर:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका के कपड़ों से एक मोबाइल नंबर मिला है। इसी के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। मामले में मृतका के माता-पिता का बयान भी दर्ज कर लिया गया है। 3 मई की घटना के बाद डॉग स्क्वॉड और FSL टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। डॉग स्क्वॉड ने करीब एक किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कुछ खास क्लू नहीं मिले थे। FSL ने भी घटनास्थल से नमूने वगैरह लिए थे। जबकि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई नमूने जुटाए थे। फिलहाल, पुलिस हत्या के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

## पप्पू यादव ने कहा- मैं दो साल से मेहनत कर रहा, मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दे रहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रविवार को सोशल मीडिया पर लाइव आकर विपक्ष पर बरस पड़े। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान पप्पू यादव कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी पर भी भड़के और कहा, 'मैं बिहार में कांग्रेस समर्थित हूं, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई।' वहीं गोपालगंज में बाहुबली विधायक अनंत सिंह पर एफआईआर दर्ज किए जाने पर पूर्णिया सांसद ने वहां के एसपी को धन्यवाद दिया।

पप्पू यादव ने विपक्षी दलों की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि, 'बिहार में जनता परेशान है, लेकिन विपक्ष सड़क पर उतरने की बजाय सिर्फ सोशल मीडिया पर राजनीति कर रहा है।' विपक्ष को "हिजड़ा" बताते हुए कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से कुछ नहीं होगा, नेताओं को सड़कों पर उतरना होगा। पब्लिक हम लोगों को सपोर्ट नहीं करती, बल्कि चोर-लुटेरों को सपोर्ट करती है। हम तो खत्म हो गए।'



पप्पू यादव ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि, 'नीट छात्र की मौत पर विपक्ष नहीं निकला, तीन साल के बच्चे के साथ रेप हुआ तब भी विपक्ष नहीं निकला। इतना बड़ा साइक्लोन आया, तब भी कोई सड़क पर नहीं उतरा। लोग परेशान हैं, लेकिन विपक्ष सरकार को आईना नहीं दिखा रहा।'

# अब मंगलवार से दर्शक कर सकेंगे जानवरों का दीदार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना जू आज यानी रविवार और सोमवार को दो दिन के लिए बंद रहेगा। दरअसल, शुक्रवार को तेज बारिश के कारण पटना जू में 30 से अधिक पेड़ गिर गए थे। इस वजह से शनिवार को पटना जू को विजिटर्स के लिए बंद किया गया था। इन गिरे पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया गया, लेकिन काम में अधिक समय लगने के कारण चीजों को व्यवस्थित करने में अभी समय लगेगा। इसलिए रविवर को भी पटना जू बंद रखा गया है। सोमवार को सप्ताहिक बंदी होती है। इस करण अब विजिटर्स मंगलवार से ही पटना जू में जा सकते हैं। पेड़ गिरने की वजह से 52 साल में पहली बार पटना जू को बंद किया गया है। भीषण आंधी और बारिश के बाद पटना जू परिसर में गिरे दर्जनों पेड़ों को हटाने का काम रविवार को भी जारी रहेगा। तेज हवाओं के कारण चिड़ियाघर की कई सड़कें बाधित हो गई थीं, जिससे पूरे परिसर में आवागमन प्रभावित हो चुका है। पटना जू के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि, 'परिसर के अलग-अलग हिस्सों में कई बड़े पेड़ गिर गए हैं। इन्हें हटाने के लिए हाइड्रा और जेसीबी मशीनों की मदद ली जा रही है। सफाई अभियान में 200 से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया है।'

- ♦ बारिश के कारण गिरा था पेड़



# मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन अगस्त में होगा शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना मेट्रो जल्द ही शहर के पांच स्टेशनों पर दौड़ती नजर आएगी। CMRS (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी) के निरीक्षण के बाद अब सिर्फ अंतिम हरी झंडी का इंतजार है। इसी बीच खेमनीचक और मलाही पकड़ी के बीच बनने वाला पटना मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन तेजी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि, शुरुआती संचालन के दौरान यहां मेट्रो का ठहराव नहीं होगा। अधिकारियों के मुताबिक, अगस्त तक स्टेशन का निर्माण पूरा होने की संभावना है। इसके बाद यह स्टेशन पटना मेट्रो के दोनों प्रमुख कॉरिडोर को आपस में जोड़ने का काम करेगा।

**कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 रूट की ट्रेनें मिलेंगी:** खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 दोनों तरफ जाने वाली रूट की मेट्रो मिलेगी। कॉरिडोर-1 की मेट्रो सेवा जगनपुरा, मीठापुर और पटना जंक्शन तक जाएगी। कॉरिडोर-2 की ट्रेनें मलाही पकड़ी, राजेंद्रनगर, पीएमसीएच और गांधी मैदान होते हुए पटना जंक्शन तक पहुंचेंगी। इससे शहर के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिस्सों के बीच सीधा कनेक्टिविटी मिलेगी।



**कॉरिडोर- 1 में 60% काम पूरा:** इसी कारण दोनों दिशाओं से आने वाली ट्रेनों के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म और कॉनकोर्स एरिया बनाया जा रहा है। इसमें कॉरिडोर-2 का प्लेटफॉर्म चालू है। ट्रायल रन के दौरान यहां से मेट्रो गुजर भी चुकी है। इसके अलावा कॉनकोर्स एरिया का निर्माण पूरा कर लिया गया है और फिनिशिंग का काम जारी है। वहीं, कॉरिडोर-1 के प्लेटफार्म और कॉनकोर्स एरिया का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है।

- खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन पर दो कॉरिडोर जुड़ेंगे, पूर्वी-पश्चिमी हिस्से के बीच मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

**यात्रियों के लिए 5 लिफ्ट, 6 एस्केलेटर लगेगा:** इस स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए 5 लिफ्ट और 6 एस्केलेटर लगा जाएंगे। इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए दो-दो प्रवेश और निकास द्वार बन रहा है। खेमनीचक इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन दो मंजिला होगा। इस कारण यात्रियों को ट्रेन की सवारी करने के लिए दो जगहों पर लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल करना होगा। जमीन से टिकट एरिया (कॉनकोर्स एरिया) में जाने के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल करेंगे। वहीं, टिकट लेने के बाद यात्री ट्रेन की सवारी करने के लिए पुनः टिकट एरिया से लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल कर प्लेटफार्म पर जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेयजल और बिजली संकट पर 12 मई को भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन




**खूंटी।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले में पेयजल एवं बिजली समस्या को लेकर 12 मई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। यह निर्णय रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, खूंटी में आयोजित जिला संगठनात्मक मासिक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गीता कोड़ा मौजूद रहीं, जबकि सह प्रभारी के रूप में रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जिला महामंत्री निखिल कंडुलना व संदीप आनंद समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, गंदौरी गुड़िया, लक्ष्मी देवी, संतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री गोपाल स्वर्णकार, कंचन सिंह, प्रियांक भगत, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार साहू, मंत्री लीलावती देवी, मदन मोहन गोप, दिनेश कुमार महतो सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रक में लदा 50 बोरा डोडा जब्त, चालक और खलासी फरार



**खूंटी।** खूंटी-गुमला जिले के सीमावर्ती क्षेत्र भालूटोली के पास रनिया पुलिस ने रविवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा से लदे एक ट्रक को जब्त किया। पुलिस ने ट्रक से 50 बोरा डोडा बरामद किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक, खलासी और डोडा खरीददार मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब चार बजे खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि भालूटोली क्षेत्र में अवैध डोडा की बड़ी खेप पहुंचाई गई है। सूचना मिलते ही तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने जब इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की तो संदिग्ध लोग पुलिस को देखकर भाग निकले। जांच के दौरान सड़क किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक ट्रक भी जब्त किया, जिसमें भी डोडा लदा हुआ था। एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार चालक, खलासी और अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राधा-कृष्ण मंदिर में महाप्रसाद का वितरण



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में रविवार को डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में 265 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच भक्ति भाव के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया। शिव भगवान अग्रवाल के सौजन्य से मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, जलजीरा शर्बत एवं सत्तू पानी का वितरण किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने भगवान राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में राधा रानी का आकर्षक पुष्प एवं आभूषणों से श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग लगाया। भजन संध्या में मनीष सोनी ने राधे-राधे बरसाने वाली राधे, कान्हा रे कान्हा एवं अच्युतम केशवम् जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सामूहिक महाआरती में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन महाप्रसाद वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### रांची में अग्रवाल सभा महिला समिति का 23वां समर कैंप 'मस्ती की बस्ती' 29 से 31 मई तक



**रांची।** अग्रवाल सभा महिला समिति की ओर से बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 23वें समर कैंप 'मस्ती की बस्ती' का आयोजन आगामी 29 मई से 31 मई तक रांची में किया जाएगा। कैंप को लेकर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल और अन्य आयोजकों ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ उनकी छुपी प्रतिभा को पहचानना और उनकी रुचियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और कौशल का विकास हो सके। आयोजकों ने बताया कि कैंप में बच्चों के लिए कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनसे उन्हें सीखने के साथ मनोरंजन का भी अवसर मिलेगा। समिति का प्रयास है कि बच्चे अपनी प्रतिभा को खुलकर प्रदर्शित कर सकें और नई चीजें सीखकर अपने व्यक्तित्व को निखार सकें। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया और रमाशंकर बगड़िया उपस्थित रहे। वहीं महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल के साथ अलका सरावगी, अनुसूया नेवटिया, गीता डालमिया, रीना सुरेका, बबीता नारसरिया, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, सरिता अग्रवाल और सुनीता समेत कई सदस्य मौजूद थीं।

# झारखंड में 13 और 14 मई को तेज बारिश और वज्रपात का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में 13 और 14 मई को मौसम का मिजाज बिगड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि 13 मई को रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद और जामताड़ा जिलों में बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। वहीं 14 मई को भी इन जिलों के अलावा दुमका में भी खराब मौसम का असर देखने को मिल सकता है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा बोकारो थर्मल में 21.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा जमशेदपुर में 20.2 मिमी, सिमडेगा जिले के बानो में 19 मिमी, सिसई में 18 मिमी, बड़कागांव में 16.2 मिमी, चाईबासा में 15.1 मिमी, रामगढ़ डीवीसी में 14.5 मिमी, रांची और हिरणपुर में 14.2-14.2 मिमी तथा खलारी में 14 मिमी बारिश दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के कांके में 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह से राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है और तापमान में करीब 8 से 9 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा, हालांकि दोपहर बाद आसमान में काले घने बादल छाए रहे। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 33.6 और न्यूनतम 19.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39.4 और न्यूनतम 22.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.1 और न्यूनतम 17.2 डिग्री तथा खूंटी में अधिकतम 32.9 और न्यूनतम 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मनाया गया मदर्स डे




**एजेंसी। खूंटी**

श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के सम्मान में केक काटकर खुशियां साझा कीं और आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाकर उन्हें समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और भावनाओं को व्यक्त किया। कई छात्रों ने कविता, भाषण और संदेशों के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और प्रेरणा को याद किया। छात्रा अंजलि, रचना और रिया ने अपने भाषण के माध्यम से मां के महत्व का बखान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-सह-शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनका त्याग, संघर्ष और प्रेम हमें हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं का आदर करने तथा उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## खूंटी में कांग्रेस की विशेष बैठक, संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन

**एजेंसी। खूंटी**



सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में रविवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। बैठक में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राजेश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है और इसके लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने का संकल्प लिया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई। नेताओं ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने पर भी बल दिया। मौके पर प्रदेश सचिव रामकृष्ण चौधरी, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नगर पंचायत क्षेत्र अध्यक्ष गुलाम गौश, जिला उपाध्यक्ष रविकांत मिश्रा, धर्मदास कंडीर, विक्रम नाग, कुणाल कमल कच्छप, शशिकांत होरो, तैयब अंसारी, महासचिव गोपाल भगत, बंधु गंझू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड में बढ़ते अपराध को लेकर भाजपा का हेमंत सरकार पर हमला, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हेमंत सोरेन की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को कहा कि राज्य में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और सरकार प्रशासनिक स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। प्रतुल शाहदेव ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि प्रति लाख आबादी पर हत्या के मामलों में झारखंड देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। उनके अनुसार वर्ष 2024 में राज्य में 1472 हत्या के मामले दर्ज किए गए और हत्या का अनुपात 3.7 प्रति लाख आबादी रहा, जबकि राष्ट्रीय औसत 1.9 है। उन्होंने कहा कि झारखंड तेजी से अपराध प्रभावित राज्यों की श्रेणी में शामिल होता जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े छह वर्षों के दौरान राज्य में 10 हजार से अधिक दुष्कर्म, 11 हजार से ज्यादा अपहरण और 9250 से अधिक हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर प्रशासनिक लापरवाही का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जुलाई 2022 में नियुक्त 39 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) ने अक्टूबर 2023 में अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया था, लेकिन अब तक उनकी तैनाती नहीं की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य अपराध की गंभीर समस्या से जूझ रहा है, तब प्रशिक्षित अधिकारियों को जिम्मेदारी क्यों नहीं सौंपी जा रही। उन्होंने कहा कि सरकार इन अधिकारियों के वेतन और भत्तों पर करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है, लेकिन उनकी तैनाती नहीं होना सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। भाजपा ने राज्य सरकार से कानून व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति बनाने और पुलिस प्रशासन को सक्रिय करने की मांग की है।

## टाटा स्टील की 'सीआईएसएमए' परियोजना से ग्रीन स्टील उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




टाटा स्टील नीदरलैंड-यूरोप की महत्वाकांक्षी शोध परियोजना 'सीआईएसएमए' में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य पूरी तरह स्क्रैप आधारित और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) तकनीक के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले स्टील का उत्पादन विकसित करना है, ताकि स्टील उद्योग को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। यह पहल यूरोप में सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। परियोजना के तहत ऐसे आधुनिक तकनीकी समाधान विकसित किए जा रहे हैं, जिनसे स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन को बड़े स्तर पर कम किया जा सके। परियोजना से जुड़े शोधकर्ता डॉ. राधाकांत राणा ने रविवार को बताया कि इस संयुक्त शोध प्रयास से प्राप्त तकनीकी ज्ञान और अनुभव भविष्य में ग्रीन स्टील उत्पादन को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील पहले से ही उच्च गुणवत्ता वाले स्टील निर्माण में स्क्रैप के उपयोग को लगातार बढ़ावा दे रही है और सीआईएसएमए परियोजना इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। डॉ. राधाकांत राणा ने बताया कि इस शोध का मुख्य उद्देश्य 100 प्रतिशत स्क्रैप और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस तकनीक के माध्यम से शीट स्टील उत्पादन करना है। इससे पारंपरिक स्टील उत्पादन प्रक्रिया की तुलना में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 70 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की परियोजनाएं वैश्विक स्तर पर स्टील उद्योग को हरित और टिकाऊ बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। साथ ही इससे ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

# डिमना लेक के पास रिसॉर्ट में देह व्यापार का खुलासा, पुलिस हिरासत में तीन जोड़े

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना लेक से सटे बोंटा पंचायत के गेरूआ गांव स्थित एक रिसॉर्ट में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने चल रहे देह व्यापार के विरोध में जमकर हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रिसॉर्ट परिसर में घुसकर कई कमरों की तलाशी ली और आपत्तिजनक स्थिति में मौजूद तीन जोड़ों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं एक अन्य जोड़ा मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना रविवार सुबह की है। ग्रामीणों का आरोप है कि डिमना लेक के समीप स्थित लेक व्यू रिसॉर्ट में पिछले करीब छह महीनों से अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाहरी क्षेत्रों से युवक-युवतियां यहां पहुंचते थे और रिसॉर्ट की आड़ में गलत कार्य किए जाते थे। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी। ग्रामीण आज सामूहिक रूप से रिसॉर्ट पहुंचे और कमरों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान तीन अलग-अलग कमरों से तीन जोड़ों को पकड़ा गया, जबकि एक अन्य भवन में मौजूद एक जोड़ा पीछे के रास्ते से भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने रिसॉर्ट के मैनेजर संतोष गिरी को भी पकड़ लिया और उस पर आक्रोश जताया। इस दौरान कुछ लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी। बाद में सूचना मिलने पर बोड़ाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मैनेजर को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर अपने साथ लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों जोड़ों को हिरासत में लेकर थाना ले जाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण रिसॉर्ट मालिक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक रिसॉर्ट मालिक मौके पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक वे किसी को जाने नहीं देंगे। साथ ही ग्रामीणों ने रिसॉर्ट को स्थायी रूप से बंद कराने की मांग भी उठाई। पूछताछ के दौरान मैनेजर संतोष गिरी ने बताया कि रिसॉर्ट धनबाद निवासी विनोद सिंह का है। उसने यह भी कहा कि एक ही चहारदीवारी के भीतर एक ओर पतंजलि चिकित्सा केंद्र संचालित होता है, जबकि दूसरी ओर रिसॉर्ट चलता है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिसॉर्ट में शहर के विभिन्न इलाकों से लोग पहुंचते थे और यहां लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। पुलिस द्वारा कमरों की तलाशी लेने पर कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने बरामद सामान को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण रिसॉर्ट के बाहर जुटे रहे।

## अवैध बालू खनन को लेकर 11 मई को सभी डीसी के साथ होगी समीक्षा बैठक

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने को लेकर खान विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। राज्य के विभिन्न जिलों में बालू घाटों का संचालन लंबित रहने और अवैध कारोबार बढ़ने की शिकायतों के बीच 11 मई को राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की अहम बैठक बुलाई गई है। विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक 11 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोपहर तीन बजे आयोजित होगी, जिसमें सभी उपायुक्तों, जिला खनन पदाधिकारियों, बीडीओ और सफल बोलीदाताओं को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार राज्य के 16 जिलों में 229 बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन लीज डीड की प्रक्रिया लंबित रहने के कारण अब तक संचालन शुरू नहीं हो पाया है। खान विभाग का मानना है कि घाट चालू नहीं होने से कई इलाकों में अवैध रूप से बालू की निकासी और खुले बाजार में बिक्री जारी है। खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि लंबित लीज डीड की समीक्षा कर प्रक्रिया में तेजी लाई जाये। बैठक में सभी जिलों के आवंटित बालू घाटों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी। अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग आधुनिक तकनीक का भी सहारा लेने जा रहा है। खनन क्षेत्रों की निगरानी के लिए सभी पट्टों की शेप फाइल तैयार की जा रही है, ताकि सैटेलाइट के जरिए गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा कोयला मंत्रालय के खनन प्रहरी मोबाइल ऐप से मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। संवेदनशील मार्गों पर वाहन ट्रैकिंग सिस्टम लागू करने, चेकपोस्ट बनाने तथा रेलवे साइडिंग और प्रवेश-निकासी स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी भी की जा रही है। विभाग को उम्मीद है कि बालू घाटों का संचालन जल्द शुरू होने के बाद अवैध कारोबार पर काफी हद तक नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

## महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर खोला मोर्चा, थाना पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत मानपुर गांव में अवैध शराब और हड़िया की बिक्री के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं ग्राम प्रधान गोपाल चंद्र मुर्मू के नेतृत्व में पोटका थाना पहुंचीं और गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से शराब और हड़िया बेचने वालों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। थाना पहुंची महिलाओं ने बताया कि गांव में लंबे समय से खुलेआम शराब और हड़िया की बिक्री हो रही है। इसके कारण गांव का सामाजिक और पारिवारिक वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है। महिलाओं का कहना था कि शराब के नशे में कई पुरुष घर लौटकर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं, जिससे परिवारों में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि कुछ दिनों पहले गांव में शराबबंदी को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई थी। इस दौरान महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया था और अवैध बिक्री बंद करने की अपील की थी। बावजूद इसके शराब बेचने वालों पर कोई असर नहीं पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि शराब कारोबार से जुड़े लोग अब खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि जो करना है कर लो, शराब और हड़िया की बिक्री बंद नहीं होगी। ग्राम प्रधान गोपाल चंद्र मुर्मू ने कहा कि गांव की महिलाएं अब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संगठित होकर आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अवैध शराब कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो गांव का माहौल और अधिक खराब हो सकता है। वहीं सुहागी मुर्मू और पद्मावती भकत ने कहा कि शराब की वजह से कई परिवार आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घरेलू विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि गांव में नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए, अवैध शराब कारोबारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और गांव में स्थायी रूप से शराबबंदी सुनिश्चित की जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा की गुरुग्राम कोर्ट में पेशी: ईडी को मिली सात दिन की रिमांड



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम सत्र न्यायालय ने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को 7 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। कल देर रात ईडी ने उन्हें अदालत में पेश करते हुए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। अरोड़ा को शनिवार सुबह मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रहे एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले सुबह सेक्टर दो में अरोड़ा के आवास पर सुबह करीब 20 गाड़ियों में टीम पहुंची है। मंत्री संजीव अरोड़ा पर महीने भर में ईडी की दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले उनके लुधियाना के ठिकानों पर दबिश हुई थी।सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़ी कुछ कंपनियों में कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। इनमें 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के जरिए किए गए फर्जी निर्यात शामिल हैं। एजेंसी को शक है कि फेमा नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशी संस्थाओं के ज़रिए पैसों की 'राउंड-ट्रिपिंग' की गई है। इसके चलते एजेंसी ने कई बैंक खाते अटैच कर लिए हैं, और साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े डीमैट खाते और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को भी फ्रीज कर दिया है। वहीं इस रेड पर भड़के सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ने एक्स पर लिखा-आज फिर बीजेपी की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में यह तीसरी बार है जब बीजेपी की ईडी उनके घर आई है, और एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि पंजाब गुरुओं की धरती है; औरंगजेब भी इसे झुका नहीं पाया था। यह भगत सिंह की धरती है, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया; इसलिए पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा। पंजाब, ईडी और भाजपा के इस अनैतिक गठबंधन को खत्म कर देगा।

### हिमाचल प्रदेश में ट्रांसफर को लेकर चुनाव आयोग की नई गाइडलाइन जारी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में स्थानीय निकायों की चुनावी प्रक्रिया के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने ट्रांसफर यानी तबादलों को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। आयोग ने सभी सरकारी विभागों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि 31 मई तक कर्मचारियों के तबादलों संबंधी फाइलें आयोग को न भेजी जाएं। आयोग का कहना है कि लगातार बड़ी संख्या में तबादलों से संबंधित मामलों की फाइलें भेजे जाने से चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अत्यावश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों द्वारा भेजी जा रही तबादला फाइलों के कारण प्रशासनिक दबाव बढ़ रहा है और चुनावी तैयारियों की गति प्रभावित हो रही है। आयोग ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा सरकारी उपक्रमों को निर्देश दिए हैं कि केवल अत्यंत अपरिहार्य और चुनाव कार्य से सीधे जुड़े मामलों को छोड़कर किसी भी प्रकार की तबादला फाइल आयोग को स्वीकृति के लिए न भेजी जाए। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में कई विभागों ने बड़ी संख्या में कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों के प्रस्ताव आयोग को भेजे थे। इन प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया में आयोग के अधिकारियों का काफी समय लग रहा था। आयोग के इस कदम को चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया के पूरा होने तक तबादलों से संबंधित फाइलों को न भेजें।

# केरल में आपसी कलह से जूझ रही कांग्रेस, सीएम को लेकर 3 नेताओं में जंग; थरूर-खरगे की बैठक

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में एलडीएफ के 10 साल के शासन को खत्म करने के बाद कांग्रेस के भीतर जश्न के बजाय गुटबाजी का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पद के लिए तीन मुख्य दावेदार वीडी सतीसन, रमेश चेन्निथला और केसी वेणुगोपाल मैदान में हैं। शनिवार को ये सभी नेता दिल्ली में मौजूद रहे और माना जा रहा है कि अगले 24 घंटों के भीतर अंतिम नाम की घोषणा हो जाएगी। मुख्यमंत्री पद की यह जंग अब सार्वजनिक हो गई है। तिरुवनंतपुरम से लेकर इडुक्की तक समर्थकों ने अपने-अपने नेताओं के पोस्टर और होर्डिंग्स लगा दिए हैं।

सबसे विवादित घटना तब हुई जब दिवंगत नेता ओमान चांडी और केसी वेणुगोपाल की तस्वीर वाले एक फ्लेक्स बोर्ड को फाड़ दिया गया और उस पर काला तेल डाल दिया गया। कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन और पीजे कुरियन ने इस व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दबाव की राजनीति से मुख्यमंत्री तय नहीं किया जा सकता। वीडी सतीसन को विपक्ष के नेता के रूप में एलडीएफ के खिलाफ आक्रामक चेहरा माना गया। ढ्रूरू का समर्थन उन्हें प्राप्त है। रमेश चेन्निथला- पूर्व विपक्ष के नेता और संगठन पर मजबूत पकड़। सोनिया गांधी के करीबी माने जाते हैं। 2021 की हार उनके नेतृत्व में हुई थी। केसी वेणुगोपाल- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेहद भरोसेमंद हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है। शशि थरूर- तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर का नाम भी चर्चा में है। हालांकि, उन्हें राज्य प्रशासन के बजाय राष्ट्रीय राजनीति का चेहरा माना जाता रहा है। उन्होंने शुक्रवार को खरगे से मुलाकात की, जिसे उन्होंने केरल की स्थिति पर फीडबैक साझा करना बताया।



कांग्रेस की परंपरा के अनुसार, तिरुवनंतपुरम में नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री चुनने का अधिकार हाईकमान को सौंप दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक मुकुल वासनिक और अजय माकन ने विधायकों की राय लेकर अपनी रिपोर्ट मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दी है। शनिवार दोपहर खड़गे के आवास पर केरल के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक अहम बैठक हुई।

वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने संकेत दिया कि फैसला लेते समय केवल वरिष्ठता ही पैमाना नहीं होगी।

## सड़क हादसे में बाल-बाल बचीं सुप्रिया सुले, हाइवे पर कार ने मारी टक्कर; बताई खौफनाक घटना

**मुंबई , एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले की कार का ऐक्सिडेंट हो गया। शनिवार को मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर उनकी कार को एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी, लेकिन वह और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'आज पुणे से मुंबई आते समय मुझे राजमार्ग पर एक भयावह अनुभव हुआ जब लापरवाही से वाहन चलाते हुए गुजरात के पंजीकरण नंबर वाले एक वाहन के चालक ने मेरी कार को बगल से टक्कर मार दी।'

बारामती से सांसद ने कहा, 'शुक्र है, सभी सुरक्षित हैं।' सुले ने कहा कि यह घटना सभी के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि तेज गति से और लापरवाही से गाड़ी चलाना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे सीट बेल्ट पहनें, सतर्क रहें और जिम्मेदारी से वाहन चलाएं ताकि राजमार्ग सभी के लिए सुरक्षित रहें। सुले ने सोशल मीडिया पर टक्कर मारने वाले वाहन की नंबर प्लेट भी सोशल मीडिया पर शेयर की है।

बता दें कि सुप्रिया सुले के चचेरे भाई और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद बारामती सीट पर उपचुनाव करवाए गए। सुप्रिया सुले ने परिवार के खिलाफ अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। सुनेत्रा पवार ने बारामती विधानसभा उपचुनाव में बड़े अंतर से जीत हासिल करने के दो दिन बाद बुधवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।



पवार ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। यह जानकारी उनके बेटे और राज्यसभा सदस्य पार्थ पवार ने दी। अपने पति अजित पवार की मृत्यु के बाद हुए बारामती उपचुनाव में सुनेत्रा पवार ने 2,18,034 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की।लोकसभा चुनाव हारने के बाद वह जून 2024 में राज्यसभा सदस्य बनीं। उनके पति अजित पवार की बारामती में विमान दुर्घटना में मृत्यु के कुछ दिनों बाद, 31 जनवरी को उन्होंने महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

**राज्यसभा नहीं जाएंगे जय पवार:** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार ने गुरुवार को राज्यसभा जाने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी मां वर्ष 2029 में मुख्यमंत्री पद की दावेदार होंगी।मीडिया से बातचीत में जय पवार ने कहा कि वह राज्यसभा नहीं जाएंगे और बारामती में रहकर लोगों के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा, 'बारामती के लोग और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कार्यकर्ता चाहते थे कि अजित पवार मुख्यमंत्री बनें, लेकिन उनके आकस्मिक निधन के कारण यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। अब कार्यकर्ताओं और लोगों को उम्मीद है कि सुनेत्रा पवार मुख्यमंत्री बनकर अजित दादा की इच्छा पूरी करेंगी। '

### पंचकूला नगर निगम का रण: बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर

**पंचकूला, एजेंसी।** पंचकूला नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार के दौरान सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंकी, लेकिन मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। भाजपा ने चुनावी रणनीति के तहत कई आजाद उम्मीदवारों को अपने पक्ष में बैठाने और माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

वहीं, कांग्रेस को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके कई दिग्गज नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने विधायक चंद्रमोहन के सहारे चुनावी मैदान में पूरी ताकत लगाई, लेकिन संगठनात्मक कमजोरी और नेताओं के पलायन ने कांग्रेस की राह कठिन बना दी। दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी श्याम लाल बंसल के समर्थन में मुख्यमंत्री सहित हरियाणा सरकार के कई मंत्री और राष्ट्रीय स्तर के नेता लगातार प्रचार करते नजर आए। मेयर पद के लिए भाजपा, कांग्रेस, इंडियन नेशनल लोकदल और आम आदमी पार्टी समेत कुल कई उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा से श्यामलाल बंसल, कांग्रेस से सुधा भारद्वाज, इनेलो से मनोज अग्रवाल तथा आम आदमी पार्टी से राजेश कुमार मनोचा चुनाव लड़ रहे हैं।

इसके अलावा दो निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनावी मुकाबले को रोचक बना रहे हैं। नगर निगम के 20 वार्डों के पार्षदों के लिए भी मतदान होना है। वर्ष 2020 के नगर निगम चुनाव में भाजपा ने लगभग 2000 मतों से जीत दर्ज की थी। हालांकि इसके बाद हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को कुछ क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद इस बार भाजपा खेमे में आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है और पार्टी नेताओं का दावा है कि वे 20 से 25 हजार मतों के अंतर से जीत दर्ज कर सकते हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस किसी बड़े अंतर का दावा करने से बच रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उन्होंने जनता के बीच अपना काम कर दिया है और अब फैसला मतदाता तथा भगवान पर छोड़ दिया गया है। वहीं आम आदमी पार्टी और इनेलो के प्रदर्शन पर भी नजर रहेगी, क्योंकि पिछले चुनाव में दोनों दल 10 हजार मतों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए थे। अब देखना यह होगा कि इस बार मतदाता किस दल पर भरोसा जताते हैं और पंचकूला की जनता नगर निगम की सत्ता किसके हाथों में सौंपती है।

### कश्मीरी हिंदुओं ने घर वापसी के लिए किया प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**जम्मू, एजेंसी।** 36 वर्ष पहले कश्मीर घाटी से विस्थापित हुए कश्मीरी हिंदुओं की वापसी नहीं हो पाने को लेकर यूथ आल इंडिया कश्मीरी समाज के सदस्यों ने प्रदर्शनी मैदान में प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इन कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीते तीन दशकों में किसी भी सरकार ने कश्मीरी हिंदुओं की वापसी को लेकर नहीं सोचा। आज यह लोग विस्थापित बनकर दर बदर हो रहे हैं। कश्मीरी हिंदुओं के युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही है और उनमें बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। इस दौरान कश्मीरी हिंदुओं ने कहा कि वर्तमान सरकार भी कश्मीरी हिंदुओं के बारे में नहीं सोच रही। अभी तक घाटी वापसी के लिए सरकार के पास कोई नीति नहीं है।

यूथ आल इंडिया कश्मीरी समाज के प्रधान आरके भट्ट ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को चाहिए कि वे कश्मीरी हिंदुओं के पुनर्वास के लिए कोई कदम उठएं। इन लोगों की घाटी वापसी का कोई रोड मैप तैयार किया जाए। कश्मीरी हिंदू अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति से जुड़ना चाहते हैं। अगर सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए तो कश्मीरी हिंदुओं का घाटी जाने का सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा। उन्होंने वहीं दूसरी ओर कहा कि इस समय कश्मीरी हिंदू युवा सबसे ज्यादा परेशान है क्योंकि उसके पास नौकरियां नहीं है।

## महाराष्ट्र में भाषा पर सियासत, हाजी अराफात शेख बोले-यूपी के लोग भी मराठी बोलकर देंगे संदेश

**मुंबई, एजेंसी।** ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों के लिए मराठी भाषा जरूरी करने पर भाजपा नेता हाजी अराफात शेख ने कहा कि आज प्रताप सरनाईक, रामदास आठवले और आशीष शेलार जैसे नेताओं की मौजूदगी में, मुंबई में बड़ी हस्तियों के सामने शपथ ग्रहण समारोह होगा।

वे शपथ लेंगे कि छह महीने के अंदर वे अपनी मराठी बोलने की स्किल्स को बेहतर बनाएंगे और तरक्की दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपी के कई लोग मराठी बोलेंगे और उनको संदेश देंगे कि हमको भाषा मत सिखाओ। कानून सबके लिए एक जैसा है। अगर कोई मुस्लिम व्यक्ति कुछ गलत करता है, तो उससे निपटने के लिए कानून, पुलिस, प्रशासन और सरकार है।

उन्होंने कहा कि मैं किसी गलत व्यक्ति का समर्थन नहीं करता। अगर कोई बांग्लादेशी या पाकिस्तानी यहां आकर गैर-कानूनी तरीके से रिक्शा चलाता है, तो मैं उसका समर्थन नहीं करूंगा। मेरा स्टैंड ऐसी गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

एक मई को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जोर दिया था कि जहां अपनी मातृभाषा पर गर्व करना जरूरी है। राज्य सरकार भाषा के आधार पर होने वाली हिंसा या भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र दिवस के मौके पर हुतात्मा चौक पर मीडिया से बात करते हुए ये बात कही थी। उन्होंने कहा था कि राज्य में रहने वाले हर व्यक्ति को स्थानीय भाषा सीखनी चाहिए। उन्होंने भाषाई गौरव के नाम पर हिंसा या डराने-धमकाने के इस्तेमाल के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी थी।



राज्य सरकार ने रिक्शा चालकों को मराठी बोलने और जिनको नहीं आती, उनको सीखने के लिए अनिवार्य कर दिया, जिसके बाद रिक्शा यूनियनों ने विरोध किया। रिक्शा यूनियनों के विरोध की वजह से सरकार को अनुपालन की समय सीमा अगस्त तक बढ़ानी पड़ी।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने सवाल उठाया था कि किसी में मराठी बोलने से इनकार करने की 'हिम्मत' कैसे हो सकती है? जिसके बाद मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया। राज ठाकरे ने सरकार की नरमी की आलोचना करते हुए सुझाव दिया था कि नियमों का पालन न करने वाले चालकों के परमिट तुरंत रद्द कर दिए जाने चाहिए।

### गाजियाबाद के मोदीनगर में स्कूलों पर लगेगा जुर्माना, सरकारी नियमों का पालन न करने पर नोटिस जारी

**मोदीनगर, एजेंसी।** शहर में स्कूल संचालकों द्वारा सरकारी नियमों का पालन नहीं किया तो शिक्षा विभाग जुर्माने की कार्रवाई करेगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग की तरफ से शहर के सभी प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी किया है। यह मुद्दा कांग्रेस पदाधिकारियों व अभिभावकों के द्वारा उठाया गया था, जिसपर एसडीएम मोदीनगर व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कांग्रेस पदाधिकारियों व अभिभावकों के साथ वार्ता हुई। शनिवार को सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया गया है। शहर के अधिकांश प्राइवेट स्कूलों में सरकारी नियमों के आदेशों की अवहेलना को लेकर पिछले दिनों कांग्रेस पदाधिकारियों व अभिभावकों के द्वारा तहसील में शिकायत की गई थी। उनका आरोप था कि स्कूल में मनमर्जी से निजी प्रकाशन की किताबों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। इन किताबों की बिक्री स्कूल परिसर व स्कूल द्वारा अधिकृत दुकानों पर ही हो रही है। ये किताबें महंगी है। प्रकाशन द्वारा स्कूल प्रबंधन को मोटा कमीशन दिया जा रहा है। यही हाल स्कूल की ड्रेस व कापी, रजिस्टर का भी है। इसपर एक महीने पहले शिक्षा विभाग की तरफ से स्कूलों को नोटिस जारी किये। स्कूलों में निरीक्षण भी किया गया।

## फरीदाबाद में पार्षदों को विकास कार्यों के लिए नहीं मिलेंगे दो-दो करोड़ रुपये, निगम ने लिया यू-टर्न

**फरीदाबाद, एजेंसी।** नगर निगम सदन की बजट बैठक में हुई केंद्रीय मंत्री की घोषणा पर नगर निगम ने यू टर्न ले लिया है। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की ओर से घोषणा की गई थी पार्षदों को विकास कार्य के लिए दो-दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जिससे वह अपने वार्ड में विकास कार्य करवा सकेंगे।

इसको लेकर छह मई को आयुक्त ने आदेश जारी करके सभी कार्यकारी अभियंता को विवरण जुटाने के लिए कहा था। निगम की इंजीनियरिंग ब्रांच ने पार्षदों से बातचीत करके एस्टीमेट बनाना शुरू कर दिया था। लेकिन तीन दिन बाद भी आयुक्त ने एक और पत्र जारी करके आदेश को वापस ले लिया।

इसके साथ ही दो करोड़ रुपये के विकास कार्यों के एस्टीमेट बनाने पर तुरंत रोक लगाने के लिए कहा है। निगम आयुक्त के इस आदेश से पार्षदों में रोष है। उनका कहना है कि यह रुपये विकास कार्य में खर्च होने थे। अब इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। हालांकि निगम का कहना है कि जो विकास कार्य वार्ड में पहले से चल रहे हैं। उन पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा। वहीं पार्षद संबंधित कार्यकारी अभियंता के साथ तालमेल करके अपने वार्ड में काम करवा सकते हैं। नगर निगम में पार्षद चुनाव का एक साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर और फाइनेंस कमेटी का गठन नहीं हो पाया है। प्रदेश अध्यक्ष भी इसको लेकर प्रयास कर चुके हैं। फाइनेंस कमेटी का गठन नहीं होने की वजह से दो करोड़ रुपये से अधिक वाले कामों को लेकर फाइल चंडीगढ़ जाती है। 28 मार्च को नगर निगम सदन की बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा पार्षदों की मांग पर घोषणा की गई थी सभी पार्षदों को अपने वार्ड में काम करवाने को लेकर दो-दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वह अधिकारी से बातचीत करके एस्टीमेट तैयार करवाकर अपने वार्ड में काम करवा सकेंगे। पार्षदों का कहना था कि उनको सीवर और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के समाधान को लेकर भटकना पड़ता है।



निगम की ओर से अलग-अलग वार्ड में दो करोड़ रुपये की लागत से होने वाली विकास कार्य को टेंडर लगाने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि शहरी स्थानीय निकाय ने निगम के इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। इस नए आदेश की हमारे पास कोई सूचना नहीं है। निगम सदन की बैठक में मेयर प्रवीण बत्रा जोशी के समक्ष जो घोषणा केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने की थी, उसका जरूर पालन होना चाहिए। यदि दो-दो करोड़ के काम कराने जाने पर रोक लगाई है तो इस बारे में निगमायुक्त से बात करेंगे। शहरी स्थानीय निकाय के अनुसार बजट में कोई भी ऐसा प्रविधान नहीं है। जिसमें किसी भी पार्षद को इस तरह का फंड जारी किया जाए। अब पार्षदों से एक साल का एक्शन प्लान मांगा जाएगा।

## 'हसीना' बन करते थे ठगी, लड़की की आवाज में बात, राजस्थान का गैंग अरेस्ट

**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद पुलिस ने सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स पर महिलाओं के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने राजस्थान के रहने वाले गिरोह के सरगना सहित 5 लोगों को जयपुर से गिरफ्तार किया। ये आरोपी इंस्टाग्राम और टिंडर पर लड़कियों की फोटो लगाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। गिरोह का मुख्य आरोपी फोन पर लड़की की आवाज में बात करके लोगों को गुमराह करता था जबकि अन्य सदस्य पैसे वसूलने और बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम करते थे।

सरगना समेत 5 आरोपी अरेस्ट

फरीदाबाद पुलिस ने शनिवार को बताया कि सोशल मीडिया और 'ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म' पर महिलाओं के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को फंसाने और फिर उनसे पैसे ऐंठने के आरोप में सरगना समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के करोली जिले के निवासी भगवान सिंह (27), देवा गुर्जर (21), बिजेंद्र (25), धीरज (30) और मनीष (20) के रूप में हुई। भगवान सिंह गिरोह का सरगना है। गिरोह के सदस्य लड़कियों की तस्वीरें लगाकर 'इंस्टाग्राम' और 'टिंडर ऐप' पर फर्जी प्रोफाइल बनाते थे और भोले-भाले लोगों को फंसाते थे। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि जब उन्हें फोन पर बात करनी होती थी तो भगवान सिंह लड़की की आवाज में बात करता था। पुलिस के अनुसार, देवा गुर्जर, बिजेंद्र और धीरज लोगों को फंसाते और उनसे बात करते थे। मनीष धोखाधड़ी से कमाए गए पैसे जमा करने के लिए खाते मुहैया कराता था।



आरोपियों को शुक्रवार को फरीदाबाद सेंट्रल की साइबर थाना पुलिस ने जयपुर के जगतपुरा इलाके में 'लोटस व्हाइट' आवासीय सोसायटी के एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने कथित तौर पर फरीदाबाद निवासी से लगभग 45 हजार रुपये जबरन वसूले थे। जांच में सामने आया है कि आरोपी अश्लील बातें करने बाद खुद को पुलिस अधिकारी बताकर फोन कर गिरफ्तार करने की धमकियां देते थे। आरोपी लड़की के परिजनों से शिकायत मिलने की बातें कहकर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की कहते थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कोई चमत्कारी महाराष्ट्र को भी मिले

यह सिर्फ दो साल पुरानी कहानी है, जिसमें दक्षिण भारत के एक और कलाकार ने अपनी लोकप्रियता भुनाते हुए तमिलनाडु की सत्ता के दरवाजे पर दस्तक दे दी है. चंद्रशेखरन जोसेफ विजय यानी थलापति विजय, जिनके बारे में एग्जिट पोल तक सही भविष्यवाणी नहीं कर सके और उन्होंने तमिल जनता का राजनीतिक 'हीरो' बनने में भी सफलता पा ली. माना यह जाता है कि उनके मन में राजनीति के प्रति उस समय से रुझान था, जब उन्होंने एक 'फैन क्लब' बनाया था और बाद में स्थानीय निकायों का चुनाव लड़ा था. यही नहीं, एआईएडीएमके को चुनाव में सहायता भी की थी. किंतु स्वतंत्र दल बनाकर दो साल की तैयारी में 108 सीटें जीतना कोई मामूली बात नहीं है. वह भी तब जब राज्य की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ कोई वातावरण नहीं बना और उसकी वापसी तय मानी जा रही हो. अब सवाल यही है कि यदि उत्तर से दक्षिण के अनेक राज्यों में कोई एक करिश्माई नेता अपनी ताकत से सत्ता बदल देता है तो महाराष्ट्र में कोई शक्तिमान क्यों नहीं तैयार हो पाया. 66 साल के इतिहास में एक दर्जन नेता उभरे और सामने आए, लेकिन सत्ता समझौते से ही मिली. ग्लैमर की दुनिया में सितारे सबसे अधिक महाराष्ट्र में ही थे, किंतु उन्होंने प्रचार से अधिक कभी कोई सामाजिक अथवा राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं निभाई. महाराष्ट्र, जहां बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट की दुनिया का मुख्यालय 'बीसीसीआई' तक है. राज्य में भारत रत्नों की संख्या सबसे अधिक है. इस परिक्षेत्र में सबसे ज्यादा सामाजिक जागरुकता के आंदोलन हुए और स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख केंद्रों में से एक यही राज्य था. फिर भी राजनीति के स्तर पर कोई करिश्माई नेता इतना बड़ा कद नहीं बना सका, जिसके नाम पर सत्ता का शिखर पाया जा सका हो. दक्षिण में अनेक अभिनेता और अभिनेत्रियां, उत्तर में सामाजिक आंदोलनों से जुड़े नेता सत्ता को पाने में सफल हुए हैं. यह बात और है कि उन्हें अधिक अवसर नहीं मिले, किंतु एक मौका तो हर एक को मिला. महाराष्ट्र के गठन के बाद कांग्रेस का बोलबाला रहा, लेकिन जब अवसर आया तो समझौतावादी राजनीति को अपनाया गया. राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के नेता शरद पवार, शेतकरी कामगार पक्ष के नेता शरद जोशी, समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीस, मधु लिमये, शिवसेना के बालासाहब ठाकरे, वर्तमान में वंचित बहुजन मोर्चे के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे जैसे अनेक नेताओं ने अपने उदय के साथ अपना एक समय बनाया, जिसमें उनका प्रभाव और लोकप्रियता चरम पर थी. किंतु उससे उन्हें सत्ता की सीढ़ी नहीं मिली. कहीं गठबंधन और समझौता करना ही एक मजबूरी के रूप में सामने आया. दक्षिण की तरह ही महाराष्ट्र कला और खेल दोनों में अग्रणी स्थान पर रहा. राज्य में हिंदी के साथ मराठी फिल्मों का प्रभाव रहा. उनके कलाकारों की सामाजिक चेतना हमेशा ही प्रबल रही. किंतु उसका लाभ राजनीतिक परिवर्तन के रूप में नहीं हुआ. वह प्रचार और समर्थन के लिए उपयोग में लाए जाते रहे, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने का न किसी कलाकार में साहस दिखा और न ही उन्हें आजमाने की किसी राजनीतिक दल ने कोशिश की. बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन, सुनील दत्त, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, सनी देओल, स्मृति ईरानी, कंगना रनौत तक राजनीति में आए, लेकिन हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी को छोड़ कर सभी अपने गृह राज्य से ही चुनाव मैदान में उतरे और वहीं सीमित रहे. केंद्र सरकार ने अनेक कलाकारों और खिलाड़ियों को राज्यसभा के लिए नामित किया, मगर उन्होंने उसमें कोई रुचि नहीं दिखाई. बस छह साल का समय काट लिया. विधानसभा के दृष्टिकोण से भी न हिंदी और न मराठी कलाकार जनप्रतिनिधि बनने के लिए सामने आया. मराठी टीवी कलाकार अमोल कोल्हे ने संसदीय चुनाव लड़ा और राकांपा के सांसद बने रहे. स्पष्ट यही रहा कि दक्षिण की तरह किसी कलाकार ने अपना दल बनाकर और स्थापित नेताओं को हराकर कभी विजय प्राप्त नहीं की. न ही राजनीतिक संभावना को जन्म दिया. संभव है कि इसकी वजह आत्मविश्वास में कमी रही हो या फिर राजनीतिक दलों का दबाव रहा हो. किंतु महत्वाकांक्षा को भी कोई स्थान नहीं मिला. यह कहा जा सकता है कि राज्य में राजनीति जातिगत समीकरण में काफी उलझी हुई है और कला क्षेत्र में हमेशा ही जाति विशेष का दबदबा रहा है. उससे बाहर निकलने का प्रयास नहीं हुआ. जिस प्रकार दक्षिण के नेताओं ने उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और जातिगत समीकरणों से ऊपर अपनी छवि बनाई, उस प्रकार की संरचना को तैयार करने में महाराष्ट्र के सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र के नेता विफल रहे. वे हमेशा ही एकतरफ बंध कर रह गए. राज्य के नए और उभरते नेताओं ने अपनी शुरुआत तो बहुत आक्रामक की, लेकिन जनमानस को जीतने में असफल रहे. या चुनावी गणित में जनता को जोड़ पाने में उन्हें सफलता नहीं मिली।

## सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष : भारत की सांस्कृतिक चेतना और सभ्यतागत पुनर्जागरण का प्रतीक



पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली



**स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर पुनर्निर्माण का संकल्प लिया।**

**तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया।**

**तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रपति के समारोह में शामिल होने पर आपत्ति जताई थी**

गुजरात के समुद्री तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने को भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यतागत गौरव और राष्ट्रीय आत्मविश्वास के महत्वपूर्ण प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1951 में संपन्न हुआ यह पुनर्निर्माण केवल एक मंदिर के पुनर्स्थापन का कार्य नहीं था, बल्कि सदियों के आक्रमणों और विनाश के बाद भारतीय आस्था, संस्कृति और आत्मसम्मान के पुनर्जागरण का ऐतिहासिक क्षण माना जाता है। सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत की उस अटूट शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक है, जिसने हजार वर्षों तक विदेशी आक्रमणों और कट्टरपंथी हमलों को झेलने के बावजूद अपनी पहचान और आस्था को जीवित रखा। अनेक बार ध्वस्त किए जाने के बाद भी यह मंदिर हर बार अपनी भव्यता के साथ पुनः खड़ा हुआ। इसे भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और पुनर्जीवन का जीवंत उदाहरण माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि जिस प्रकार सोमनाथ को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास किए गए, उसी प्रकार भारत की सांस्कृतिक पहचान और सभ्यता को भी मिटाने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न तो सोमनाथ समाप्त हुआ और न ही भारत की आत्मा। उन्होंने कहा कि सोमनाथ पर हुए हमलों का उद्देश्य केवल लूटपाट नहीं, बल्कि भारतीय आस्था और सांस्कृतिक चेतना को कमजोर करना था। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यदि उद्देश्य केवल लूट होता तो पहला बड़ा आक्रमण ही अंतिम होता, लेकिन मंदिर को बार-बार निशाना बनाया गया और इसकी पवित्रता को अपमानित करने का प्रयास किया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। इसे नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की पहली बड़ी अभिव्यक्तियों में से एक माना गया। हालांकि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति पर आपत्ति जताई थी। इसके बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया और इसे भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्रीय अस्मिता के पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। विशेषज्ञों का मानना है कि सोमनाथ के पुनर्निर्माण ने स्वतंत्र भारत में सांस्कृतिक चेतना और अपनी सभ्यता पर गर्व की नई भावना को जन्म दिया। बाद के वर्षों में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनर्विकास, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और केदारनाथ धाम के पुनर्जीवन जैसे प्रयासों को भी इसी सांस्कृतिक पुनर्जागरण की निरंतरता माना जा रहा है। इन परियोजनाओं से धार्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं।

भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भी हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। आज योग विश्वव्यापी स्वास्थ्य और जीवनशैली आंदोलन बन चुका है। इसके अलावा पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात में बने भव्य हिंदू मंदिर तथा बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण जैसे प्रयासों को भी भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों में भी भारतीय पारंपरिक ज्ञान और आयुष पद्धति को विशेष महत्व दिया गया है। हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते में आयुष चिकित्सकों और योग प्रशिक्षकों के लिए अवसर प्रदान किए गए हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए समझौतों में भी भारतीय पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक विशेषज्ञों के लिए नए अवसर सृजित किए गए हैं। लेख में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत आज भी आतंकवाद, कट्टरपंथ और अवैध घुसपैठ जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत को इन चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक बताया गया है। "ऑपरेशन सिंदूर" का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि भारत ने आतंकवाद और सीमा पार से होने वाली गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। लेख के अनुसार, सोमनाथ मंदिर की कहानी केवल एक धार्मिक स्थल की कहानी नहीं है, बल्कि उस सभ्यता की कहानी है जिसने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। पुनर्निर्माण के 75 वर्ष बाद आज सोमनाथ मंदिर भारत की सांस्कृतिक निरंतरता, राष्ट्रीय आत्मविश्वास और अदम्य दृढ़ता का कालजयी प्रतीक बनकर खड़ा है।

## भारत में कैसे लौटे 'शून्य कचरा' की परंपरा?

प्रियंका सिंह

दुनिया में सतत विकास पर चर्चा शुरू होने से कहीं पहले से भारतीय परिवार रोजमर्रा की जिंदगी में 'शून्य-कचरा' सिद्धांत मान रहे थे. स्वतंत्रता के बाद कई दशकों तक यह व्यवस्था बनी रही. एक सामान्य भारतीय परिवार डिब्बों और प्लास्टिक पैकेट को साफ कर दोबारा इस्तेमाल करने, कपड़े के झोले लेकर बाजार जाने और कबाड़ को तय व्यक्तियों को बिक्री करने जैसे व्यवहार को मानता था. ये सभी आदतें 'चक्रीयता' (सर्कुलैरिटी) की सहज समझ का हिस्सा थीं. अब दस मिनट की डिलीवरी से लेकर स्वच्छता और उत्पाद सुरक्षा के नाम पर पैकेजिंग की कई परतें जुड़ गई हैं. सुविधा आधारित उपभोग संस्कृति के विस्तार से कचरे की मात्रा में अनियंत्रित वृद्धि देखी जा रही है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, देश में कचरा उत्पादन 2017-18 में 99 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन था, जो 2022-23 में 156 ग्राम हो गया. देश में रोजाना लगभग 1.70 लाख टन शहरी ठोस कचरा निकलता है. इसमें से 61 प्रतिशत कचरे का प्रसंस्करण होता है, लगभग 22 प्रतिशत कचरा लैंडफिल में चला जाता है और शेष 17 प्रतिशत का हिसाब नहीं मिल पाता. यही अंतर खुले में कचरा जलाने, इधर-उधर फेंकने या जल निकायों में डालने का कारण बनता है. काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के एक अध्ययन का आकलन है कि शहरी ठोस कचरे के केवल जैविक हिस्से का प्रसंस्करण 2047 तक 47,500 करोड़ रुपए का वार्षिक बाजार बन सकता है, लगभग 26 लाख पूर्णकालिक समकक्ष नौकरियां और 2.14 लाख करोड़ रुपए का निवेश ला सकता है. स्वच्छ भारत मिशन जैसे प्रयासों ने ठोस कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाया है. लेकिन कुछ सशक्त उपायों को जोड़ने की जरूरत है, जिसमें ये प्राथमिकताएं मदद कर सकती हैं. पहला, कचरे में स्रोत पर कटौती को बढ़ावा देना. उत्पादकों को निचले स्तर के बजाय शुरुआती स्तर पर ही कचरे को घटाने की तरफ ले जाना जरूरी है. उन्हें सिंगल-यूज पैकेजिंग की जगह पर दोबारा भरने और इस्तेमाल करने योग्य पैकेजिंग के साथ उत्पादों की डिजाइन बनाने को प्रोत्साहित करना चाहिए. इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को करों में छूट, मंजूरी शर्तों में ढील और कचरा कटौती में सफल उद्योगों को मान्यता देने जैसे उपाय जोड़ने चाहिए. दूसरा, थोक कचरा उत्पादकों की संभावित क्षमता का लाभ उठाना. एक अप्रैल से लागू नए ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2026 में थोक कचरा उत्पादकों के लिए अपने स्थान पर कचरा प्रबंधन अनिवार्य बनाया गया है. लेकिन कई उत्पादक जमीन व तकनीकी जानकारी के अभाव और प्रसंस्करण प्रणाली के लिए सीमित वित्तीय संसाधन जैसी चुनौतियों का सामना करते हैं. इसलिए शहरी स्थानीय निकायों को इन्हें शुरुआती वित्तीय सहायता देनी चाहिए. तीसरा, कचरा प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विनिर्माण को मजबूत बनाना. भारत में अभी 61 प्रतिशत कचरे का प्रसंस्करण होता है, जिसे बढ़ाने में आयातित मशीनरी पर निर्भरता एक बड़ी बाधा है. खरीद में देरी से प्रसंस्करण सुविधाएं लगाने की रफ्तार धीमी हो जाती है. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और एमओईएफसीसी समेत सभी संबंधित मंत्रालयों को कचरा-प्रसंस्करण उपकरणों के लिए घरेलू नवाचार, परीक्षण और विनिर्माण में मदद देनी चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कामकाज में सुधार आएगा और मन हल्का रहेगा। कोई पुराना मित्र अचानक मिलकर आपको खुश कर सकता है। जीवनसाथी से बातचीत आपके मन का बोझ कम करेगी। संतान के करियर को लेकर थोड़ी भागदौड़ रहेगी। घर के रिनोवेशन की योजना बनेगी, जिसमें खर्चा भी बढ़ सकता है।

### वृष

आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। मनोरंजन और मस्ती के मौके मिलेंगे, जिससे मन हल्का रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला थोड़ा तनाव दे सकता है, लेकिन भाइयों का सहयोग आपको राहत देगा। मां के साथ किसी बात को लेकर गलतफहमी हो सकती है, जिसे प्यार से सुलझाना ही बेहतर रहेगा। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको सुकून देगा।

### मिथुन

आज का दिन ऐशो-आराम और खुशियों से भरा रहेगा। घर के बड़े आपका पूरा साथ देंगे। अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है, इसलिए अपने सामान का ध्यान रखें। निवेश सोच-समझकर करें। कोई साइड इनकम भी आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।

### तुला

आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने में पूरी ताकत लगा देंगे और सफलता भी मिलेगी। बिजनेस में नई पार्टनरशिप के योग बन रहे हैं। संतान की सफलता आपके चेहरे पर मुस्कान लाएगी। कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें। अविवाहित लोगों की किसी खास से मुलाकात हो सकती है और घर-गाड़ी खरीदने के भी योग बन रहे हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए पूरा ध्यान अपने टारगेट पर रखें। किसी की बातों में आकर मन में नकारात्मकता न आने दें। दोस्त आपका साथ निभाएंगे, लेकिन कोई करीबी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। लंबे समय से रुकी हुई एक इच्छा आज पूरी होने के संकेत दे रही है। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

### धनु

आज आपका आत्मविश्वास और साहस दोनों चरम पर रहेंगे। कुछ नया करने की चाह आपको आगे बढ़ाएगी और बिजनेस में बदलाव के विचार आएंगे। छात्रों के लिए दिन अच्छा है और परीक्षा के नतीजे भी खुशियां ला सकते हैं। मौसम का असर सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए ध्यान रखें। मेहनत का पूरा फल मिलने वाला है। लेकिन कोई करीबी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

### कर्क

आज आपका मान-सम्मान बढ़ने वाला है और लोग आपकी तारीफ करते नहीं थकेंगे। किसी खास सामाजिक कार्यक्रम में आपकी मौजूदगी आपको खास बना सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मिठास घुलेगी और छोटी-मोटी दूरियां भी खत्म होंगी। बस सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहें और बाहर के खाने से दूरी बनाएं।

### सिंह

आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। कामकाज में शानदार सफलता मिलेगी और जो मेहनत आप कर रहे थे, उसका असर अब साफ दिखेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में भी जीत की खुशखबरी मिल सकती है। आपकी पहचान और रुतबा दोनों बढ़ेंगे। कारोबार की पुरानी परेशानियां अब खत्म होने की ओर हैं।

### कन्या

आज आपको हर फैसला सोच-समझकर लेना होगा। आपकी समझदारी ही आपको आगे बढ़ाएगी। घर-परिवार की जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी खटास आ सकती है, जिसे समझदारी से संभालना होगा। परिवार में किसी खुशी का माहौल बन सकता है।

### मकर

आज का दिन थोड़ा उलझनों से भरा रह सकता है। गुस्से में आकर कोई फैसला न लें, वरना नुकसान हो सकता है। विरोधी सक्रिय रहेंगे, इसलिए सतर्क रहें। नया घर खरीदने की योजना में कागजातों की जांच जरूर करें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को फायदा मिल सकता है। दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

### कुंभ

आज आप अपने अटके हुए कामों को पूरा करने में सफल रहेंगे। आय बढ़ाने के नए रास्ते खुलेंगे। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के संकेत हैं। कोई पुराना कानूनी मामला आपके पक्ष में जा सकता है। कामकाज में खुशखबरी मिल सकती है। आप किसी दोस्त की मदद के लिए आगे आएंगे। भाई-बहनों का साथ मिलेगा। लेकिन कोई करीबी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

### मीन

आज का दिन मिला-जुला रहेगा। काम में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, जिससे रुकावट महसूस होगी। किसी भी काम में जल्दबाजी न करें। जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और तनाव भी हो सकता है। खुद को रिलैक्स करने के लिए थोड़ा समय निकालें। जीवनसाथी से किया वादा निभाना जरूरी होगा। लेकिन कोई करीबी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6088


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6087

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 6088



संकेत: बाएं से दाएं
1. इस प्रसिद्ध हास्य कवि की जन्म तारीख व निधन होने की तारीख एक ही है जन्म 18 सितंबर व निधन 18 सितंबर (6)
7. राजीव, पुरानी फिल्मों के गीतकार (3)
8. भगवान श्रीगणेश के नामों में से एक (4)
10. गीत, तराना (3)
11. हृदय, मन, अंतःकरण (2)
12. परस्पर निर्वाह करना, बुहारना (3)
16. शोधलेख, शोधपत्र, शोधरचना (3)
18. यह सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की एक प्रसिद्ध दूत काव्य है (4)
21. शब्द, वाणी, बोली (3)
22. पुराणानुसार पांचवां लोक जहां मनुष्य रहते है, सर्वसाधारण (2)
23. यह कृष्ण-भक्ति शाखा की प्रमुख कवयित्री है (2)
25. दीवार में छेद करके या सेंध लगाके चोरी करने वाला (5)
26. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ पुत्र का नाम जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)

संकेत: ऊपर से नीचे
1. विवाह के पूर्व कुमारी अवस्था में उत्पन्न हुआ पुत्र (3)
2. असर पैदा करने वाला, प्रभाव करने वाला (4)
3. पाचन क्रिया, पाचन शक्ति (3)
4. सूर्य का सारथी होने के कारण अरुण का एक नाम (5)
5. टांका मारना, सिलाई करना, वक्षस्थल (2)
6. समस्त, कुल, सब (3)
9. अगर, जो (2)
13. महाराष्ट्र का यह शहर गोदावरी नदी के समीप स्थित है, पंचवटी वन इसके समीप है (3)
14. दक्षिण अमेरिका में बहने वाली विश्व की सबसे बड़ी नदी (4)
15. पिता के पिता को यह कहा जाता है (2)
17. हिफाजत से रखा हुआ, सुरक्षित (4)
19. गड़गड़ाहट, गर्जन, मेघनाद (3)
20. शिष्टता, विवेक, सभ्यीकरण (3)
24. जंघा, जांघ (2)

### वर्ग पहेली 6087 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ले | शि | या | | शा | य | द |
| हे | | का | ता | | द | क्ष | |
| श | ह | र | या | र | | | या |
| भू | ल | | त | ह | की | का | त |
| प | क | ना | | म | ल | य | ज |
| ति | | म | | दि | | र | |
| | | व | की | ल | | | मू |
| पु | का | र | ना | | ने | पा | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## आरसीबी पर जीत के बाद बोले एडेन मार्करम

# एलएसजी के ड्रेसिंग रूम का मनोबल सच में बढ़ा है

**चेन्नई (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज एडेन मार्करम ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 9 रन की जीत के बाद टीम का मनोबल सही समय पर बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि रविवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक और जीत के साथ इस लय को बनाए रखने की उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं।

मार्करम ने कहा, 'सब कुछ ठीक चल रहा है। हम बस आगे बढ़ रहे हैं; आखिरकार आपको वह लय और रूटीन मिल ही जाता है। पिछली शाम मिली जीत बहुत अच्छी रही - इसने ड्रेसिंग रूम में मनोबल को सच में बढ़ाया है। उम्मीद है कि आज हम एक और मजबूत प्रदर्शन के साथ इस लय को बनाए रख पाएंगे।' ञ्च20द्ध में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करने वाले मार्करम ने अलग-अलग पोजिशन पर बल्लेबाजी करने की जरूरतों पर जोर दिया क्योंकि वह इस चल रहे सीजन में सबसे नीचे पायदान पर मौजूद एलएसजी के लिए ओपनिंग और मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी के बीच अदला-बदली करते रहे हैं।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह आपकी खास भूमिका पर निर्भर करता है। मेरा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा रन बनाना और मिडिल ऑर्डर में अपनी पोजिशन को समझना है। इस फॉर्मेट में जरूरतें हर गेंद या हर ओवर के साथ बदल सकती हैं और आपको इस बात का ध्यान रखना होता है। अगर आप मिडिल ऑर्डर में हैं तो आपको काफी लचीला होना पड़ता है ताकि आप टीम के लिए अपना काम पूरा कर सकें। मुश्किल बात यह है कि जो शॉट्स टॉप ऑर्डर में काम करते हैं, वे अक्सर मिडिल ओवरों में आपको कैच आउट करवा सकते हैं। निजी तौर पर मैं अपनी पारी के आखिर में ज्यादा खाली जगह ढूंढने की कोशिश करता हूं और मिडिल ओवरों में गैप ढूंढने के अनोखे तरीके खोजता हूं।'

मार्करम ने सबसे छोटे फॉर्मेट में अलग-अलग पोजिशन पर बल्लेबाजी करते समय अपने दृष्टिकोण में लचीलेपन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हर किसी का दृष्टिकोण थोड़ा अलग होता है - कुछ खिलाड़ी क्रीज़ पर टिककर गैप ढूंढना पसंद करते हैं, तो कुछ अपने पैरों का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। मेरे लिए यह खाली जगहों पर शॉट लगाने और तेजी से दौड़ने के बारे में है। मैंने हमेशा कहा है कि मैं किसी भी भूमिका में ढलने और जरूरत के हिसाब से कोई भी भूमिका निभाने में खुश हूं।

## अपने पहले ही मैच में इस 18 वर्षीय बॉलर ने बरपाया कहर! ली हैट्रिक 120 साल में पहली बार हुआ ऐसा



**नई दिल्ली।** हर खिलाड़ी चाहता है कि उसका पहला मुकाबला यादगार बने, लेकिन इंग्लैंड के युवा गेंदबाज टॉम नॉर्टन ने तो डेब्यू मैच को ऐतिहासिक बना दिया। 18 साल के इस तेज गेंदबाज ने काउंटी चैंपियनशिप 2026 में ग्लैमोरगन के लिए खेलते हुए अपने फर्स्ट क्लास डेब्यू मैच में ही हैट्रिक ले ली। यह उपलब्धि इतनी खास है कि पिछले 120 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में ग्लैमोरगन और समरसेट के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। समरसेट की दूसरी पारी में टॉम नॉर्टन ने लगातार तीन गेंदों पर तीन बल्लेबाजों को आउट कर सनसनी मचा दी। उन्होंने जेम्स रियू, टॉम लैमोनबी और आर्ची वॉन को पवेलियन भेजा। आर्ची वॉन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे हैं। इसके बाद नॉर्टन ने विल स्मिड को भी आउट किया और दूसरी पारी में अपने चार विकेट पूरे कर लिए। समरसेट का स्कोर एक समय 32 रन पर छह विकेट हो गया था। टॉम नॉर्टन अब काउंटी चैंपियनशिप डेब्यू मैच में हैट्रिक लेने वाले 1906 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले 1906 में डब्ल्यू.ई. बेन्स्किन ने लीसेस्टरशायर की ओर से एसेक्स के खिलाफ डेब्यू मैच में हैट्रिक ली थी। यानी क्रिकेट फैंस को ऐसा नजारा देखने के लिए पूरे 120 साल इंतजार करना पड़ा। नॉर्टन ग्लैमोरगन के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू पर हैट्रिक लेने वाले सबसे कम उम्र के गेंदबाज भी बन गए हैं। टॉम नॉर्टन इंग्लैंड क्रिकेट का उभरता हुआ नाम हैं। उनकी उम्र सिर्फ 18 साल है और उन्हें तेज रफ्तार तथा सटीक लाइन-लेंथ के लिए जाना जाता है। डेब्यू मैच में ऐसा प्रदर्शन किसी भी युवा खिलाड़ी के आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है। अब नॉर्टन रातों-रात सुर्खियों में आ गए हैं।

**आईपीएल 2026**

## लगातार मैचों ने बिगाड़ा राजस्थान रॉयल्स का खेल? हार के बाद गेंदबाजी कोच का बड़ा खुलासा



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स को एक और बड़ी हार का सामना करना पड़ा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने राजस्थान को 77 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने का फैसला राजस्थान के लिए उल्टा साबित हुआ। शुभमन गिल ने 44 गेंदों पर 84 रन और साई सुदर्शन ने 36 गेंदों पर 55 रन की शानदार पारी खेलकर गुजरात को 20 ओवर में 229/4 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

**वैभव की तूफानी शुरुआत भी नहीं आई काम** – 230 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दिलाई। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने सिर्फ 16 गेंदों में 36 रन ठोक दिए, जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

# आईपीएल में लगातार हार से परेशान पंजाब किंग्स के सामने दिल्ली की चुनौती

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स सोमवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंजाब किंग्स की टीम लगातार तीन हार के बाद दबाव में है और अब वह घरेलू मैदान पर वापसी की कोशिश करेगी। धर्मशाला में टीम अपने घरेलू चरण के आखिरी तीन मुकाबले खेलेगी।





**खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब** – सीजन की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट की इकलौती अजेय टीम थी, लेकिन अब टीम की लय पूरी तरह बिगड़ती नजर आ रही है। हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में टीम की फील्डिंग बेहद खराब रही थी। खासकर कैच छोड़ने की वजह से टीम को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुआई वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण भी लगातार रन लुटा रहा है। बल्लेबाजी में प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत के बाद निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रही है।

- **दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदें लगभग खत्म** – दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन इस सीजन निराशाजनक रहा है। टीम अपने पिछले छह मुकाबलों में से पांच हार चुकी है और अंक तालिका में निचले हिस्से में मौजूद है। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से दिल्ली अब भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है, लेकिन उसके आगे बढ़ने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। टीम के बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर संघर्ष करते नजर आए हैं। वहीं स्टार स्पिनर कुलदीप यादव भी इस सीजन अब तक अपनी छाप छोड़ने में सफल नहीं रहे हैं।
- **दोनों टीमों की फील्डिंग बनी चिंता** – दिल्ली कैपिटल्स की तरह पंजाब किंग्स भी खराब फील्डिंग से परेशान है। दोनों टीमों ने इस सीजन कई आसान मौके गंवाए हैं, जिसका असर सीधे मैच के नतीजों पर पड़ा है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाले मुकाबले में छोटी-छोटी गलतियां मैच का रुख तय कर सकती हैं।

### प्लेऑफ के लिए दो जीत जरूरी

श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है। ऐसे में टीम चाहेगी कि खिलाड़ी वही आक्रामक क्रिकेट खेलें, जिसने उन्हें सीजन के शुरुआती चरण में सफलता दिलाई थी। टी20 क्रिकेट में लय बेहद अहम होती है और पंजाब की कोशिश जल्द से जल्द जीत की राह पर लौटने की होगी।

### पंजाब किंग्स संभावित टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, प्रवीण दुबे, पायला अविनाश और विशाल निषाद।

### दिल्ली कैपिटल्स संभावित टीम

अभिषेक पोरेल, लोकेश राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी शॉ, काइल जेमिसन, अजय जाधव मंडल, माधव तिवारी, साहिल पारख, करुण नायर और टी नटराजन।

## मेसी ने रच दिया इतिहास सबसे तेज 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बने

**टोरंटो।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर लीग सॉकरमें एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। मेसी ने टोरंटो एफसी के खिलाफ इंटर मियामी की 4-2 की जीत में एक गोल और दो असिस्ट कर इतिहास में सबसे तेज 100 गोल योगदान देने वाले खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बना दिया। मेसी ने यह उपलब्धि सिर्फ 64 मैचों में हासिल की। इससे पहले यह रिकॉर्ड सेबेस्टियन जियोविंको के नाम था, जिन्होंने 95 मैचों में 100 गोल योगदान पूरे किए थे। स्रूस्र में 2023 में आने के बाद से मेसी अब तक 59 गोल और 41 असिस्ट कर चुके हैं। यह मुकाबला इंटर मियामी के लिए मेसी का 100वां मैच भी था। वह क्लब के इतिहास में 100 मैच खेलने वाले सिर्फ आठवें खिलाड़ी बने। मेसी के आने के बाद इंटर मियामी ने सफलता का नया दौर देखा है। उनकी कप्तानी में क्लब ने 2023 लीग्स कप, 2024सपोर्टर्स शील्ड, 2025 ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस खिताब और 2025 कप जैसे बड़े खिताब जीते।



### मेसी और सुआरेज का जलवा

इंटर मियामी ने मुकाबले में शानदार शुरुआत की। रोड्रिगो डी पॉल की फ्री-किक के बाद मिले रिबाउंड पर गोल कर टीम ने बढ़त हासिल की। इसके बाद सुआरेज ने मेसी के शानदार पास पर गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। 73वें मिनट में मेसी ने सर्जियो रेगुइलोन के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए एक और गोल में मदद की।




# वर्ल्ड कप खेलेगा ईरान लेकिन रखीं यह शर्तें!

**मेजबान देशों के सामने बड़ी चुनौती**

**तेहरान।** ईरान फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को साफ कर दिया कि राष्ट्रीय टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी। पिछले कुछ हफ्तों से टीम की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी, लेकिन अब इस पर विराम लग गया है। 2026 फीफा वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। ईरान ने क्वालिफिकेशन राउंड के जरिए सीधे टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

### ईरान ने रखीं 10 अहम शर्तें

फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि टीम हिस्सा जरूर लेगी, लेकिन मेजबान देशों को उनकी चिंताओं पर ध्यान देना होगा। सबसे बड़ी मांग वीजा से जुड़ी है। ईरान चाहता है कि खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ, पत्रकारों और समर्थकों को बिना किसी परेशानी के वीजा दिया जाए। एयरपोर्ट पर अतिरिक्त पूछताछ या इमिग्रेशन अड़चनें नहीं होनी चाहिए। मेहदी ताज ने खास तौर पर स्टार खिलाड़ियों मेहदी तारेमी और एहसान हजसाफी का नाम लेते हुए कहा कि उन्हें भी बिना रुकावट प्रवेश मिलना चाहिए।

### सुरक्षा और सम्मान पर जोर

- ईरान ने सुरक्षा व्यवस्था को भी अहम मुद्दा बताया है। टीम ने मांग की है कि एयरपोर्ट, होटल, यात्रा मार्ग और स्टेडियम में विशेष सुरक्षा दी जाए।
- इसके अलावा ईरान ने कहा है कि उनके मैचों के दौरान स्टेडियम में केवल मुकाबला खेल रही दोनों टीमों के आधिकारिक राष्ट्रीय ध्वज ही लाने की अनुमति होनी चाहिए।
- ईरान ने यह भी मांग रखी कि हर मैच से पहले उनका राष्ट्रगान सही तरीके से और बिना किसी व्यवधान के बजाया जाए।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भी शर्त

ईरानी महासंघ चाहता है कि मैच से पहले और बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल केवल फुटबॉल से जुड़े हों। राजनीतिक या बाहरी मुद्दों पर सवाल न पूछे जाएं।महासंघ ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'हम निश्चित रूप से 2026 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगे, लेकिन मेजबानों को हमारी चिंताओं का ध्यान रखना होगा।

# तीरंदाजी विश्व कप में भारत का कमाल!



## चीन को उसके घर में हराकर महिला टीम ने जीता स्वर्ण, दीपिका चमकीं

**शंघाई, एजेंसी।** भारत की महिला रिकर्व टीम ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान चीन को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। शंघाई में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने दबाव भरे शूट-ऑफ में चीन को 5-4 (28-26) से हराया। इस जीत के साथ भारत ने 2021 के बाद पहला आर्चरी वर्ल्ड कप गोल्ड मेडल जीता।

### दीपिका कुमारी ने दिलाई यादगार जीत

भारत की ओर से दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोड़ ने शानदार खेल दिखाया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा और दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।भारत ने पहला सेट जीता, लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया। चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहा और मैच शूट-ऑफ तक पहुंच गया।

निर्णायक पल में भारतीय खिलाड़ियों ने संयम बनाए रखा। आखिरी तीर पर अनुभवी दीपिका कुमारी ने नौ अंक हासिल किए और भारत को यादगार जीत दिला दी।

### सेमीफाइनल में कोरिया को भी चौंकाया

भारतीय टीम ने फाइनल से पहले सेमीफाइनल में 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। इस जीत ने भारत का आत्मविश्वास और बढ़ा दिया था। कोरिया जैसी मजबूत टीम को हराने के बाद भारत ने फाइनल में चीन को भी मात देकर अपनी ताकत साबित कर दी।

### साहिल जाधव ने जीता कांस्य पदक

शनिवार को भारत के साहिल जाधव ने पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का खाता खोला था। 25 वर्षीय साहिल ने कांस्य पदक मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद उन्होंने लगातार वापसी करते हुए अगली चार सेट जीत लीं। यह साहिल के करियर का पहला वर्ल्ड कप पदक है।

### सिमरनजीत कौर से भी उम्मीदें

भारत की पदक उम्मीदें यहीं खत्म नहीं हुईं। महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। वह अपने पहले व्यक्तिगत वर्ल्ड कप पदक से सिर्फ एक जीत दूर हैं।

### भारत के लिए बड़ा संकेत

शंघाई में मिला यह गोल्ड मेडल भारतीय तीरंदाजी के लिए बड़ा संकेत माना जा रहा है। बड़े मुकाबलों में दबाव झेलकर जीतना दिखाता है कि भारतीय खिलाड़ी अब दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को लगातार चुनौती देने के लिए तैयार हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज नगर पंचायत ने शहर और बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान रफीगंज थाना के पास से शुरू किया गया। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, कलाली, कासमा पथ, महराजगंज रोड और ब्लॉक रोड किनारे व्यवसायियों तथा ऑटो चालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने बताया कि मौसम को देखते हुए शहर की छोटी-बड़ी नालियों की सफाई आवश्यक है। लोगों ने नालियों और शहर में आवागमन के लिए संकरे रास्तों पर भी अतिक्रमण कर रखा था, जिसे हटाना जरूरी हो गया था। इसका उद्देश्य नालियों की उचित सफाई सुनिश्चित करना और शहरवासियों को जलजमाव से बचाना है। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ जगहों पर अतिक्रमणकारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा।

### 14 जिलों में टोपो लैंड की खरीद-बिक्री पर रोक

**पटना (नि. सं.)।** बिहार सरकार ने टोपो लैंड को लेकर बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य के 14 जिलों में ऐसी जमीनों की खरीद-बिक्री, दाखिल-खारिज और लगान निर्धारण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि टोपो लैंड को पूरी तरह सरकारी भूमि माना जाएगा और इस पर किसी निजी व्यक्ति का स्वामित्व स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही इन जमीनों की रजिस्ट्री, म्यूटेशन और टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया भी रोक दी गई है। रकार ने यह फैसला महाधिवक्ता और विधि विभाग की सलाह के आधार पर लिया है। विभाग ने वर्ष 1935 के एक पुराने कानूनी फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि नदियों के मार्ग बदलने से बनने वाली ऐसी भूमि मूल रूप से सरकारी संपत्ति मानी जाएगी।

शहर के बीचों-बीच संचालित फल-सब्जी मंडी को जल्द ही नई जगह पर स्थानांतरित

# शहर को जाम से मिलेगी राहत, नई जगह शिफ्ट होगी फल-सब्जी मंडी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर के बीचों-बीच संचालित फल-सब्जी मंडी को जल्द ही नई जगह पर स्थानांतरित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने शहर को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के किनारे न्यू जेल परिसर के पास नए फल-सब्जी मंडी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि मई महीने के अंतिम सप्ताह तक मंडी को नए स्थल पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

पूरे निर्माण और स्थानांतरण कार्य की निगरानी जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा स्वयं कर रही हैं। मंडी निर्माण और व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नए मंडी परिसर में दुकानदारों और आम लोगों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इसमें शौचालय, पेयजल, बिजली, सड़क और व्यवस्थित दुकानों की व्यवस्था शामिल होगी।

रविवार की शाम निर्माणाधीन मंडी स्थल का निरीक्षण करने पर वहां तेजी से काम होते देखा गया। मजदूरों और मशीनों की सहायता से निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंचता नजर आया। प्रशासन का दावा है कि कुछ ही दिनों में शहरवासियों को एक व्यवस्थित, विस्तृत और आधुनिक फल-सब्जी मंडी उपलब्ध करा दी जाएगी।

दरअसल वर्तमान में शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में संचालित सब्जी मंडी के कारण प्रतिदिन भारी जाम की समस्या उत्पन्न होती है। बाजार इलाके में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर से बाहर लेकिन आसानी से पहुंच वाले स्थान का चयन किया है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। फल-सब्जी मंडी के स्थानांतरण को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कुल 82 फल एवं सब्जी विक्रेताओं को पुराने मंडी स्थल से हटाकर न्यू जेल परिसर के पास बनाए गए नए मंडी स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक के दौरान विक्रेताओं ने नई जगह पर बिजली, सड़क, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर जिलाधिकारी ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी, नगर परिषद, विद्युत विभाग और पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक योजना तैयार कर प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, विद्युत विभाग, पथ निर्माण विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से नए मंडी स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि तेजी से कार्य कराया जा रहा है और जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी।

# आरपीएफ की कार्रवाई, ट्रॉली बैग चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) रफीगंज पोस्ट की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चलती ट्रेन से ट्रॉली बैग चोरी करने वाले एक युवक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को घटना के करीब डेढ़ घंटे के भीतर पकड़ लिया गया। यह कार्रवाई 9 मई 2026 को की गई।

जानकारी के अनुसार आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राम सुमेर अपनी टीम के साथ रेलवे अधिनियम के तहत स्टेशन परिसर में जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12382 डाउन पूर्वा एक्सप्रेस रफीगंज स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर अचानक रुकी है। ट्रेन के एस-3 कोच में मौजूद यात्रियों ने बताया कि लगभग एक किलोमीटर पहले एक युवक चलती ट्रेन से एक महिला यात्री का ट्रॉली बैग लेकर कूद गया है। बैग में सोने के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान होने की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही निरीक्षक राम सुमेर ने तुरंत तीन जवानों को मौके पर रवाना किया और स्वयं मोटरसाइकिल से संभावित रास्तों पर निगरानी शुरू कर दी। टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण करीब डेढ़ घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान 21 वर्षीय राजन के रूप में हुई है, जो परवेश विहार, नवादा, थाना जोगीवाला, जिला देहरादून (उत्तराखंड) का रहने वाला बताया गया है। उसके पास से चोरी किया गया ट्रॉली बैग भी बरामद कर लिया गया।

आरपीएफ ने वीडियो कॉल के माध्यम से महिला यात्री मंदिरा मंडल से आरोपी और बरामद सामान की पहचान कराई। चलती ट्रेन से कूदने के दौरान आरोपी घायल हो गया था, जिसके बाद उसका इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। बाद में पीड़िता मंदिरा मंडल, जो कानपुर निवासी बताई गई हैं, रफीगंज पोस्ट पहुंचीं और बरामद सामान की पहचान की। तलाशी के दौरान ट्रॉली बैग से एक जोड़ी चूड़ी, दो जोड़ी कंगन, आर्टिफिशियल माला और कॉस्मेटिक सामान बरामद हुआ। महिला द्वारा बताए गए सोने के कंगन की जांच स्थानीय सोनार से कराई गई, जिसमें वह नकली पाए गए। इस मामले में महिला यात्री के आवेदन पर जीआरपी सोननगर थाना में कांड संख्या 21/2026 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अष्टभुजी महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ पर होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**



बारुण प्रखंड के पिपरा पंचायत स्थित अष्टभुजी धाम में अष्टभुजी महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती तथा भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। गौरतलब है कि अष्टभुजी महोत्सव का आयोजन पहली बार 12 मई 2025 को किया गया था। पहली ही बार में इस महोत्सव को क्षेत्रवासियों का व्यापक समर्थन और अपार प्रेम मिला। महोत्सव की लोकप्रियता को देखते हुए मात्र चार महीने के भीतर ही बिहार सरकार ने इसे सरकारी कैलेंडर में शामिल कर लिया था। आज अष्टभुजी महोत्सव पिपरा पंचायत ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुका है। हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दरबार में पूजा-अर्चना करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रथम वर्षगांठ समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को सजाने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। आयोजकों का कहना है कि यह महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने का कार्य कर रहा है।

# अरनी मंथन से प्रज्वलित हुई यज्ञाग्नि, देवी पोखर शक्तिधाम में श्री श्री 108 रुद्रचंडी महायज्ञ शुरू

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर के जयप्रकाश नगर स्थित देवी पोखर शक्तिधाम में अरनी मंथन से यज्ञाग्नि प्रज्वलित होने के साथ ही श्री श्री 108 रुद्रचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच आरंभ हुए इस महायज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा है। यज्ञ मंडप से उठ रही वैदिक ध्वनियों और मंत्रों की गूंज से आसपास का माहौल पूरी तरह धर्ममय बना हुआ है। महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तजन पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर आध्यात्मिक अनुभूति कर रहे हैं। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या समय यज्ञाचार्य राकेश जी महाराज द्वारा धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रवचन किया जा रहा है। उनके प्रवचन को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु भावविभोर होकर सनातन धर्म, वेद और भारतीय संस्कृति से जुड़े उपदेशों का श्रवण कर रहे हैं।

प्रवचन के दौरान यज्ञाचार्य ने सनातन धर्म में यज्ञ की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सृष्टि के आरंभ से ही ऋषि-मुनियों ने यज्ञ के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और चेतना का संचार किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमद्भागवत गीता में बताए गए यज्ञ के महत्व का उल्लेख करते हुए "अन्नाद्भवन्ति भूतानि" श्लोक की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से और वर्षा यज्ञ से होती है। शास्त्रों में अनेक प्रकार के यज्ञों का वर्णन है, लेकिन रुद्रचंडी महायज्ञ का विशेष महत्व माना गया है। यज्ञाचार्य ने बताया कि इस महायज्ञ से सुख, शांति, समृद्धि और जीवन की बाधाओं से मुक्ति प्राप्त होती है। प्रतिदिन प्रातःकाल दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से हवन कर मां भगवती की आराधना की जा रही है, जबकि अपराह्न में रुद्राष्टाध्यायी के माध्यम से भगवान शिव को प्रसन्न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिव और शक्ति की कृपा से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट पांच महिलाओं समेत छह घायल

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




जिले के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत कसौटिया गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक बुजुर्ग महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों में एक पक्ष से गंगिया कुंवर, राजेंद्र मेहता, उनकी पत्नी बिंदु देवी, महेंद्र मेहता, उनकी पत्नी मीना देवी तथा लालमोहन मेहता की पत्नी नीलम देवी शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से राजकुमार मेहता की पत्नी फूल कुमारी के घायल होने की भी जानकारी मिली है। घायल राजेंद्र मेहता ने बताया कि गांव में करीब तीन डिसमिल जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार को सरकारी अमीन द्वारा जमीन की नापी कराई गई थी, जिसमें विवादित जमीन उनके पक्ष में बताई गई। आरोप है कि नापी के लगभग एक घंटे बाद प्रहलाद मेहता, वकील मेहता और रंजीत मेहता समेत अन्य लोग लाठी-डंडा लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ भी बेरहमी से मारपीट की, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया।

मामले को लेकर माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि गोतिया के बीच जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के कुटुंबा पुलिस ने थानाक्षेत्र के तमसी नहर के पास से एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से साढ़े चार लीटर देशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस को तमसी नहर के पास शराब तस्करी की पुख्ता सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई और उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 4.5 लीटर देशी टनाका शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बिशनपुर निवासी वकील पासवान के रूप में हुई है।



# अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर शब्दवीणा सृजन त्रिविधा में हुआ वर्चुअल कवि सम्मेलन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम "शब्दवीणा सृजन त्रिविधा" के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर विशेष वर्चुअल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के देवघर से आमंत्रित कवि बबन बदिया, कवयित्री सोनाली भारती और कवयित्री सोनम झा ने माँ, मातृत्व, प्रकृति, घर, मातृभूमि तथा समसामयिक विषयों पर आधारित भावपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने साहित्य, संगीत और समस्त कलाओं की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदे को समर्पित स्वरचित सरस्वती वंदना "ज्ञान दे, सुर तान दे, माँ शारदे वरदान दे" की सुमधुर प्रस्तुति से किया। कार्यक्रम का संचालन हरियाणा की कवयित्री एवं शब्दवीणा सृजन त्रिविधा प्रभारी कीर्ति यादव ने किया। उन्होंने मंचासीन रचनाकारों का साहित्यिक परिचय देते हुए उनका स्वागत किया।

अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर देवघर जिला कोषाध्यक्ष कवि बबन बदिया ने अपनी रचना "माँ की डाँट आरती है, माँ का चाँटा जीवन का सारथी है, माँ खुशबू है, माँ इत्र है, माँ शब्द संसार में सबसे पवित्र है" प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब सराहना प्राप्त की। उन्होंने अपने गीत "मैं परेशान हूँ तेरी जिद से बहुत" के माध्यम से संयुक्त परिवारों के विखंडन पर चिंता भी व्यक्त की।

देवघर जिला अध्यक्ष कवयित्री सोनाली भारती ने शब्दवीणा के ऑनलाइन कार्यक्रमों को घरेलू जिम्मेदारियों में व्यस्त महिला रचनाकारों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रश्नात्मक शैली में "माँ की महत्ता" पर आधारित कविता प्रस्तुत करते हुए कहा, "माँ तुम्हारा नाम लिखूं मैं कैसे, और कैसे सिर्फ एक दिन? है कौन-सा वह क्षण, वह दिन, जो गुजरता है तुम्हारे बिन?" कवयित्री सोनम झा ने माँ प्रकृति को समर्पित रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि "जिसे प्रकृति कहते हैं, वह उपभोग की वस्तु नहीं, वह माँ है, माँ प्रकृति।" उन्होंने "पराठे की दुनिया से अलग माँ" कविता के माध्यम से आधुनिक समय की उस माँ की संवेदनाओं को उकेरा, जो रसोई की सीमाओं से बाहर निकलकर अपनी पहचान बनाना चाहती है। उन्होंने जेनरेशन-जी के बच्चों की प्रगतिशील सोच को दर्शाती गद्य शैली की कविता भी प्रस्तुत की, जिसमें एक बेटे का संवाद था—"माँ, मैं नहीं चाहता कि आप सिर्फ पराठे बनाओ, आप लिखो और बहुत लिखो।"

कार्यक्रम संचालिका कीर्ति यादव ने भगवान श्रीराम पर आधारित गीत "मेरे हृदय में राम, मन मंदिर में राम रे, मेरी धड़कन में उनका ही धाम रे" की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा माँ को समर्पित मुक्तक एवं शांति पाठ के साथ हुआ। उन्होंने अपनी रचना "जगत-जननी, समूचे विश्व का आधार होती माँ, तपस्या, प्रेम, ममता, स्नेह का आगार होती माँ" के माध्यम से मातृशक्ति को नमन किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शब्दवीणा के केंद्रीय पेज से किया गया। इस दौरान महावीर सिंह वीर, डॉ. विजय शंकर, सुरेश गुप्ता, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, सुरेश विद्यार्थी, पी.के. मोहन, अजय कुमार, सुनीर कुमार सिन्हा, विनोद बरबिगहिया और उचित लाल मंडल समेत कई साहित्य प्रेमियों ने कार्यक्रम से जुड़कर रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया।